आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

खलिहान हड़प कांड: राजधानी लखनऊ में ज़मीन पर माफिया...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

(वेब संस्करण)

सोमवार 02 जून, 2025 | पेज: 14 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 228 | www.janexpresslive.com/epaper



नासिक में अगले वर्ष 31 अक्तूबर से... 12

## उपराष्ट्रपति बोले, अहिल्याबाई की सोच योगी में आई, जो काम करके दिखाए, वो आसान नहीं थे

# यूपी में पहले माफिया पलते थे: योगी

■ अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर आगरा में भव्य आयोजन, सीएम योगी और उपराष्ट्रपति धनखड़ हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। आगरा

रविवार को आगरा में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में लगभग 15 हजार लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। दोपहर 2 बजे जीआईसी मैदान में कार्यक्रम का शुभारंभ सीएम योगी और उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दीप प्रज्वलन कर किया। इससे पहले दोपहर 1.20 बजे उपराष्ट्रपति खेरिया एयरपोर्ट पहुंचे, जहाँ सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति को 12 किलो वज़न की अष्टधातु से निर्मित अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति भेंट की गई। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और महाराष्ट्र विधानसभा के सभापति प्रो. राम शंकर राव भी इस अवसर पर मौजूद रहे।



### सीएम योगी ने कहा, अब लोकमाता के नाम पर होंगे विकास कार्य



मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने कहा, एक समय उत्तर प्रदेश में माफियाओं को संरक्षण दिया जाता था, कानून व्यवस्था को चुनौती दी जाती थी और लोकमाता के नाम पर बने संस्थानों के नाम बदल दिए जाते थे। आज डबल इंजन की सरकार औरैया में मेडिकल कॉलेज का नाम लोकमाता के नाम पर कर रही है। आगरा में भी लोकमाता के नाम से कोई बड़ा कार्य होगा।卐 उन्होंने पाकिस्तान पर सख्त रुख की चर्चा करते हुए कहा, आज भारत आतंक का जवाब सीमा पार जाकर देता है। यह सब महारानी अहिल्याबाई की प्रेरणा की ही कड़ी है, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की मिसाल कायम की। कार्यक्रम स्थल जीआईसी मैदान में 15 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। गर्मी को देखते हुए हर ब्लॉक में कूलर लगाए गए और छांव के लिए बड़े टेंट लगाए गए।

### अहिल्याबाई की सोच सीएम योगी में दिखती है: धनखड़



अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ की ताकत का उदाहरण दुनिया ने महाकुंभ में देखा। अहिल्याबाई की प्रेरणा अब योगी जी के कार्यों में परिलक्षित होती है। जो कार्य उन्होंने करके दिखाए हैं, वे आसान नहीं थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार किया। पीढ़ियाँ उन्हें याद रखेंगी।

### अहिल्याबाई होल्कर कौन थीं?

अहिल्याबाई होल्कर 18वीं सदी में मालवा साम्राज्य की महारानी थीं, जो मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के हिस्सों में फैला था। मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने मंदिरों को नष्ट किया, तब अहिल्याबाई ने देशभर में मंदिरों के पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य कराया। उनका जीवन न्याग, सेवा और धर्म-संरक्षण की मिसाल है।

### भारत ने पाक में घुसकर मारा, ये सब महारानी की प्रेरणा: सीएम योगी

- योगी ने कहा- याद करिए, उत्तर प्रदेश के अंदर एक लोग थे, जो बड़े-बड़े माफियाओं को पालते थे। कानून व्यवस्था के लिए संकट खड़ा करते थे। तमाम लोगों की सुरक्षा में सेंध लगवाते थे। लोकमाता के नाम पर बने डिग्री कॉलेज का नाम बदल देते थे। आज डबल इंजन की सरकार औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम लोकमाता के नाम पर करती है। आगरा में भी लोकमाता के नाम समर्पित कुछ बड़ा काम होगा।
- योगी ने कहा- काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण, केदारपुरी और बदरीपुरी का पुनरोद्धार उन्हीं की प्रेरणा की कड़ी है। सुरक्षा कैसी होनी चाहिए, ये लोकमाता ने 300 साल पहले आन्म रक्षा के गुर सिखाए थे। आज जब पाकिस्तान आतंकवाद को पालता है और भारत अंदर घुसकर मारता है। पीएम मोदी के नेतृन्व में भारत के बहादुर जवानों ने पाक के एयर डिफेंस सिस्टम को नष्ट कर दिया, ये सब महारानी की प्रेरणा की ही कड़ी है।
- योगी ने कहा- पाल-बघेल समाज से जुड़े उपस्थित मेरे सभी भाइयों-बहनों आपका हार्दिक स्वागत है। अपने राष्ट्रनायकों के प्रति हमारा उत्तरदायिन्व क्या बनता है? महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने मुगलों द्वारा नष्ट किए गए मंदिरों की दोबारा स्थापना किया। ये समारोह लोकमाता की 300वीं जयंती का है। लोकमाता ने महिला सशक्तिकरण, किसान, युवाओं, हस्तशिल्पियों, सुरक्षा और भारत की विरासत को बचाने के लिए जो काम किया, उसे भूला नहीं जा सकता। उन्होंने इसके लिए राजकोष से पैसा नहीं खर्चा किया। इसका पैसा उन्होंने खुद की संपत्ति से अर्जित धन से पुरी, गया, केदारनाथ, काशी, महाकाल, ओंकारेश्वर, महाकाल मंदिरों के लिए पुनरुद्धार किया था। उनकी ये काम आज डबल इंजन सरकार को भी प्रेरित कर रही है।

### धनखड़ ने कहा, यूपी में बने ब्रह्मोस की गूंज दुश्मन के कानों में गूंजती रहेगी

उपराष्ट्रपति ने कहा- मैं भारतीय सेना के पराक्रम को भी याद करना चाहूंगा। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हमारे दुश्मनों ने कायरता दिखाई। मैं कहना चाहूंगा कि यूपी की भूमि पर बने ब्रह्मोस की गूंज दुश्मन के कानों में गूंजती रहेगी। हमने दुश्मन के घर में घुसकर उन्हें ध्वस्त किया। हमारी सेना ने दुश्मन को लोहे के चने चबाने पर मजबूर किया। भारतीय सेना ने संदेश किया कि भारत अब बदल गया है। जो हम पर हाथ डालेगा, उसको पूरी तरह से नष्ट करेंगे। यही सीख अहिल्याबाई होल्कर की थी। कहा- मैं किसान परिवार से आता हूं। अहिल्याबाई भी किसान परिवार से थीं। न्यायप्रिय थीं, उनके मापदंड सराहनीय है। एक बात लोगों को कम पता है, नारी सशक्तिकरण के लिए अहिल्याबाई ने अपनी सेना में महिलाओं की एक टुकड़ी बनाई थी। उनकी आन्मा कितनी प्रसन्न होगी कि भारतीय सेना में भी महिलाओं को बड़ा स्थान मिला। आज उत्तर प्रदेश का मतलब है, सुशासन, कानून का राज। ये योगीजी ने करके दिखाया।

### जो हम पर हाथ डालेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं

उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई धनगर थी, मैं धनगढ़ हूं। जो हम पर हाथ डालेगा, उसे छोड़ेंगे नहीं। यही सीख लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने दी है। आज का दिन प्रेरणा का है, उस कठिन समय में लोकमाता अहिल्याबाई ने मंदिर बनवाए। सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, रामेश्वरम...न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से बने। यूपी के मुख्यमंत्री ने आज किया।

### यूपी के मुख्यमंत्री बहुत दूरदर्शी: उपराष्ट्रपति

कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा- यूपी के मुख्यमंत्री बहुत दूरदर्शी हैं, काम में विश्वास रखते हैं। दिसंबर, 2021 में मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ में आदि शंकराचार्य और अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया था। वो साधुवाद के पात्र हैं। आज उन्होंने घोषणा भी क्या की...यूपी में 7 जगह पर काम करने वाली महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाएंगे। वो भी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर।

### 300 वर्ष पहले सिखाए आत्मरक्षा के गुर

मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने कहा कि लोकमाता ने 300 वर्ष पहले ही अपने साम्राज्य के माध्यम से आन्मरक्षा के गुर सिखा दिए थे। अब ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में घुसकर न सिर्फ उनके एयर डिफेंस को नष्ट किया बल्कि हवाई अड्डों को भी तहस-नहस कर दिया, जिससे दुश्मन झुकने पर मजबूर हो गया। भारत ने ये आन्मरक्षा के गुर काफी पहले ही सीख लिए थे।



### लोग नाम का संगठन बनेगा

समारोह में केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि अहिल्या के लोग नाम का राष्ट्रीय संगठन बनेगा। ये संगठन सामूहिक विवाह, मेधावियों की पढ़ाई में सहयोग करेगा।

### प्रदेश में बन रहे सात हॉस्टल

लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर प्रदेश में सात जगह कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने कहा कि जल्द ही आगरा में बड़ा कार्यक्रम होगा, जिसमें अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर कई घोषणाएं होंगी।

---

हरदोई के कोथांवा ब्लॉक की सीएचसी से महज 500 मीटर दूर स्थित सेवा अस्पताल से लाया गया था मासूम प्रांजल

# न्यू वेदांता अस्पताल लखनऊ में ऑपरेशन टेबल से सीधे मौत की गोद में समा गया मासूम प्रांजल

**इलाज के नाम पर खुली लापरवाही की पोल, परिजनों का फूटा गुस्सा, स्वास्थ्य विभाग पर भी उठे सवाल**

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

निजी अस्पतालों की मनमानी और स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी ने एक मासूम की जान ले ली। शुक्रवार को लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित न्यू वेदांता हॉस्पिटल में ऑपरेशन के कुछ ही देर बाद पांच वर्षीय बालक प्रांजल की मौत हो गई। मृतक के परिजन डॉक्टरों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगा रहे हैं। मासूम की मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरदोई जनपद के चहलइय्या गांव निवासी बैजनाथ का बेटा प्रांजल सीने में फोड़े की शिकायत से पीड़ित था। बैजनाथ ने इलाज के लिए उसे कोथांवा ब्लॉक की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित सेवा अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल संचालक ने ऑपरेशन की सलाह दी और करीब 6,000 रुपये जमा करवाए।




न्यू वेदांता हास्पिटल दुबग्गा, लखनऊ



### इलाज के बहाने लखनऊ खींच लाया गया परिवार

परिजनों के अनुसार, सेवा अस्पताल के संचालक ने कहा कि ऑपरेशन के लिए डॉक्टर लखनऊ से आएंगे, लेकिन फिर खुद ही अपनी निजी कार से बच्चे को लखनऊ के न्यू वेदांता हॉस्पिटल ले गया। वहां बच्चे को ऑपरेशन थियेटर में करीब दो घंटे तक रखा गया। जब पिता बैजनाथ को संदेह हुआ और वे दरवाजा खोल अस्पताल गेट की ओर भागे तो देखा कि मासूम का पूरा शरीर पीला पड़ चुका था ६ प्रांजल इस दुनिया को छोड़ चुका था।

### पुलिस जांच में जुटी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

घटना की जानकारी मिलते ही दुबग्गा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

### 'गांठ का इलाज कराने निकले थे, मौत का पैगाम मिला'

प्रांजल के दादा शिवकुमार मौर्य ने जन एक्सप्रेस को बताया, हम गांव से बेटे के इलाज के लिए लखनऊ आए थे, सोचा शहर में इलाज बेहतर होगा। लेकिन किसे पता था कि ऑपरेशन टेबल से बच्चा कभी बाहर नहीं लौटेगा। डॉक्टरों ने जो किया है, वो हन्या है और इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### सवालों के घेरे में स्वास्थ्य महकमा

- अब सवाल उठता है - क्या सीएमओ लखनऊ की जिम्मेदारी सिर्फ पंजीकरण तक सीमित है? क्या ये सच नहीं कि निजी अस्पतालों का नेटवर्क अब एक मुनाफाखोर तंत्र में तब्दील हो चुका है, जो गरीबों की मजबूरी का खुलेआम फायदा उठा रहा है?
- क्या सीएमओ को जानकारी नहीं कि सेवा हॉस्पिटल जैसे संस्थान अन्य जनपदों से मरीज खींचकर मोटी रकम ऐंठ रहे हैं?
- अगर जानकारी है, तो कार्रवाई क्यों नहीं? और अगर नहीं है तो सीएमओ कुर्सी पर क्यों?



### जन एक्सप्रेस यह मांग करता है कि..

- न्यू वेदांता हॉस्पिटल और सेवा हॉस्पिटल की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।
- दोषी डॉक्टरों और अस्पताल संचालकों पर गैर इरादतन हन्या का मुकदमा दर्ज हो।
- प्रदेश के सभी निजी अस्पतालों के पंजीकरण और संचालन की गहन समीक्षा की जाए।
- स्वास्थ्य विभाग की भूमिका की विधानसभा में चर्चा हो।



### अंत में एक मासूम सवाल

- क्या एक पांच साल के मासूम की मौत का जवाब कोई देगा? या फिर एक और गरीब परिवार न्याय के लिए भटकता रहेगा, और प्रांजल जैसे नन्हें सपने यूँ ही अस्पतालों की लापरवाही में दम तोड़ते रहेंगे?
- न्याय दो... इंसाफ दो... मेरे बेटे को मरा नहीं, मारा गया है - बैजनाथ, बिलखते हुए।
- यह खबर जन एक्सप्रेस की विशेष रिपोर्ट है। अगर आपके पास भी किसी अस्पताल, संस्थान या सरकारी तंत्र की लापरवाही की सच्चाई है, तो हमसे साझा करें। आपकी आवाज बनेगा जन एक्सप्रेस।



सेवा हास्पिटल कोथांवा, हरदोई

---

# पत्रकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ खबर छापी, झूठे मुकदमे से परेशान होकर पत्नी संग खाया जहर

**पीलीभीत में पत्रकार इसरार की हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती, सिस्टम पर गंभीर सवाल**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में एक ईमानदार पत्रकार की आवाज को दबाने की कोशिश में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ खबर छापने पर झूठे मुकदमे से परेशान होकर स्थानीय पत्रकार इसरार अहमद ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर जहर खा लिया। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है।

### सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की पोल खोलने की थी सजा

पीलीभीत के निवासी और लंबे समय से पत्रकारिता से जुड़े इसरार ने हाल ही में एक सड़क निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए समाचार प्रकाशित किया था। खबर में ठेकेदार और निर्माण विभाग की लापरवाही व मिलीभगत को विस्तार से दिखाया गया था। इसके बाद, इसरार का आरोप है कि उन्हें लगातार धमकियां मिलने लगीं और अधिकारियों की मिलीभगत से उन पर रंगदारी मांगने व गाली-गलौज करने जैसे झूठे आरोपों में मुकदमा दर्ज कर दिया गया।



### सच दिखाने की सजा मिली है

जहर खाने से पहले इसरार ने अपने बयान में कहा, मैंने ईमानदारी से पत्रकारिता की, सच्चाई छापी। लेकिन जवाब में मुझे ही आरोपी बना दिया गया। मैंने किसी से कोई पैसा नहीं मांगा। सिस्टम ने हमें जीने नहीं दिया। उनकी पत्नी भी मानसिक तनाव में थीं और अपने पति की बेइज्जती व परेशानी को लेकर काफी दिनों से व्यथित थीं।

### पत्रकार संगठनों में आक्रोश

घटना के बाद पत्रकारों में भारी आक्रोश है। जिले भर के पत्रकारों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। कई पत्रकार संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### प्रशासन का पक्ष

पीलीभीत के पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। एसपी ने बयान जारी कर कहा है कि यदि आरोप झूठे पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। हालाँकि, अब तक संबंधित ठेकेदार या अधिकारियों पर कोई स्पष्ट कार्रवाई की सूचना नहीं मिली है।

### प्रेस की स्वतंत्रता पर सवाल

यह घटना एक बार फिर उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। सवाल यह है कि अगर एक पत्रकार को सच छापने की कीमत अपनी जान जोखिम में डालकर चुकानी पड़े, तो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की स्थिति कितनी भयावह हो चुकी है?

### पाकिस्तानी जासूस: एटीएस की कार्रवाई के बाद शहजाद के घर एनआईए का छापा

जन एक्सप्रेस। रामपुर। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में मुरादाबाद से गिरफ्तार किए गए शहजाद के टांडा स्थित घर पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छापा मारा। आज़ाद नगर मोहल्ले में हुई इस कार्रवाई के दौरान एनआईए टीम के साथ स्थानीय पुलिस और एसडीएम भी मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। टांडा के आजाद नगर निवासी शहजाद को पिछले दिनों मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया था। पिछले दिनों एटीएस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लखनऊ में पूछताछ की थी। एटीएस द्वारा की गई पूछताछ के आधार पर एनआईए की टीम भी सक्रिय हो गई। एनआईए की टीम ने यहां पहुंचकर शहजाद के परिजनों से पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, एनआईए ने इस दौरान शहजाद के घर पर टीम द्वारा गहनता से जांच की। साथ ही उसकी संपत्ति से जुड़े कागजातों की भी गहराई से पड़ताल की।

---

# हरिद्वार में साध्वी ऋतंभरा के 'वात्सल्य गंगा आश्रय' का भव्य लोकार्पण

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया संयुक्त उद्घाटन

■ सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए उत्तराखंड सरकार कटिबद्ध, करेंगे हरसंभव प्रयास: सीएम धामी

■ साध्वी ऋतंभरा को पद्म भूषण सम्मान, संत परंपरा बढ़ा गौरव - रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड

**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार की उपनगरी कनखल में नवनिर्मित वात्सल्य गंगा आश्रय का लोकार्पण एक भव्य समारोह में किया गया। पद्म भूषण सम्मानित साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित इस आश्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में देशभर से पधारे अनेक संत-महंत, महामंडलेश्वर और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता (छ्ष्ट) लागू की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लव जिहाद, थूक जिहाद, लैंड जिहाद जैसे कुत्सित प्रयासों पर कठोर कार्रवाई की है। उन्होंने संत समाज को आश्वस्त करते हुए कहा देवभूमि उत्तराखंड की सनातन संस्कृति और धर्म परंपराओं पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। जो भी करना होगा, हम करेंगे। यह सब संतों के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।



### दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी साध्वी ऋतंभरा को बधाई कहा, यह संत परंपरा का सम्मान

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में साध्वी ऋतंभरा को पद्म भूषण सज्मान मिलने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह समस्त संत परंपरा और सनातन संस्कृति का सज्मान है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि पहले सरकारें चेहरा देखकर पुरस्कार देती थीं, अब काम और व्यक्तिन्व देखकर सज्मान दिया जाता है।मुख्यमंत्री गुप्ता ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार के 100 दिन पूरे होने के शुभ अवसर पर उन्हें मां गंगा में डुबकी लगाने और संतों का आशीर्वाद लेने का सौभाप्य प्राप्त हुआ, इसके लिए उन्होंने मां गंगा, संत समाज और देवभूमि उत्तराखंड का आभार व्यक्त किया।

### स्वामी परमहंस परमानंद महाराज की अध्यक्षता, संत समाज की विशिष्ट उपस्थिति

इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता परमहंस स्वामी परमानंद जी महाराज ने की, जबकि मंच संचालन महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद जी महाराज ने किया। इस अवसर पर पतंजलि के आचार्य बालकृष्ण, महानिर्वाणी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती, श्रीमहंत रविंद्र पुरी, महामंडलेश्वर यमुना पुरी, महामंडलेश्वर संतोषी माता, महामंडलेश्वर मैत्री गिरी, साध्वी अन्नपूर्णा पुरी, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, मेयर किरण जैसल, डा. विशाल गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# फड़ों में नहीं पहुंच रहा तेंदूपत्ता सरकार के खजाने को पहुंच रही क्षति

## वन निगम द्वारा नहीं की जा रही छापेमार कार्यवाही, तस्कर हुए सक्रिय

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

वन निगम की उदासीनता से विभाग को चूना लगना तय है। क्योंकि जंगलों से तेंदू पत्ता तो बड़ी मात्रा टूट रहा है लेकिन वह पत्ता वन निगम की फड़ो तक नहीं पहुंच रहा। इससे सीधे तौर पर राजस्व को क्षति पहुंच रही है। तेंदू पत्ता संग्राहक उन पत्तों को सुखाकर अपने घरों में रख लिया है,इन्हीं पत्तों को अच्छे खासे दामों में तस्करों को बेंच देंगे। इसकी जानकारी वन निगम को होने के बावजूद छापेमारी नहीं की जा रही है। मानिकपुर तहसील के पाठा क्षेत्र में तेंदू पत्ते का तोड़ान अंतिम चरण पर है, फिर भी लक्ष्य में बहुत पीछे है। वन निगम तक पत्ता न पहुंचने का सबसे बड़ा कारण है श्रमिकों ने अपने घरों में पत्ता छिपाकर रख लिया है। जबकि इस वर्ष जंगलों में तेंदू पत्ता की स्थिति बीते वर्ष की तुलना में अच्छी थी। पेड़ों पर पत्तों की भरमार थी। वह पत्ता टूट भी गया लेकिन वन निगम द्वारा लगाई गई फडों ( संग्रहण केंद्र) तक नहीं पहुंच पाया पाया है। ऐसे में विभाग को भारी घाटे की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।



**वन निगम द्वारा नहीं की जा रही छापेमारी**

फडों तक पत्ता न पहुंचने से वन निगम लक्ष्य से बहुत पीछे है। वन निगम की सरपरस्ती के चलते पत्ता फड़ में नहीं पहुंच रहा है। इतनी सब जानकारी होने के बाद भी वन निगम छापेमारी और जब्ती की कार्यवाही नहीं कर रहा है। मानिकपुर तहसील के मारकुंडी, टिकरिया, मनगवां, इंटवा डुडैला, चूरेह कसेरुआ, गढ़चपा, ददरी माफी, रुक्मा, मड़ैयन,बहिलपुरवा, सेमरदहा आदि गावों में अभी भी भारी मात्रा में तेंदू पत्ता चुरा कर लिया गया है।

### तेंदू पत्ता तस्कर हुए सक्रिय

तेंदू पत्ता तस्कर पूरी तरह सक्रिय हो गये है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्रमिकों को प्रलोभन देकर चोरी छिपे तेंदू पत्ता को घर में रखे रहने की सलाह दे रहे है। श्रमिकों से उनका पत्ता अधिक दामों में खरीदने का लालच देकर वन निगम की फड़ो में पत्ता न ले जाने की सलाह दे रहे हैं। जैसे ही वन निगम द्वारा तेंदू पत्ते द्वारा तोड़ान बंद कर दिए जाएगा वैसे ही तेंदू पत्ता तस्करी का खेल शुरू जाएगा। पिकअप डग्गामार माल वाहक वाहनों द्वारा तेंदू पत्ते को अवैध तरीके मध्य प्रदेश ले जाएंगे। लेकिन वन निगम कुछ भी नहीं कर पाएगा।

### बहिलपुरवा क्षेत्र में बड़ी मात्रा में छिपाकर रखा गया तेंदूपत्ता

बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के गावों में पानी भारी मात्रा में चोरी का तेंदू पत्ते को छिपाकर रख लिया गया है। वन निगम को इसकी जानकारी होने बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। अगर विभाग द्वारा छापेमार कार्यवाही की जाए तो बड़ी चोरी पकड़ी की जा सकती है। तस्करों का इशारा मिलते ही श्रमिक उन्हें चोरी के पत्तों को अधिक दामों में बेचेंगे। तस्कर स्थानीय पुलिस से सांठगांठ कर खुलेआम हरे सोने की तस्करी को अंजाम देंगे।

& आज मैं ज्वाइंट कार्यवाही में बहिलपुरवा क्षेत्र गया था। जहां पर लोगों को मोटिवेट किया गया है। कुछ घरों से पत्ता निकलवाकर उनका तुरंत भुगतान भी किया गया है। इस दौरान वन निगम के लोग ठेकेदार भी मौजूद थे। आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी।

**राजीव रंजन सिंह,**
एसडीओ वन विभाग

& गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष हम अधिक कार्यवाही कर रहे हैं। श्रमिकों को शांतिपूर्ण समझाने के साथ छापेमार कार्यवाही भी की जा रही है। अगर नहीं मानेंगे तो विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। लगातार छापामार कार्यवाही जारी है।

**हरिकेश गौतम,**
डीएलएम चित्रकूट

## नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से बिक रहे बिना मानक शीतल पेय पदार्थ

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रहे पदार्थ, कोई कार्यवाही नहीं

## खाद्य विभाग बना अंजान, एक बार भी नहीं लिए गए सैंपल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गर्मी की दस्तक के साथ ही ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में नियमों को ताक में रखकर बने बिना मानक के ठंडे पेय पदार्थ बिक रहे हैं। गली मोहल्ले में जूस व ठंडा के नाम पर इन पेय पदार्थों की स्टालें सजी हुई हैं। इन पेय पदार्थ का सेवन करने से लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके निर्माण का कोई तय मानक तक नहीं है। इतना कुछ होने के बाद भी जिम्मेदार विभाग उदासीन बना हुआ है शहर की कच्ची व पिछड़ी बस्तियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में या ठंडे पेय पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहे हैं। जो विभिन्न ब्रांड के नाम पर पेय पदार्थ बिक रहे हैं। जिनमें पैकिंग एक्सपायरी कुछ भी नहीं पड़ा होता है। इनमें पाई जाने वाली सैकरीन से खास कर बच्चे बीमार हो जाते हैं, लेकिन लोग इनके दुष्प्रभाव से बिल्कुल अनभिज्ञ हैं। गर्मी शुरू होते ही यह शुरू होते हैं जो बरसात होने पर चलते रहते हैं। इन दिनों मानिकपुर, कर्बी, राजापुर, मऊ, रामनगर, पहाड़ी आदि के कस्बों व ग्रामीण इलाकों जमकर इनकी बिक्री की जा रही है। फिर भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग आंखों में पट्टी बांध कर बैठा हुआ है।



**सस्ता होने से ग्रामीण बच्चे करते हैं सेवन**

लोगों का कहना है कि यह पेय पदार्थ 2 से 5 रुपए तक में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। ऐसे में कच्ची और पिछड़ी बस्तियों में बच्चों तक आसानी से पहुंच जाता है। स्टॉल संचालक भी मुनाफे के लिए इन पदार्थों को बेचने से जरा भी परहेज नहीं करते। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र की आदिवासी और पिछड़ी बस्तियों में बच्चे बड़े चाव से इनका सेवन करते हैं। उनको यह नहीं मालूम कि हमारे स्वास्थ्य के लिए यह पेय पदार्थ कितना घातक है।

**सैकरीन होता है स्वास्थ्य के लिए घातक**

जानकारों का कहना है कि यह पेय पदार्थ सैकरीन से बनते हैं। पानी, कलर, सैकरीन व शक्कर को मिलाकर इसे तैयार करते हैं इनमें स्वछता का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। साथ ही क्वालिटी भी नहीं होती। इन्हें मिक्स कर घोल बनाकर प्लास्टिक में पैक कर बाजार में बिक्री के लिए भेज देते हैं। न इनमें पैकिंग नाही एक्सपायरी की कोई डेट डाली जाती है। सैकरीन की मात्रा अधिक होने से इन पदार्थों में खट्टाई बढ़ जाती है। फ्रिज में ठंडा होने से यह पेय पदार्थ बच्चों के गले को जकड़ देते हैं, और बच्चे बीमार पड़ जाते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इन पेय पदार्थों पर मानक का कोई फार्मूला तय नहीं है।

# आईपीएस अफसर से डीजीपी बनने का सफर

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

यूपी पुलिस के नए मुखिया वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण की बतौर पुलिस महानिदेशक तैनाती प्रयागराज के लोगों के लिए भी एक गौरवपूर्ण क्षण है। क्योंकि, आईपीएस के लिए चयनित होने से राज्य के सबसे ऊंचे पुलिस पद तक पहुंचने का उनका सफर प्रयागराज से ही शुरू हुआ था। यूपी पुलिस के नए मुखिया वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण की बतौर पुलिस महानिदेशक तैनाती प्रयागराज के लोगों के लिए भी एक गौरवपूर्ण क्षण है। क्योंकि, आईपीएस के लिए चयनित होने से राज्य के सबसे ऊंचे पुलिस पद तक पहुंचने का उनका सफर प्रयागराज से ही शुरू हुआ था। पुलिसिंग के बुनियादी गुर उन्होंने यहीं से सीखे। इसके बाद फिर आगे बढ़े तो मुड़कर नहीं देखा और यूपी पुलिस के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। आईपीएस राजीव कृष्ण 1991 में आईपीएस के लिए चयनित हुए। 15 सितंबर 1991 को उनकी पुलिस विभाग में ज्वाइनिंग हुई। इसके बाद नवंबर 1992 में बतौर प्रोबेशनरी एएसपी पीटीसी मुरादाबाद में एक महीने के लिए तैनात रहे। पुलिस अफसर बनने का उनका वास्तविक सफर इसके बाद शुरू हुआ।

16 दिसंबर 1992 को उन्हें प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) में बतौर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी तैनाती मिली।

# उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग पर दो जून की रोटी के लिए महाधरना आज, प्रशासन ने कसी कमर

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग पर शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर धरने पर बैठे अभ्यर्थी दो जून की रोटी के लिए महाधरना सोमवार को होगा। इसके लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग पर शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर धरने पर बैठे अभ्यर्थी दो जून की रोटी के लिए महाधरना सोमवार को होगा। इसके लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। बेमियादी धरने पर बैठे अभ्यर्थियों को मनाने की तमाम कोशिशें नाकाम होने के बाद उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग की ओर से पुलिस आयुक्त व डीएम को पत्र भेजकर अभ्यर्थियों को वहां से किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की गई है। आयोग ने अभ्यर्थियों के आंदोलन के कारण गोपनीय कार्य में बाधा पहुंचने की आशंका व्यक्त की है।

# अवैध शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने तीन आरोपियों को 42 क्वार्टर देशी व 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस अभियान के तहत कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा व उनके हमराही आरक्षी अदनान ने आरोपी सोनू यादव निवासी खोह कोतवाली कर्वी को 22 क्वार्टर देशी शराब, चैकी प्रभारी खण्डेहा अनिल कुमार व उनके हमराही आरक्षीआरोपी सोनू यादव निवासी खोह कोतवाली कर्वी को 22 क्वार्टर देशी शराब, चैकी प्रभारी खण्डेहा अनिल कुमार व उनके हमराही आरक्षी गुड्डू यादव ने आरोपी ननका निवासी हनुमानगंज थाना रैपुरा को 20 क्वार्टर देशी शराब तथा कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक अनुभव शर्मा व उनके हमराही आरक्षी अनिकेत ने आरोपी बब्बूलाल निवासी भर्पुरा थाना पहाडी को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं पुण्यतिथि के अवसर नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी व कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त तत्वाधान में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही श्रद्धालुओं व आम जनमानस को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने बताया कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में सफाई का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। सफाई के साथ ही लोगों से प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करने की अपील की गई। साथ ही साथ ही शासन के निर्देशानुसार परिक्रमा मार्ग के समस्त दुकानदारों से कचरे को फेंकने के लिए डस्टबिन का प्रयोग करने को कहा गया। बताया कि यदि कोई परिक्रमा मार्ग में कचरा फेंकते हुए पाया जाएगा, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। बताया कि कामदगिरि परिक्रमा मार्ग में होने वाले भंडारों में थर्माकोल व प्लास्टिक के दोना, पत्तल व गिलास आदि पूर्णत प्रतिबंधित है। इसलिए पर्यावरण के अनुकूल पत्तों से बने दोना-पत्तलों का प्रयोग करें। स्वच्छ भारत मिशन के शिवा कुमार ने कहा कि घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को नगर पालिका द्वारा संचालित गाड़ियों में अलग-अलग दें। बताया कि प्रत्येक रविवार कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है। जिसमें कामदगिरि व परिक्रमा मार्ग को साफ-सुथरा रखने में सभी लोग सहयोग करें।

सफाई अभियान में जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, राजेंद्र पांडेय, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केशरवानी, सफाई नायक जानकी कुशवाह, वन विभाग के रासुक खान, आर्यन सिंह, जिला कंप्यूटर ऑपरेटर राम कुमार, सफाई कर्मचारी आदि ने श्रमदान किया।

# सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में किया गया तीन दिवसीय नेत्र चिकित्सा कार्यशाला का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

धर्मनगरी स्थित सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय में रविवार को राष्ट्रीय स्तर की तीन दिवसीय नेत्र चिकित्सा कार्यशाला 'सद्गुरु कॉन्क्लेव 2025-एक्यूटी' का आयोजन किया गया। जिसमें बाल नेत्र रोग, मोतियाबिंद एवं सामुदायिक नेत्र चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण नेत्र चिकित्सा के विषयों पर केंद्रित सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।




कार्यशाला में देशभर से आए 500 से अधिक नेत्र विशेषज्ञ, फैकल्टी, मेडिकल पीजी छात्र एवं नेत्र चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के सद्गुरु सर्जिकल स्किल ट्रांसफर सत्र में पीजी छात्रों को वेट लैब मशीन, हाई-एंड विट्रियो-रेटिना एवं कैटरैक्ट सिम्युलेटर के माध्यम से शल्य कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला में आल इण्डिया आपथाल्मोलॉजिकल सोसाइटी (एआईओएस) एवं मध्यप्रदेश स्टेट ऑफ्थल्मीक सोसाइटी (एमपीएसओएस) के तत्वावधान में पीजी रिफ्रेशर कोर्स का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारत के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय मेडिकल कॉलिजों के 120 से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सदगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा आयोजित यह कॉन्क्लेव नेत्र चिकित्सकों की सतत शिक्षा, कौशल उन्नयन एवं वैश्विक शोधों की जानकारी के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिसका लाभ सीधा रोगियों को मिलता है।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर सदगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा भारत की नेत्र चिकित्सा सेवा में योगदान देने वाले डॉक्टरों का विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ आरडी रविंद्रन, डॉ सुहास हल्दीपुरकर, प्रो जीवन एस टिटियाल व डॉ संतोष जी. होनावर को सद्गुरु ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड, डॉ प्रशांत के बावनकुले, डॉ दिनेश तलवार, डॉ गजेन्द्र चावला, प्रो यूसी तिवारी, प्रो एमके राठौर, प्रो पीसी द्विवेदी को सद्गुरु एक्सीलेंस अवार्ड, प्रो रोहित सक्सेना, डॉ संदीप बट्टन, डॉ शैलजा टिबरेवाल, डॉ जितेन्द्र एन जेठानी, डॉ मनोज सी माथुर सहित 25 से अधिक प्रतिष्ठित नेत्र विशेषज्ञों को सद्गुरु मेडल तथा डॉ शिल्पी नरनवरे, डॉ नवेंदु राय, डॉ मयूर मोरेकर, डॉ अमित मोहन, डॉ निशांत तिवारी सहित अनेक नवोदित विशेषज्ञों को सद्गुरु ऑनर्स से सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ रणजीत एच मणियार को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान प्रो जीवन एस टिटियाल ने ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं निदेशक डॉ बीके जैन को 'पद्मश्री' सम्मान प्राप्त करने पर बधाई दी और उनके 50 वर्षों की सेवा को मानवता के लिए प्रेरणास्पद बताया। उद्घाटन समारोह में बाल नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ प्रधन्या सेन, ऑर्बिट एवं ऑकुलोप्लास्टी विभागाध्यक्ष डॉ नरेंद्र पाटीदार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर सदगुरु ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं सीईओ डॉ इलेश जैन, रेटिना विभागाध्यक्ष एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ आलोक सेन, डॉ कुलदीप श्रीवास्तव, डॉ राजेश जोशी, डॉ गौतम सिंह परमार, डॉ आशीष बजाज, डॉ राकेश शाक्या, डॉ नवजोत सिंह अहलूवालिया आदि मौजूद रहे।

## संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार, मूल ढांचे में बदलाव का नहीं

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि जब भी देश ने संकट का सामना किया है, तो वह एकजुट और मजबूत रहा है और इसका श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को कहा कि न्यायपालिका का मौलिक कर्तव्य देश के उस आखिरी नागरिक तक पहुंचना है, जिसे न्याय की जरूरत है। विधायिका और कार्यपालिका का भी यही कर्तव्य है। सीजेआई ने पांच दशक पूर्व 13 जजों की पीठ की ओर से संसद की शक्ति को लेकर दिए गए ऐतिहासिक फैसले को मील का पत्थर करार दिया। कहा कि संसद को संविधान में संशोधन का अधिकार है और इसके लिए वह मौलिक अधिकारों में संशोधन कर सकती है, लेकिन उसके पास संविधान के मूल ढांचे में बदलाव करने का अधिकार नहीं है।

## जुआ खेलने वाले चार जुआरी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में सीतापुर चैकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम आरक्षी आशीष सिंह, शिवम, नागेश, अनुज यादव व रविशंकर ने आरोपी कर्वी कोतवाली अंतर्गत तरौंहा निवासी गोमान अतरौलिया, भरतपुर निवासी कुलदीप उर्फ छोटू, पडरी निवासी श्रीराम, चितरा व सीतापुर चैकी क्षेत्र के चितरागोकुलपुर निवासी सुनील रैकवार को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगद धनराशि व ताश के पत्ते बरामद किए है। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# रेलवे ट्रैक के पास से हटाया गया बोल्डर, आसपास के गांवों में हुई पूछताछ

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

दिल्ली-हावड़ा रूट के भीरपुर-मेजा रेलखंड पर तेजस राजधानी से बोल्डर टकराने के मामले में रेल प्रशासन ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। जिस स्थान पर तेजस राजधानी बोल्डर से टकराई थी। दिल्ली-हावड़ा रूट के भीरपुर-मेजा रेलखंड पर तेजस राजधानी से बोल्डर टकराने के मामले में रेल प्रशासन ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। जिस स्थान पर तेजस राजधानी बोल्डर से टकराई थी, वहां आसपास के गांवों में आरपीएफ ने शनिवार को पूछताछ की। साथ ही रेलवे की टीम ने रेल ट्रैक के किनारे रखे बोल्डर को वहीं पास में एक गड्ढे में डाल दिया। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल के सीनियर डीएससी विजय प्रकाश पंडित के निर्देश पर आरपीएफ ने कचरी गांव, देवरी कला, देहली भगेसर आदि गांवों में रहने वाले तमाम लोगों से बातचीत की। ऐसे लोगों के बारे में भी पूछा गया, जिनका कोई पुराना आपराधिक इतिहास है।

# दर्दनाक सड़क हादसे में पांच की मौत, आधा दर्जन घायल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

बैंड पार्टी को लेकर बारात में जा रही पिकअप और डीसीएम की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और आधा दर्जन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बल्हौरा गांव के निवासी चांदबाबू के बेटे मुन्ना की बारात रविवार को बांदा क्षेत्र के कांलिजर जानी थी। जिसमें बल्हौरा गांव का निवासी चालक रामू साहू (37) पुत्र बाबूलाल पिकअप में कुछ बारातियों और बैंड-बाजा वालों को लेकर दोहपर के समय गांव से बाहर निकल आया। इस दौरान रास्ते में झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में रैपुरा थाना अंतर्गत भखरवार गांव के समीप सामने से आ रहे एक डीसीएम ट्रक से पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिससे पिकअप और डीसीएम ट्रक में सवार दर्जन भर लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोगों की इलाज के दौरान रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मौत हो गई। यहां से गंभीर हालत के चलते रिफर किए गए एक पिकअप सवार बाराती को जिला अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि इस हादसे में बल्हौरा गांव निवासी पिकअप चालक रामू साहू, कुनैन (25) पुत्र दिलावर, मऊ क्षेत्र के हन्ना गांव के निवासी दुर्गा (36) पुत्र बिरजावन, सखौंहा गावं के निवासी बच्चा (50) पुत्र कोदू, संतराम (42) पुत्र खुन्नीलाल की मौत हो गई। जबकि डीसीएम चालक कुंडा प्रतापगढ़ निवासी इमरान (40) पुत्र बसीर और रैपुरा थाने के पहाड़ी निवासी तत्ती (35) पुत्र गोपाल, देवनाथ (47) पुत्र चुन्नापाल व उसका छोटा भाई दूधनाथ पाल घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।



घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह समेत इलाकाई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और दुघर्टनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर आवागमन बहाल कराया। साथ ही एसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि पिकअप चालक को झपकी आ गई, जिसके चलते वह विपरीत दिशा में सामने से आ रहे डीसीएम ट्रक से भिड़ गया।



**तीन वर्षों में रूस का सबसे बड़ा हमला, 472...**

यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन... पढ़ें पेज 12 पर...

# खलिहान हड़प कांड: राजधानी लखनऊ में ज़मीन पर माफिया का कब्ज़ा, शासन चुप–न्याय ठिठका!

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'भू-माफिया मुक्त प्रदेश' के ऐलान को राजधानी में ही माफिया खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। लखनऊ के सरोसा भरोसा गांव में सरकारी खलिहान की ज़मीन पर न सिर्फ दीवारें उठ गईं, बल्कि अब बहुमंज़िला निर्माण की तैयारी भी ज़ोरों पर है। हैरानी की बात ये कि सबकुछ लेखपाल, नगर निगम और प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है ६ और सब चुप हैं।

### खसरा 312 की खलिहान ज़मीन अब बेचने लगी

जिस ज़मीन पर कभी गांव के लोग चारा सुखाते थे, मवेशी बांधते थे, वहीं अब ईंटें गढ़ रही हैं, गेट लटक रहे हैं, और प्राइवेट संपत्ति की तख्तियाँ लग रही हैं। खसरा संख्या 312 ६ जिसे राजस्व रिकॉर्ड में 'खलिहान' यानी सार्वजनिक उपयोग की सरकारी ज़मीन के रूप में दर्ज किया गया है ६ अब जालसाज़ी से खसरा 313 में तब्दील कर बेची जा रही है। खलिहान को निजी ज़मीन बना दिया गया और सरकारी अफसरों की आंखें नहीं खुलीं? या जेबें भर दी गईं?



### जन एक्सप्रेस की पाँच माँगें, अब आर–पार की लड़ाई

1. खसरा 312 पर अवैध कब्ज़े की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए।
2. मौजूदा अवैध निर्माण को तन्काल ध्वस्त किया जाए।
3. भूमाफिया मंगल प्रसाद व रुबी रावत पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।
4. मामले में लिप्त लेखपालों और अधिकारियों पर निलंबन व मुकदमा चले।
5. सभी खलिहानों व सरकारी जमीनों की निगरानी के लिए जन समिति बने।

### जनता का ऐलान, ये चिंगारी अब आग बनेगी!

जन एक्सप्रेस साफ कर देना चाहता है यदि अब भी शासन–प्रशासन नहीं जागा, तो यह आंदोलन सिर्फ एक गांव का नहीं रहेगा। यह संघर्ष पूरे लखनऊ, फिर पूरे प्रदेश में फैलेगा। यह लड़ाई सिर्फ ज़मीन की नहीं जनसज्मान, न्याय और जनतंत्र की है। और अब यह आंदोलन पीछे नहीं हटेगा।

### रात 10 बजे शुरू हुआ निर्माण, ईंट–गारा लेकर पहुंचे मज़दूर!

31 मई की रात, जब शहर नींद में था, गांव में एक बार फिर माफिया हरकत में आ गया। रात 10 बजे के आसपास मजदूर बुलाए गए, ईंटें रखी गईं, प्लास्टर का काम चालू हुआ। स्थानीय लोगों ने वीडियो, तस्वीरें सबूत के तौर पर अधिकारियों को भेजीं लेकिन आज तक न कोई एफआईआर, न कोई गिरफ्तारी।

### कानून सो रहा है या जेब में बंद है?

2017 का तहसीलदार आदेश अब कागज़ी धरोहर, 24.5 लाख जुर्माना भी धूल फांक रहा साल 2017 में तहसीलदार न्यायालय ने कब्जेदार राम कुमार पर 24.50 लाख का जुर्माना और ध्वस्तीकरण शुल्क लगाया था। आज 8 साल बीतने के बाद भी अवैध निर्माण जस का तस खड़ा है।

### लेखपाल की चुप्पी, ड्यूटी या दलाली?

राजस्व लेखपाल धर्मेंद्र कुमार और नगर निगम लेखपाल अजीत तिवारी को बार–बार अवैध निर्माण की शिकायत दी गई। लेकिन दोनों ने न तो कोई रिपोर्ट दी, न निर्माण रोका। ग्रामीणों का आरोप है एक दिन निर्माण रोका जाता है, अगले दिन वही लेखपाल उसे फिर से चालू करवा देते हैं। क्या सरकार के सिपाही अब माफिया के नौकर बन गए हैं?

### पार्षद की चिट्ठी भी बेअसर, सिस्टम में सब बहरा क्यों है?

स्थानीय पार्षद ने भी नगर निगम को इस अवैध कब्जे की लिखित शिकायत दी थी। लेकिन 'जांच करेंगे' का आश्वासन देकर फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी गई। कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब चुने हुए जनप्रतिनिधियों की आवाज़ अनसुनी है तो आम जनता की कौन सुनेगा?

### जनता का सवाल, क्या अब सरकार की ज़मीन भी बिक रही है?

सरकार भू–माफिया मुक्त प्रदेश की बात करती है, मगर राजधानी में ही खलिहान हड़प लिए जाते हैं और अफसरों को कुछ दिखाई नहीं देता। यह न केवल कानून का मज़ाक है, बल्कि सरकार की नीयत पर सवाल भी।

# स्मृति से सृजन तक एक स्वप्न साकार हुआ: योगेश शुक्ला

- विधायक ने अमर शहीद राजा दिग्विजय सिंह के स्मृति पर भव्य स्मारक हेतु भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुंम्हरावां उमरिया खुर्द गांव स्थित अमर शहीद राजा दिग्विजय सिंह के स्मृति पर भव्य स्मारक हेतु विधायक योगेश शुक्ला ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। बता दें कि इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन की उन भावनाओं से जुड़ा है, जो वर्षों से मेरे हृदय में संजोई थीं।कहा कि अमर शहीद राजा दिग्विजय सिंह की स्मृति में भव्य स्मारक हेतु भूमिपूजन कर शिलान्यास संपन्न हुआ। यह केवल एक निर्माण नहीं, एक युग की श्रद्धांजलि है,जो उस वीरता और आत्मबल को अमर करेगा, जिसने राष्ट्र की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। यह स्थान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा कि देशभक्ति केवल भावना नहीं, जीवन का संकल्प है। विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि इस पावन कार्य को साकार रूप देने वाले समस्त क्षेत्रवासियों, सहयोगियों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। वहीं इस दौरान राजा दिग्विजय सिंह स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रयाग बख़्श सिंह, महामंत्री कमलेश कुमार सिंह,महामंत्री उदभान सिंह भदौरिया , संरक्षक बाबा भूतनारायण सिंह, दिवाकर सिंह, कौशल सिंह, देवीबक्स सिंह,संजेश सिहं,जगदंबा त्रिपाठी, युवा अध्यक्ष अंशू प्रताप सिंह, विवेक कुमार सिहं, अजय सिंह, अमरेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य दिनेश लोधी,सुधाकर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# समीक्षा अधिकारी को एक सिरफिरे द्वारा लगातार फोन कॉल और मैसेज के जरिए किया जा रहा परेशान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ सचिवालय में तैनात एक महिला समीक्षा अधिकारी को एक सिरफिरे शख्स द्वारा लगातार फोन कॉल और मैसेज के जरिए परेशान किया जा रहा है. आरोपी अश्लील बातें करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है. पीड़िता ने इससे तंग आकर आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, मानसरोवर, आशियाना निवासी पीड़िता सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं. पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार रात से उनके पास अज्ञात नंबर से फोन कॉल और मैसेज आने शुरू हुए. कॉल करने वाला व्यक्ति उनसे लगातार अश्लील बातें कर रहा था. उसकी इन हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने संबंधित नंबर को ब्लॉक कर दिया. सिरफिरे की इन धमकियों से पीड़िता काफी घबरा गई. उसने तुरंत अपने परिवार को पूरी घटना की जानकारी दी और उसके बाद आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई. आशियाना थाना इंस्पेक्टर ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अज्ञात नंबरों के आधार पर आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है.

### नंबर ब्लॉक करने पर दूसरे नंबर से किया संपर्क, दी धमकी

हालांकि, नंबर ब्लॉक करने के बाद भी सिरफिरे की हरकतें बंद नहीं हुईं. उसने दूसरे नंबर से पीड़िता को कॉल करके परेशान करना जारी रखा. जब पीड़िता ने उसकी हरकतों से परेशान होकर पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो शनिवार को आरोपी ने फिर से कॉल करके धमकी दी कि अगर उसने पुलिस में शिकायत की, तो इसका अंजाम बुरा होगा।

# बेकाबू डीसीएम ने दादी–पोती को रौंदा, दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के काकोरी थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित डीसीएम ने सड़क किनारे बैठी एक वृद्ध महिला और उसकी चार वर्षीय पोती को रौंद दिया, जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई. वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मासूम बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है. घटना काकोरी थाना अंतर्गत दुर्गागंज के पास उस समय हुई, जब मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कनार निवासी दौलत राम अपनी मोटरसाइकिल से अपने गांव कनार, लखनऊ की ओर जा रहे थे. उन्होंने दुर्गागंज के पास अपनी मां श्याम दुलारी करीब 60 वर्ष और अपनी पुत्री सोनिया 04 वर्ष को सड़क के किनारे मोटरसाइकिल से उतारा और सड़क की दूसरी तरफ स्थित एक पेट्रोल पंप पर अपनी मोटरसाइकिल में तेल डलवाने चले गए. इसी बीच, एक अज्ञात डीसीएम चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए सड़क किनारे बैठी श्याम दुलारी और सोनिया को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि श्याम दुलारी की मौके पर ही मृत्यु हो गई. गंभीर रूप से घायल चार वर्षीय बच्ची सोनिया को तत्काल इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया. घटनास्थल के आसपास मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और सीसीटीवी फुटेज की जांच के आधार पर पुलिस ने एक्सीडेंट करने वाले डीसीएम वाहन को चिन्हित कर लिया है. पुलिस अब वाहन और उसके चालक को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. घटना के बाद यातायात सुचारु रूप से चल रहा है और मौके पर कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है. पुलिस ने बताया कि इस संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है.

# लखनऊ में दलित महिला का यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेल, अश्लील वीडियो रिश्तेदारों को भेजे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हरदोई के एक युवक ने दलित महिला से दोस्ती कर न केवल शारीरिक संबंध बनाए, बल्कि उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके अश्लील वीडियो उसके रिश्तेदारों को भेज दिए और उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव भी बनाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बख्शी का तालाब की रहने वाली पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि लगभग चार साल पहले उसकी मुलाकात मल्लावां, हरदोई निवासी राकेश कुमार पांडेय उर्फ अविनाश पांडेय से हुई थी। राकेश अवधपुरी, सर्वोदय नगर, लखनऊ में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। पीड़िता की राकेश से मुलाकात अपना मोबाइल फोन ठीक करवाने के दौरान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों में बातचीत बढ़ी और जल्द ही यह दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। पीड़िता का आरोप है कि करीब तीन साल पहले राकेश उसे एक रिश्तेदार के घर किसी जन्मदिन की पार्टी का बहाना बनाकर ले गया। वहाँ राकेश ने उसे कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। पीड़िता के बेहोश होने पर राकेश ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान उसके अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए। जब पीड़िता को होश आया और उसने इसका विरोध किया, तो राकेश ने जल्द ही उससे शादी करने का वादा कर उसे शांत कर दिया। हालांकि, समय बीतने के साथ राकेश ने शादी करने से इनकार कर दिया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता का लगातार यौन शोषण करता रहा। पीड़िता ने राकेश से बातचीत बंद करने की कोशिश की, लेकिन राकेश अलग-अलग नंबरों से कॉल कर उसे परेशान करने लगा। कुछ दिनों बाद राकेश ने पीड़िता और उसके परिवार पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। इसी दौरान पीड़िता को पता चला कि राकेश खुद ईसाई धर्म का अनुयायी है। जब पीड़िता ने उसकी बात नहीं मानी, तो राकेश ने उसके परिवार और रिश्तेदारों को फोन कर पैसे और जमीन की मांग की। पीड़िता ने जब उसकी मांगों को पूरा करने से इनकार कर दिया, तो राकेश ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो उसके दोस्तों और रिश्तेदारों को भेज दिए। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर राकेश उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले पर एसीपी अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी राकेश की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी को हिरासत में लेने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

# युवक ने की आत्महत्या, घर के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के बीकेटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर देवरई गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव उसके घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान रामराज यादव (35) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामराज की पत्नी किसी पारिवारिक कार्यक्रम से नैमिषारण्य गई हुई थी। जब वह वापस लौटी, तो घर के अंदर कमरे का दृश्य देख सन्न रह गई। रामराज का शव पंखे से लटकता देख उसने शोर मचाया, जिसके बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के परिजन बदहवास हैं और परिजन किसी प्रकार की पारिवारिक कलह की जानकारी से इनकार कर है।

# राशन पाने वाले लाभार्थियों से सीधे फीडबैक लेगी सरकार



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार मुफ्त राशन योजना के लाभार्थियों से सीधे बातचीत करेगी। इसके लिए खाद्य विभाग सॉफ्टवेयर विकसित करवा रहा है। इसमें लाभार्थियों से पांच सवाल पूछे जाएंगे। जवाब के आधार पर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। यूपी में 15 करोड़ 23 लाख लोगों के लिए मुफ्त राशन दिए जाने की व्यवस्था है। इस योजना में 64.43 प्रतिशत शहरी और 79.53 प्रतिशत ग्रामीण आबादी कवर की जा रही है। योजना के तहत निशुल्क खाद्यान्न वितरण से लाभार्थी संतुष्ट हैं या नहीं, यह फीडबैक हर माह सरकार लेगी। लाभार्थियों से फोन के माध्यम से पूछा जाएगा कि उन्हें पूरा राशन मिल रहा है या नहीं। कोटेदार का व्यवहार कैसा है। कोई अन्य असुविधा तो नहीं हो रही है। उन्हें खाद्यान्न वितरण में कोई गड़बड़ तो नहीं दिख रहा है। प्रत्येक कोटेदार के क्षेत्र के कुछ लाभार्थियों से हर माह फीडबैक लिया जाएगा। ये लाभार्थी कौन होंगे, यह सॉफ्टवेयर का एआई मॉड्यूल खुद तय करेगा। कॉल भी कोई इन्सान नहीं, बल्कि सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही होगी। खाद्य आयुक्त रणवीर प्रसाद का कहना है कि हम सिस्टम को पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। फीडबैक लेना भी उसी योजना का हिस्सा है। जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी, उन्हें समय रहते दूर किया जाएगा।

# बुद्ध से जुड़े स्थलों का भ्रमण करेगा बोधि यात्रा में शामिल अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल

- बोधि यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के बौद्ध धर्म से जुड़े स्थलों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है: जयवीर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राज्य सरकार के सांस्कृतिक और पर्यटन संवर्द्धन प्रयासों के तहत विदेश मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कल 02 जून से 07 जून तक बोधि यात्रा नाम से एक फैम ट्रिप का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में कम्बोडिया, लाओ, पीडीआर, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम जैसे पांच आसियान देशों के 50 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिनमें ट्रैवल एजेंट्स, सोशल मीडिया, इन्फ्लुएंसर तथा बौद्ध भिक्षु शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश के भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का विदेशी मेहमानों को भ्रमण कराना है। कल्चरल एक्सचेंज के तहत सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विदेशी प्रतिनिधि विश्व प्रसिद्ध 06 बौद्ध स्थलों का भ्रमण करेंगे, जिनमें श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर, सारनाथ, वाराणसी, लखनऊ तथा आगरा शामिल है। यह यात्रा बौद्ध धर्म से जुड़े उन सभी स्थलों को प्रदर्शित करती है, जो भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं, आध्यात्मिक यात्रा से सीधे जुड़े हुए हैं। इन स्थलों का बौद्ध अनुयायियों के लिए विशेष धार्मिक महत्व है। यात्रा का समापन 07 जून को सारनाथ में होगा। यहां बिहार के पर्यटन विभाग द्वारा इन प्रतिनिधियों का स्वागत किया जायेगा, इसके अलावा बिहार के प्रमुख बौद्ध स्थलों की यात्रा की शुरूआत होगी। यह यात्रा क्षेत्रीय पर्यटन सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम होगा। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि मण्डल राज्य की समृद्धि पुरातात्विक विरासत, संग्रहालयों, प्राचीन मंदिरों और पवित्र बौद्ध स्थलों का भ्रमण करेंगे। ट्रेवल एजेंट सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि इस पहल से यूपी को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन सर्किट में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मण्डल पहले दिन दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे आगरा पहुंचेगा और दूसरे दिन ताजमहल को देखने के बाद लखनऊ आयेगा। तीसरे दिन श्रावस्ती पहुंचेगा और वहां आनन्द बोधि वृक्ष के दर्शन के पश्चात जेतवन बिहार, महेठ, सहेठ, महामांगकोल, चाईटैम्पुल तथा ओराझार बौद्ध साइट का दर्शन करेगा। चौथे दिन कपिलवस्तु, पांचवे दिन मठकुंवर श्राइन, महापरिनिर्वाण स्तूप, रामभर स्तूप, म्यांमार बुद्ध बिहार जापान, श्रीलंका बौद्ध मंदिर, वट थाई मंदिर, चीनी बौद्ध मंदिर, कुशीनगर बुद्ध संग्रहालय तथा बुद्ध आगमन मार्ग का अवलोकन करेगा। छठवें दिन काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन प्रस्तावित है तथा धामेक स्तूप, चौखंडी स्तूप, बोधि वृक्ष, अशोक स्तंभ तथा मूलगंध कुटी आदि का भ्रमण करेंगे।

# मछुआरों के विकास के बिना सशक्त नहीं हो सकती प्रदेश की अर्थव्यवस्था

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने राजकीय मेडिकल कॉलेज बांदा के प्रेक्षागृह में मंडलीय मछुआ सम्मेलन में चित्रकूट मंडल के मछुआ समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, बांदा सहित पूरे बुंदेलखंड के मछुआ समाज का पुश्तैनी हक छीन लिया गया है। मेरा एकमात्र लक्ष्य,उन्हें उनका अधिकार दिलाना। नदी, तालाब, झील और जलाशयों पर पहला अधिकार उसी का होना चाहिए, जिसकी पीढ़ियाँ सदियों से उससे जुड़ी रही हैं, लेकिन व्यवस्था ने उन्हें हाशिए पर ला खड़ा किया। अब यह समाज ठेकेदार और दलाल संस्कृति से आज़ाद होकर, खुद अपने अधिकारों का संचालन करेगा। प्रदेश में मत्स्य पालन से जुड़े लोगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाकर ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा सकती है। इस अवसर पर डॉ. निषाद ने विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मत्स्य बीमा योजना, मत्स्य ऋण योजना और अनुदानित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने मत्स्य पालकों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने हक की लड़ाई में संगठित होकर आगे आएं। डॉ. निषाद ने कहा कि निषाद, मल्लाह, बिंद, कश्यप जैसे जलाशयों पर आश्रित समाज को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सरकार ने इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से दिया जाए।मछुआ समाज के ऐतिहासिक हक और अधिकार अब सिर्फ सपना नहीं रहेंगे, बल्कि योजनाओं के ज़रिए साकार होंगे।डॉ. निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना समेत अनेक राज्यीय योजनाएं आज इस समाज के लिए शक्ति, सुरक्षा और समृद्धि का स्रोत बन रही हैं।कार्यक्रम में चित्रकूट मंडल के बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर और महोबा जिलों से बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे और उन्होंने विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर संतोष जताया।

# अभियान चलाकर बरसात के पूर्व कराई जाये नाले–नालियों की सफाई: केशव

- उपमुख्यमंत्री ने की जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रमों को लेकर बैठक
- पर्यावरण दिवस पर अवश्य लगायें अपनी मां के नाम पर एक पेड़

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में रविवार को सर्किट हाउस सभागार प्रयागराज में सांसद, विधायक जिलाधिकारी, अपर पुलिस आयुक्त, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, नगर निगम, विद्युत विभाग, एनएचआई, एयरपोर्ट सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।उपमुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन रिंगरोड़ के प्रगति के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी लेते हुए कहा कि रिंग रोड़ को 7-8 सेक्टरों विभाजित करते हुए रिंग रोड़ के अंदर व बाहर एक किलोमीटर की सीमा में स्थित जमीन पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण या आवास विकास परिषद के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, आवासीय, व्यावसायिक गतिविधिया, मनोरंजन, खेल-कूद की दृष्टि से विभाजित कर इस क्षेत्र को विकसित करने हेतु विधिवत कार्य योजना बनाने के लिए कहा है। उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण से इस क्षेत्र में प्लाटिंग किये जाने की गतिविधियों पर निगरानी किये जाने हेतु चेकिंग अभियान चलाये जाने के लिए कहा है। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा उठायी गयी विद्युत विभाग से सम्बंधित समस्याओं के बारे में विद्युत विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विद्युत विभाग लाइन लॉस को रोके, परंतु उपभोक्ताओं का किसी भी स्थिति में उत्पीड़न न होने पाये तथा जहां पर भी आवास बने है, वहां पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जिन क्षेत्रों में कनेक्शन की संख्या बढ़ी है, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने एवं अवैध बिलिंग न होने पाये, के निर्देश दिए है। उपमुख्यमंत्री के द्वारा विद्युत विभाग के द्वारा गलत बिलिंग किये जाने की शिकायत के बारे में पूछे जाने पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के द्वारा बताया गया कि ऐसी शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किया जाता है। नई व्यवस्था के तहत अब एक आनलाइन कंज्यूमर एप डेवलप किया गया है, जिसें गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है और एकाउंट कनेक्शन नम्बर से लॉगिन कर लोड बढ़ाने, विद्युत बिल डाउनलोड करने, विद्युत बिल से सम्बंधित समस्त जानकारी प्राप्त करने एवं बिल जनरेट व भुगतान करने तथा अन्य सुविधाएं ऑनलाइन अप्लाई की जा सकती है। उपमुख्यमंत्री ने इस कंज्यूमर एप्प का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है। स्टेट लैण्ड पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने नगर निगम को शहर के स्टेक लैण्ड व विस्तारित क्षेत्र में स्थित ग्राम सभा की जमीनों को चिन्हित कर उसकी कटीले तारों से घेराबंदी कर वहां पर विकासपरक योजनाओं से सम्बंधित कार्ययोजना बनाकर भूमि को विकसित कराने के निर्देश दिए है।उपमुख्यमंत्री ने बरसात के पूर्व सभी नाले-नालियों की अभियान चलाकर सफाई कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि बरसात में कहीं भी नालो के ओवरफ्लों या जल-जमाव की शिकायत न आयें। उन्होंने कहा कि 05 जून को पर्यावरण दिवस है, उस दिन सभी लोग अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाये।

हर घर नल से जल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन घरों में अभी तक नल से जल की आपूर्ति नहीं हो पायी है, वहां पर शीघ्रता से पानी पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा इस योजना के क्रियान्वयन में जिस भी एजेंसी की लापरवाही पाये जाये, उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।इस अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक फूलपुर दीपक पटेल, विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी,संजय गुप्ता, राजेश शुक्ला, उपस्थित रहे।

# रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रेशम उत्पादन कार्यक्रम कृषि पर आधारित कुटीर उद्योगों में प्रमुख स्थान रखता है। उत्तर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, जलवायु एवं जैव विविधत्ता रेशम उद्योग हेतु पूर्णतया अनुकूल एवं उपयुक्त है। प्रदेश में शहतूती, टसर, एरी तीन प्रकार का रेशम उत्पादन होता है, जो प्रदेश के 57 'जनपदों में संचालित है। शहतूती रेशम हेतु मैदानी एवं तराई क्षेत्र, अरण्डी रेशम हेतु यमुना के समीपवर्ती स्थित जनपदों एवं टसर रेशम उत्पादन हेतु विन्ध्य क्षेत्र तथा बुन्देलखण्ड में प्रचलित है।

रेशम कीटों के भोज्य वृक्षों के रूप में शहतूत एवं अरण्डी की खेती तथा अर्जुन/आसन वृक्षों का वृक्षारोपण करते हुए उनकी पत्तियों का उपयोग किया जाता है। शहतूती क्षेत्र में कृषकों के द्वारा वर्ष में चार कीट पालन फसलें, अरण्डी क्षेत्र में तीन कीट पालन फसलें तथा टसर क्षेत्र में दो कीट पालन फसलें लेने का प्रचलन है। इस उद्योग के प्रमुख क्रिया-कलाप रेशम कीटाण्ड उत्पादन, रेशम कीट पालन, कोया उत्पादन व धागाकरण प्रमुख हैं। रेशम उद्योग पर्यावरण मित्र उद्योग होने के साथ-साथ श्रम जनित भी है। यह उद्योग ग्रामीण बेरोजगार, नवयुवकों को ग्रामीण परिवेश में ही स्वरोजगार का अवसर सुलभ कराते हुए शहरी क्षेत्र की ओर पलायन रोकने में सहायक है।

प्रदेश में रेशम उत्पादन से जुड़े किया-कलापों यथा पौध उत्पादन, वृक्षारोपण, कोया उत्पादन एवं धागाकरण आदि कियाकलापों हेतु सहायता उपलब्ध कराकर कृषकों एवं बुनकरों को श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्रदेश की उष्ण कटिबन्धीय एवं समशीतोष्ण जलवायु में शहतूती रेशम के अतिरिक्त ट्रापिकल टसर एवं एरी रेशम उद्योग के क्रियाकलाप सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये जाने हेतु सभी आवश्यक सम्भावनायें उपलब्ध हैं। रेशम कीटपालकों द्वारा उत्पादित रेशम कोयों के मूल्य में वृद्धि हेतु राजकीय क्षेत्र में 7 जनपद यथा लखीमपुर खीरी, गोण्डा, श्रावस्ती, बलरामपुर, कुशीनगर, पीलीभीत एवं बहराइच तथा निजी क्षेत्र में जनपद गोरखपुर में एक रीलिंग इकाईयों की स्थापना की गई है, जहां किसानों को सही मूल्य मिल रहा है। केन्द्र एवं राज्य पोषित संचालित योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिये पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेशम मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा लागू की गयी जिस पर इच्छुक लाभार्थी पंजीकरण कराते हुए विभाग की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जागरूकता एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों के चयन, प्रशिक्षण तिथियां एवं प्रमाण पत्र आदि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से करते हुए 484 लाभार्थियों को राजकीय प्रशिक्षण अन्तर्गत मिर्जापुर में स्थापित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय रेशम प्रशिक्षण संस्थान, बरकछा में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु रेशम विभाग एवं एन0आर0 एल0एम0 के अन्तर्गत 5 वर्षों में 5000 समूहों की 50000 महिलाओं को 'रेशम सखी' के रूप में रेशम उत्पादन से जोड़ने हेतु 08.03.2025 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में एन0आर0एल0एम0 एवं रेशम विभाग, उ0प्र0 के मध्य एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के जनपद बहराइच, श्रावस्ती, लखीमपुर, सीतापुर, गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बिजनौर एवं सहारनपुर में प्रथम बार राज्य पोषित मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना वर्ष 2025-26 हेतु रू0 100.00 लाख बजट की स्वीकृति प्राप्त हुई है। रेशम निदेशालय, उ0प्र0 में वपस जव पसा के प्रदर्शन एवं शुद्ध सिल्क की पहचान के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा 29.10.2024 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कुल 08 श्रेणियों में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार अन्तर्गत 18 पुरस्कार एवं ककून उत्पादन (किसानों द्वारा), श्रेणी 1(ब)- ककून उत्पादन में नवाचार (कार्मिकों द्वारा), श्रेणी 1 (स)- रेशम से तैयार उत्पाद में नवाचार (व्यापारी/एन0जी0ओ0/बुनकर/कम्पनी/ट्रस्ट/को-ऑपरेटिव सोसाइटी इत्यादि), श्रेणी 2 (अ) सर्वोच्च कोया क्रेता/धागा विक्रय, श्रेणी 2 (ब) सर्वाधिक वस्त्र विक्रेता (रेशम फिनिश्ड प्रोडक्ट), श्रेणी-3 (अ) सर्वोत्तम डिजाइनिंग (रेशम निर्मित परिधान), श्रेणी 3 (ब) सर्वोत्तम डिजाइनिंग (रेशम निर्मित अन्य उत्पाद) एवं श्रेणी-4- लाइफ अचीवमेंट रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

# भाजपा बूथ अध्यक्ष पर लोहे की रॉड से हमला, अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर, हमलावर फरार

**साढ़े चार लाख के लेनदेन को लेकर कोइलारा रोड पर घात लगाकर किया गया हमला**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के कमरौली थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम भाजपा बूथ अध्यक्ष अंकित जायसवाल पर जानलेवा हमला किया गया।साढ़े चार लाख रुपये के लेनदेन को लेकर यह हमला कोइलारा रोड पर हुआ। जहां आरोपी पहले से घात लगाकर बैठे थे। पीड़ित अंकित जायसवाल ने बताया कि उन्होंने मारुति एजेंसी में कार्यरत सुशील यादव को यह रकम उधार दी थी।जब उन्होंने पैसे की मांग की,तो सुशील ने शाम को उन्हें कोइलारा रोड पर बुलाया।वहां सुशील और उसके दो साथियों ने लोहे की रॉड से अचानक हमला कर दिया, जिससे अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। अंकित की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर हमलावर भाग खड़े हुए। घायल अवस्था में उन्हें पहले जगदीशपुर ट्रामा सेंटर फिर हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित के पिता बंशीलाल जायसवाल ने सुशील यादव और दो अज्ञात साथियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। कमरौली एसओ ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।जल्द ही सभी को गिरफ्तार किया जाएगा। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने मामले को गंभीर बताया।उन्होंने बताया कि सीओ मुसाफिरखाना व एसओ कमरौली से वार्ता हुई है तथा सीएमओ से बेहतर इलाज के लिए भी संपर्क किया गया है।

# थानाध्यक्ष की लापरवाही पड़ी भारी, एसपी ने किया निलंबित

- शुकुल बाजार थाने में पीड़ित की तहरीर पर समय से एफआईआर न लिखना बना कार्रवाई की वजह



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में एक पीड़ित परिवार द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज न करना थानाध्यक्ष को भारी पड़ गया। मामले में लापरवाही बरतने को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि उन्होंने समय से पुलिस को तहरीर दी थी,लेकिन थानाध्यक्ष द्वारा मुकदमा दर्ज करने में टालमटोल की गई। पीड़ित ने यह भी कहा कि यदि समय से कार्रवाई होती,तो घटना को रोका जा सकता था।

जिले में कानून व्यवस्था को लेकर एसपी ने स्पष्ट किया है, कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, विशेषकर संवेदनशील मामलों में, बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निलंबन संदेश है कि जनहित सर्वोपरि है, और थानों को शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई करनी ही होगी। इस कार्रवाई से साफ है कि जनता की शिकायतों को अनसुना करना अब किसी भी अधिकारी के लिए सुरक्षित विकल्प नहीं रह गया है। प्रशासन अब उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और संवेदनशीलता की राह पर चलता दिख रहा है।

## डंपर की टक्कर से गिरा गांव का गेट, बाइक सवार की मौके पर मौत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामशाहपुर गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार की जान चली गई। तेज रफ्तार डंपर ने गांव के मुख्य द्वार पर बने सीमेंटेड गेट को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के वक्त पास से गुजर रहे बाइक सवार बुद्धिराम सरोज गेट की चपेट में आ गए,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद डंपर चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। जैसे ही घटना की जानकारी फैली, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और नाराजगी जाहिर करते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मुसाफिरखाना इंस्पेक्टर विवेक सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति शांत कराई।इंस्पेक्टर ने बताया कि डंपर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।हादसे की जांच जारी है। बुद्धिराम सरोज की अचानक हुई मौत से गांव में शोक की लहर है। परिजन और ग्रामीण प्रशासन से सख्त कार्रवाई व मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# सरकारी अस्पताल परिसर में निजी क्लीनिक: पत्रकार पर हमला, जांच टीम में आरोपित अधीक्षक की नियुक्ति पर सवाल

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक गंभीर घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारिता दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिन शुक्रवार को जगदीशपुर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निजी क्लीनिक संचालित कर रही स्टाफ नर्स की खबर कवरेज के दौरान पत्रकार विपिन यादव और उनके साथियों पर सुरक्षा कर्मियों ने हमला किया।पत्रकारों के मोबाइल और माइक आईडी तोड़े गए,तथा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। यह पूरा मामला कैमरे में कैद हो चुका है। और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की।लेकिन आश्चर्य की बात यह है, कि जांच समिति में आरोपित अधीक्षक डॉ.संजय कुमार को भी शामिल किया गया है।अधीक्षक पर निजी क्लीनिक चलाने और पत्रकारों पर हमला करवाने के आरोप हैं। जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार किसी अधिकारी की एक ही स्थान पर तीन वर्षों से अधिक तैनाती अनुचित मानी जाती है,जबकि डॉ. संजय कुमार बीते 12 वर्षों से इसी सीएचसी में पदस्थ हैं। मुख्यमंत्री योगी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त नीति अपनाई है। फिर भी इस मामले से प्रशासन की असंवेदनशीलता और संरक्षण की परतें खुलती हैं।कांग्रेस ने स्थानीय भाजपा विधायक सुरेश पासी पर संरक्षण देने का आरोप लगाया है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री मनकेश्वर शरण सिंह,जो खुद अमेठी के निवासी हैं, इस मामले पर मौन हैं।जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है।

स्थानीय स्तर पर अस्पताल में निजी प्रैक्टिस और प्रशासनिक भ्रष्टाचार की चर्चाएं लंबे समय से हैं।अधिकारी और कर्मचारी संरक्षण में होने के कारण कार्रवाई से बचते आए हैं।

इस कारण यह संदेह गहराता जा रहा है कि निजी प्रैक्टिस से प्राप्त आय का एक हिस्सा उच्च अधिकारियों तक पहुंचता है।कुछ महीने पहले भी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के साथ अधीक्षक के दुर्व्यवहार की घटना हुई थी,तब भी मामूली कार्रवाई हुई।और अधीक्षक को कोई सजा नहीं हुई।अब पत्रकारों पर हमले में भी आरोपित अधिकारी को जांच में शामिल करना प्रशासनिक पक्षपात को दर्शाता है।

नए जिलाधिकारी संजय कुमार चौहान से जनता पूरी पारदर्शिता और कड़ी कार्रवाई की उम्मीद कर रही है, लेकिन अब तक प्रशासन की चुप्पी ने लोगों को निराश किया है। यह मामला केवल पत्रकारों पर हमले तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता, प्रशासनिक जवाबदेही और जनता के अधिकारों का मुद्दा है। बच्चे और आमजन सुरक्षित टीकाकरण तथा उचित इलाज के हकदार हैं। अधिकारी और कर्मचारी सरकारी नियमों का पालन करें। और स्वास्थ्य केंद्र को जनसेवा का केंद्र बनाएं। देश और प्रदेश की स्वच्छ छवि वाली सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाए जा रहे कदमों के बीच, अमेठी की यह घटना उनके दावों की कसौटी है। अब समय है कि प्रशासन दोषियों के विरुद्ध शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई करे ताकि जनता का विश्वास बहाल हो।जन एक्सप्रेस टीम भी पत्रकारिता की स्वतंत्रता के साथ-साथ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग करता है। प्रशासन को चाहिए कि वह इसे गंभीरता से लेकर उचित और सख्त कदम उठाए।

# प्रान्तीय प्रधानाचार्य पुनश्चर्या वर्ग का मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

प्रान्तीय प्रधानाचार्य पुनश्चर्या वर्ग का उद्घाटन समारोह का प्रारम्भ मां सरस्वती की वन्दना के साथ शुरू हुआ। अतिथि परिचय लखीमपुर के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह ने कराया, मंचासीन अधिकारियों में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार पाण्डेय फिरोज गांधी कालेज, रायबरेली विशिष्ट अतिथि मा0 क्षेत्रीय संगठनमंत्री हेमचन्द्र और प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह उपस्थिति रहे जिनका स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक विमल तलरेजा ने श्रीफल, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि संजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में बताया कि अध्यापकों में हम जो गुण चाहते हैं पहले वह गुण हमारे अन्दर आये और वाणी में शालीनता हो और अच्छे वातावरण का निर्माण हो। ज्ञान कौशल की क्षमता का विकास हो, कौशल का विकास करना उदारतापूर्ण व्यवहार करना, शान्ति का वातावरण बनाना, सहनशीलता का भाव होना, गहराई से किसी विषय पर विचार करना यह सभी गुण प्रधानाचार्य के लिए आवश्यक है। इसके साथ-साथ समय का पालन और नेतृत्व करने की क्षमता, सकारात्मक संवाद अध्यापकों एवं छात्रो के साथ होना चाहिए।

यह प्रशिक्षण वर्ग छात्रो को एक नई दिशा और दशा प्रदान करेगा और अध्यापकों को कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने अपने उद्बोधन में सबसे पहले अहिल्याबाई की 300वीं जयन्ती की सभी को शुभकामना दी। इस 10 दिवसीय वर्ग के उद्घाटन सत्र में बताया कि हमारा लक्ष्य सर्वांगीण एवं समग्र विकास करना है। सन् 1952 से सरस्वती शिशु मन्दिर गोरखपुर से आरम्भ हुआ जो आज वट वृक्ष के रूप में हमारे सामने प्रस्तुत है। हमारा उद्देश्य व्यक्तित्व का विकास करना, विकसित बालक का विकास करना, भारतीय जीवन दर्शन को अपनाना, संस्कृति के मूल तत्वों को अपनाना, व्यक्तित्व को देवत्व बनाना, सबके साथ आत्मीयता का व्यवहार करना, नर से नारायण बनाना है, स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि दरिद्र नारायण की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। छात्रों के अन्दर शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं प्राणिक क्षमता का विकास हो सके। इस प्रशिक्षण वर्ग का मूल उद्देश्य इसी में छिपा हुआ है। भारत अखण्ड है, चिरंजीवी है, ऐसा भाव का विकास करना हमारा कर्तव्य है। इस प्रशिक्षण वर्ग में अवध प्रान्त के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के 40 प्रधानाचार्य लखनऊ, सीतापुर, अयोध्या, गोण्डा, अम्बेडकरनगर, उन्नाव, बहराइच, आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सीतापुर संभाग के संभाग निरीक्षक सुरेश सिंह, साकेत विभाग में संभाग निरीक्षक अवरीश आदि अधिकारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन राम निवास सिंह ने किया, ये जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी बाबुलनाथ दुबे ने दी।

# शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति में आरक्षण की अनदेखी: ओपी यादव

- पिछड़ा वर्ग आयोग ने लिया संज्ञान 16 जून को होगी सुनवाई
- प्रमुख सचिव न्याय विभाग एवं ओपी यादव को भेजी नोटिस

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




उ0प्र0 पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग ने रायबरेली जनपद में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति में सामाजिक समायोजन की अनदेखी किए जाने पर ओ पी यादव पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता रायबरेली की शिकायत पर संज्ञान लेकर सुनवाई हेतु प्रमुख सचिव न्याय उ0प्र0 शासन एवं शिकायतकर्ता को अपना-अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु 16 जून 2025 को 12:30 बजे पिछड़ा वर्ग आयोग कार्यालय में उपस्थित होने हेतु नोटिस भेजा है। उ0प्र0 पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के सचिव ने पत्राँक-3016/03/316-शि0उ0-2020/रा0वि0व0आ0/2025 दिनांक 26-05-2025 प्रमुख सचिव न्याय उ0प्र0 शासन को भेजा है। प्रमुख सचिव न्याय को भेजे गये पत्र में लिखा है कि रायबरेली जनपद में शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति में सामाजिक समायोजन किए जाने विषयक आयोग के पत्र संख्या-3787/316-शि0उ0-2020/रा0पि0 व0आ0/2022 दिनांक 26-07-2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। पिछड़े वर्गो के लिए राज्य आयोग राष्ट्रपति अधिनियम संख्या-प् सन् 1996 की धारा-10 में प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत मा0 आयोग द्वारा मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि विषयमगत प्रकरण में मा0 आयोग द्वारा दिनांक 16.06.2025 को समय 12:30 बजे सुनवाई का निर्णय लिया गया है। उक्त प्रकरण से सम्बन्धित साक्ष्यों सहित कृपया आप स्वयं अथवा सक्षम अधिकारी सुनवाई की उक्त नियत तिथि के समय मा0 आयोग के समक्ष आख्या/ सुसंगत साक्ष्यों/अभिलेखों/दस्तावेजों सहित उपस्थित होने का कष्ट करें। उल्लेखनीय है कि यदि आयोग के उपरोक्त निर्देशों का समयावधि के अन्तर्गत अनुपालन नहीं करते हैं तो आयोग आगामी विधिक कार्यवाही करेगा। आप आयोग के निर्देशों के उल्लंघन के लिए सिविल न्यायालय नियमों/भारतीय न्याय संहिता की धारा-208, 210, 211, 213, 214 या 215 के प्रतिफल पाने के लिए प्रतिभागी होंगे। उ0प्र0 पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव द्वारा शिकायतकर्ता ओपी यादव पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता (फौ0) को भी उपरोक्त तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का निर्देश जारी किया है। ओपी यादव ने आयोग द्वारा की जा रही कार्यवाही का स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि रायबरेली जनपद में पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के वर्गो के मात्र 10 प्रतिशत शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गयी है, जबकि उनका 50 प्रतिशत नियुक्ति पाने का अधिकार है। श्री यादव ने कहा कि पी.डी.ए. को उनके हक व अधिकार दिलाने के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ग्राम्य विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन जनपद रायबरेली के सामुदायिक केंद्र सभागार रतापुर में जनपद स्तरीय कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धी लाल पासी व शिवेन्द्र सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं द्वारा किस प्रकार महिला सशक्तिकरण किया जा सकता है। इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह द्वारा समाजसुधारिका अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। फूलमती विकासखंड दीनशाह गौरा, आशा एवं गीता भारती विकासखंड हरचंदपुर द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आजीविका संवर्धन की कहानी अपनी जुबानी कही गयी।

रितिका सिन्हा, ब्लॉक मिशन प्रबंधक हरचंदपुर द्वारा स्वयं सहायता समूहों से समृद्धि की ओर विषय पर महिलाओं को बताया गया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों जैसे स्वंय सहायता समूह की महिलाओं, आजीविका सखी, बैंक सखी, समूह सखी, स्वास्थ्य सखी, मनरेगा योजनान्तर्गत 100 दिन का रोजगार प्राप्त किये महिला श्रमिक के रूप में ऊषा देवी, गीता, प्रेमा देवी, बिटाना, माया, प्रधानमंत्री आवास लाभार्थी, मुख्यमंत्री आवास लाभार्थी निराश्रित महिला पेंशन लाभार्थी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। अंत में परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर में जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त (स्वतः रोजगार), ऋषिपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी राही सुश्री गौरी राठौर, खण्ड विकास अधिकारी दीनशाह गौरा अशोक कुमार, खण्ड विकास अधिकारी ऊंचाहार कामरान नेमानी, खण्ड विकास अधिकारी सरेनी, प्रमोद कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी बछरावां शिव बहादुर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी रोहनिया सुनील कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सतांव, एस0के0 कनौजिया, खण्ड विकास अधिकारी लालगंज गगनदीप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी राही सतांव एवं समस्त ब्लॉक मिशन प्रबंधक एवं 400 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं विभिन्न विभागों से प्रशस्ति पत्र पाने वाले लाभार्थी उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबने से दस वर्षीय बालिका की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**जन एक्सप्रेस/सिंहपुर अमेठी।** विकासखंड सिंहपुर मुख्यालय क्षेत्र में शनिवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हो गया।गांव निवासी रोहित निर्मल की पुत्री कामनी उम्र लगभग 10 वर्ष की तालाब में डूबने से मौत हो गई।कामनी मवेशियों को चराने के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान वह तालाब के पास पहुंची और किसी कारणवश फिसलकर पानी में गिर गई।जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते और उसे बचा पाते, तब तक वह गहरे पानी में समा चुकी थी।स्थानीय ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इस हृदयविदारक हादसे से गांव में शोक की लहर है।परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भगवान कृष्ण हैं योगेश्वर और योग के स्वामी: प्रो. डा. प्रवेश कुमार चौधरी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर डॉक्टर प्रवेश कुमार चौधरी का अपने गृह जनपद रायबरेली पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत अभिनंदन हुआ। यह अवसर था जब रविवार को सुबह ठीक 6 बज रहे थे तभी प्रो. डा. चौधरी रायबरेली प्रयागराज फोरलेन शहर स्थित मुंशीगंज सई नदी किनारे शहीद स्मारक, राणा बेनी माधव बक्श सिंह पार्क में मातृभूमि सेवा मिशन इकाई की ओर से संचालित दैनिक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारत मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि को योग शिविर में इकाई के जिला संयोजक प्रदीप पांडेय,संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन, योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता, मंडल अध्यक्ष भगवत प्रताप, योग साधक अजय मिश्रा और सुनील ओझा ने फूलमालाओं से जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह में भगवान श्रीराम की छवि भेंट कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो डा चौधरी ने कहा कि वे मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा पिछले तीन वर्षों से कराए जा रहे निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर से बहुत प्रेरित और प्रभावित होकर यहां तक आए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश के अलावा दुनिया में कई स्थानों में जाने का अवसर मिला लेकिन उन्हें जो अपने गृह जनपद में अपने घर में जो अभूतपूर्व सम्मान मिला उससे वह बहुत अभिभूत हैं। वह बहुत थोड़ी देर के लिए भावुक भी हो गए। उन्होंने मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के संस्थापक डॉ श्री प्रकाश मिश्र के प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे ही कार्यक्रम देश भर में निरंतर होने चाहिए जिससे लोगों का तन और मन स्वस्थ हो सके। उन्होंने योग के बारे में कहा कि योगेश्वर शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है योग और ईश्वर। भगवान कृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है, क्योंकि वे योग के स्वामी हैं। योग का मतलब होता है जुड़ना या इकट्ठा होना, जबकि ईश्वर का अर्थ होता है भगवान या स्वामी। इसलिए योगेश्वर का अर्थ है योग के माध्यम से अपने आप को भगवान के साथ जोड़ना या वह जो योग का स्वामी हैं। उन्होंने कहा कि योग की उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी और अब इसे पूरे विश्व में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया भर में पहुंचा दिया है। 21 जून को पूरे विश्व योग दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण के समय में योग एक विकसित और परिष्कृत विज्ञान था, जिसका उल्लेख भागवत गीता में भी मिलता है। भागवत गीता एक प्राचीन ग्रंथ है जिसमें भगवान कृष्ण ने अपने भक्त अर्जुन को योग के माध्यम से आत्मज्ञान और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग दिखाया है। योग शक्ति को दर्शाता है और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाता है। योग का विकास प्राचीन भारत में ऋषियों और योगियों द्वारा किया गया था। उन्होंने बताया कि पतंजलि ऋषि ने योग सूत्रों की रचना की, जो योग के मूल सिद्धांतों और तकनीक को समझने वाले एक महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं। योग विभिन्न प्रकार के होते हैं, योग करने से व्यक्ति का तन और मन स्वस्थ होकर निरोगी होता है। योग शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने भी सहभागिता की और योग के महत्व को समझा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. प्रवेश कुमार के विचारों से प्रेरणा ली और अपने जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प लिया। जिला संयोजक प्रदीप पांडेय और योगाचार्य बृजमोहन और योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता के द्वारा कराए जा रहे योग की डा प्रवेश ने सराहना किया।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, सोमवार, 02 जून, 2025





**सिद्ध बाबा मेले में जा रही श्रद्धालुओं से भरी...**

जनपद पीलीभीत के माधोटांडा राजमार्ग पर रविवार की सुबह एक बड़ा हादसा उस समय हो गया, जब सिद्ध बाबा मेले में जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली... ▶ शेष पेज 07 पर...

# व्यापारियों ने मेट्रो ट्रैन का उठाया लुफ्त

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के नेतृत्व में आज सैकड़ों की संख्या में कानपुर के विभिन्न ट्रेड के व्यापारियों ने कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन से मोतीझील तक मेट्रो का सफर किया, क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की कुशल कार्यशैली से विगत दो दिनों पूर्व कानपुर में मेट्रो के द्वितीय फेज का शुभारंभ किया गया था उसी कड़ी में कानपुर शहर के व्यापारी समाज को मेट्रो की आधुनिकता और सुविधाओं से भलीभांति परिचित कराने हेतु और मेट्रो कनेक्टिविटी के लाभ से अवगत कराने हेतु आज भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा सैंकड़ों व्यापारियों को मेट्रो की यात्रा कराई गई इसका मुख्य उद्देश्य है कि कानपुर व्यापारिक सेंटर है ऐसे में व्यापारियों, ग्राहकों को आने जाने में लगने वाले जाम से बचने का सबसे बेहतर उपाय मेट्रो साबित होगी कानपुर में ट्रैफिक जाम में फंसकर समय की बर्बादी को बचाया जा सकता है कम किराया, बेहतर अत्याधुनिक वातानुकूलित सुविधा, अत्याधिक कम समय में अपने तय मार्ग पर पहुंचना ये सभी लाभ यह दर्शाते हैं कि कानपुर महानगर भी आधुनिकता की तरफ विकास के पथ पर दौड़ चुका है, मेट्रो में बैठकर व्यापारियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए और मोदी योगी धन्यवाद, कानपुर को दी बड़ी सौगात इस प्रकार के नारे बुलंद करते हुए मेट्रो के सफर का आनंद लिया क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि मौजूद सैकड़ों व्यापारियों ने मोदी जी योगी जी को धन्यवाद दिया और कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी की कानपुर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता हेतु आभार व्यक्त किया, निश्चित रूप से कानपुर मेट्रो का द्वितीय फेज कानपुर की व्यापारिक गतिविधियों के संचालन को और अधिक सुविधापूर्ण और बेहतर बनाएगा, ट्रैफिक लोड काफी हद तक कम होगा और व्यापारी समाज सहित लाखों की संख्या में आम जनमानस लाभान्वित होकर राहत महसूस करेगा, अब हम पूरे देश में गर्व से कह सकते हैं कि हम ऐसे कनपुरिया हैं जहां मेट्रो संचालन, स्मार्ट सिटी, अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एलिवेटेड ट्रैक सहित अनेकों बड़ी योजनाएं क्रियान्वित और संचालित है कहीं न कहीं ये कानपुरवासियों के लिए गर्व का अवसर है।

प्रमुख रूप से उपस्थित नौघड़ा कपड़ा कमेटी अध्यक्ष शेष नारायण त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल अरोड़ा, कानपुर कपड़ा कमेटी अध्यक्ष अमित दोसर, कानपुर मार्बल एंड टाइल्स एसोसिएशन अध्यक्ष विजय गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष हिमांशु पाल, नौघड़ा कपड़ा कमेटी मंत्री पवन दुबे, विशाल अग्रवाल, अनीता सोनी, दिनेश गुप्ता, विराट गुप्ता,पीके शुक्ला, भूसाटोली बर्तन व्यापार मंडल महामंत्री पवन गुप्ता, हुलागंज़ व्यापार मंडल महामंत्री गोपाल दोसर, पूर्व पार्षद गुरु नारायण गुप्ता, हरिओम अग्रहरि, रमेश अग्रहरि, संजय राठौर, नितिश सोनकर, सुधीर वर्मा, अनुज सोनकर, अमित गुप्ता, कानपुर युवा व्यापार संघ से ललित उपाध्याय, श्याम जी गुप्ता, दीपक खन्ना, श्री कृष्ण कुमार गुप्ता ,बाबूजी बाली भैया, श्रीकृष्ण गुप्ता बब्बू, देवा अग्रवाल, विनीत सिन्हा, अरुण राठौर, राजेश गुप्ता, रमेश राठौर, भगवान शंकर द्विवेदी, कार्तिकेय शुक्ला, अभिषेक गुप्ता आदि।

## सड़क किनारे झाड़ी में पड़ा मिला वृद्ध का शव हत्या की आशंका

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

परियर। सफीपुर थाना क्षेत्र के पावा अतहा मार्ग के मध्य पखरौरा मोड के समीप सड़क किनारे खंती में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। रविवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव अतहा निवासी 55 वर्षीय शिवप्रसाद पुत्र खेम्मन का शव अतहा पावा मार्ग के मध्य खंती में पड़ा ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक काफी दिनों से बीमार चल रहा था।वह घर में अकेला ही रहता था ।मृतक की पत्नी की लगभग 22 वर्ष पहले मृत्यु हो चुकी थी। अकेला लड़का ज्ञानेंद्र गैर जनपद में रहकर मजदूरी करता है। पुलिस ने लड़के को सूचना कर दी है। इस संबंध में चौकी प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका पीएम के बाद पुष्टि हो जाएगी।

# सपा महानगर अध्यक्ष, महासचिव व उपाध्यक्ष समेत 305 पर रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में कोतवाली पुलिस ने बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन, सड़क जाम करने और सरकार विरोधी नारे लगाने पर सपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, महासचिव बंटी सेंगर, महानगर उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, युवा नेता अर्पित यादव नामजद, जबकि 300 अज्ञात शामिल हैं। यह कार्रवाई दरोगा नितिन कुमार की तहरीर पर हुई।

एसआई नितिन कुमार के अनुसार प्रधानमंत्री के शहर आगमन कार्यक्रम की वजह से 25 मई से धारा 163 बीएनएस लागू की गई। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 29 मई की दोपहर करीब 12 बजे नवीन मार्केट में पार्टी कार्यालय पर एकत्रित होकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। उनके हाथों में पोस्टर और बैनर भी थे। यहां से नारेबाजी करते हुए सभी बड़े चौराहे होते हुए कलेक्ट्रेट की तरफ जाने लगे। उनसे जब अनुमति मांगी गई तो कोई भी अनुमति पत्र नहीं दिखा सका।

### पांच नामजद और 300 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट

पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह लोग मानने को तैयार नहीं हुए। एसआई के मुताबिक रोकने के बावजूद जिलाधिकारी कार्यालय की ओर बढ़ने लगे। उन्होंने सड़क जाम कर नारेबाजी की।

आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोतवाली इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय के अनुसार पांच नामजद और 300 अज्ञात के खिलाफ सरकार विरोधी नारेबाजी करने, सरकारी आदेशों को न मानने, सड़क जाम करने, आमजन को असुविधा पहुंचाने, परेशान करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# अब 15 मिनट में एक बीघा खेत में करें कीटनाशक का छिड़काव

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




कानपुर में हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) के छात्रों ने फसलों में कीटनाशक छिड़कने का काम आसान कर दिया है। छात्रों ने सोलर एनर्जी से चलने वाला एक ऐसा पेस्टीसाइड स्प्रेयर तैयार किया है जिससे आसानी और जल्दी से दवा का छिड़काव हो सकता है। इससे एक बीघा खेत में 15 मिनट में दवा का छिड़काव हो जाएगा, इस काम में पहले एक घंटा लगता था।

खेती-किसानी की पृष्ठभूमि से आने वाले एचबीटीयू के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के तीन विद्यार्थियों शुभांशु कटियार, सिद्धार्थ सिंह और आशीष कश्यप ने बताया कि उन्होंने किसानों की समस्याओं को नजदीक से देखा है। इसके बाद इस पेस्टीसाइड स्प्रेयर को तैयार करने का विचार आया। साइकिल जैसे ढांचे पर मौजूद स्प्रेयर को आसानी से खेतों में पहुंचाया जा सकता है। इस स्प्रेयर के साथ कई नोजल लगाए गए हैं जिन्हें क्यारी के अनुसार व्यवस्थित किया जा सकता है। छात्रों ने बताया कि दवा के छिड़काव के दौरान किसानों को काफी मेहनत करनी पड़ती है। किसान दवा से भरे भारी स्प्रिंकल सेट को पीठ पर लादे रहते हैं। कई कीटनाशक ऐसे हैं जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक होते हैं। किसानों को मुंह ढंक कर इनका छिड़काव करना होता है इसके बावजूद कई बार प्रतिकूल प्रभाव देखा गया है। तीनों छात्रों ने विभाग के प्रो. जीएल देवनानी के नेतृत्व में इसे तैयार किया है। यह पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होता है। स्प्रे नोजल से दूर रहकर इसे हाथों से नियंत्रित किया जाता है।

इसका वजन हल्का होने के साथ एक समय पर कई नोजल से दवा का छिड़काव होता है। दो पहियों की साइकिल के ऊपर दवा का टैंक लगाया गया है। नोजल स्प्रेयर की दो पट्टियां लगाई गईं हैं, जिनमें एक साथ 12 नोजल लगाए जा सकते हैं। मशीन को ऊर्जा देने के लिए बैटरी लगाई गई है जो स्प्रेयर के ऊपरी हिस्से में लगे सोलर पैनल से चार्ज होती रहती है। प्रो. देवनानी ने कहा कि इस उपकरण का प्रमुख उपयोग चना, सब्जियों और छोटे पौधों पर प्रभावी रूप से किया जा सकता है। अभी इसे तैयार करने में 20 हजार रुपये से ज्यादा लगे हैं।

# पत्नी से झगड़कर मेडिकल स्टोर संचालक ने दी जान



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पनकी क्षेत्र में शनिवार देर रात पत्नी से झगड़कर मेडिकल स्टोर संचालक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता, पत्नी और बच्चे कल्याणपुर आवास विकास वाले घर में थे। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। कल्याणपुर आवास विकास निवासी सेवानिवृत्त ऑर्डनेंस कर्मी रामबाबू कमल के अनुसार बेटा अरुण कुमार (42) गंगागंज पनकी वाले घर के भूतल पर मेडिकल स्टोर संचालित कर रहा था।

उसकी पत्नी शिवकांती बेटे शुभ और ईशू के साथ दो दिन पहले ही आवास विकास आ गई थी। शनिवार को भी दोनों के बीच फोन पर कहासुनी हुई थी। रविवार सुबह उसका फोन नहीं उठा तो घर आकर देखा। दरवाजा अंदर से बंद था। कई बार खटखटाया, लेकिन नहीं खुला। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।

चार महीने पहले बड़े बेटे नीरज की बीमारी से मौत हो गई थी। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह के अनुसार प्रारंभिक जांच में पत्नी से झगड़ने की बात सामने आई है, जांच की जा रही है।

## कानपुर में शिक्षक राजन लाल को शिक्षक सम्मान 2025 से किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

इको फ्रेंडली वर्ड एंड नेचर प्रोटेक्शन कैंपेन के तत्वाधान में जनपद मथुरा में प्रदेश स्तरीय हरित शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण,जन जागरूकता अभियान में सराहनीय योगदान एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षक राजन लाल को डॉ.कुलदीप सारस्वत,कुल सचिव शुभम विश्वविद्यालय भोपाल, रविंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा एवं हरि ओम सिंह के द्वारा प्रदेश स्तरीय हरि शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। शिक्षक राजन लाल ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रोजेक्ट वेश एजुकेशन एवं विभिन्न नवाचारी प्रयासों और जागरूकता अभियान के द्वारा बच्चों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण तथा हरित सोच को प्रोत्साहित किया है।

# महिला मित्र से बात करने को लेकर पत्नी से हुआ विवाद, युवक ने जान दी



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

फजलगंज थानाक्षेत्र में शनिवार शाम युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। युवक के किसी महिला मित्र से फोन पर बात करने के शक पर पत्नी से आए दिन विवाद होता था। दर्शनपुरवा निवासी विपिन यादव (25) वैन चलाता था। फूफा महेंद्र ने बताया कि बताया कि पत्नी प्रियंका को भतीजे पर दूसरी महिला से बात करने का शक था। इसी बात को लेकर दोनों में आए दिए विवाद होता था।

शनिवार को भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और इसके बाद शनिवार शाम भतीजे ने पंखे के सहारे दुपट्टे का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना के समय मां मालती और बहन सपना बाहर गए हुए थे। युवक के डेढ़ साल का बेटा है।

फजलगंज इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घरेलू कलह के कारण युवक ने जान दी है। मामले की जांच की जा रही है।

## डंपर की टक्कर से टैक्सी पलटी, चालक की दबकर मौत, चार घायल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र के रूमा में हाईवे पर रविवार तड़के तेज रफ्तार डंपर ने टैक्सी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से टैक्सी पलट गई और चालक की दबकर मौत हो गई। सब्जी और फूल लेकर घंटाघर जा रही चार सवारियां भी घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। सरसौल के खरौटी गांव निवासी विनय साहू (52) गांव से रामादेवी होते हुए घंटाघर के लिए टैक्सी चलाते थे। रोज की तरह वह रविवार सुबह 4:30 बजे रूमा हाईवे पर स्थित एक शोरूम के सामने पहुंचे ही थे कि पीछे से फतेहपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी।

# आंधी में गिरे बिजली के 30 पोल, 24 घंटे बिजली गोल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में शुक्रवार को आई तेज आंधी-बारिश के कारण शहर में कई क्षेत्रों में बाधित हुई बिजली शनिवार शाम तक भी पूरी तरह से दुरुस्त नहीं हो सकी। आंधी के कारण विभिन्न इलाकों में बिजली के 30 पोल गिर गए। इससे कई इलाकों में 20 से 24 घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरसे। शनिवार को आवास विकास, विकासनगर, मंधना, कल्याणपुर सब स्टेशनों पर गुस्साए लोगों ने हंगामा भी किया।इंदिरानगर में लोगों ने सड़क जाम कर दी।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के चौबेपुर, बिठूर, मंधना के साथ ही पनकी क्षेत्र की 400 केवीए के पावर ग्रिड सप्लाई के पांच पोल टूटकर लाइनों पर गिरने के कारण चौबेपुर औद्योगिक क्षेत्र की 80 फैक्टरियों को सुचारू रूप से शनिवार को भी बिजली नहीं मिल सकी। इससे कारोबारियों को करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आंधी के कारण 33 केवी लाइन के 17 पोल व 11 केवी के छह पोल, एलटी के सात पोल गिर गए। इस कारण पुरानी शिवली रोड, बगिया रोड, खलवा, कल्याणपुर, आवास विकास, केशवपुरम, गूबा गार्डेन, साहबनगर, इंद्रानगर, पनकी गंगागंज, नवाबगज व दयानंद विहार आदि इलाकों में 20 से लेकर 24 घंटे तक बिजली बाधित रही।

इनके अलावा शहर के दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में भी बिजली का काफी संकट रहा। कई जगहों पर बिजली शनिवार रात को 11 व 12 बजे तक आ सकी। केस्को में 4241 शिकायतें आईं, 2213 के समाधान का दावा अफसरों ने किया है। 30 घंटे से अधिक बीत जाने पर भी बिजली न मिल पाने से नाराज उपभोक्ताओं ने शनिवार शाम मंधना सबस्टेशन पर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देखकर बिजलीघर कर्मचारियों ने सब स्टेशन का चैनल बंद कर लिया और पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज मंधना तनुज सिरोही फोर्स के साथ मौके पर आए और लोगों को शांत कराया।

### इनवर्टरों ने दिया जवाब, शाम होने पर व्यापारियों ने बंद कीं दुकानें

आंधी से कल्याणपुर इलाके में कई जगह पेड़ लाइनों पर गिरे, दो बिजली के पोल गिर गए। इसके चलते शनिवार शाम तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई।

पूरा दिन बिजली न आने पर दुकानों के इनवर्टर जवाब दे गए। शाम को अंधेरा होते ही कई दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। नवाबगंज, उजियारी देवी मंदिर इलाके में, कल्याणपुर के मिर्जापुर, इंदिरा नगर, सत्यम विहार, पुराना शिवली रोड, आवास विकास आदि इलाकों में आंधी के बाद पेड़ गिरे और बिजली के तार टूटे।

कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश चंदेल ने बताया कि अधिकारी फोन नहीं उठा रहे हैं, कोई सही जवाब नहीं दिया जा रहा है कि बिजली कब तक ठीक की जाएगी। बिजली न आने की वजह से शाम ढलते ही कई दुकानदारों ने दुकान बंद कर दी।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने दो मासूमों को कुचला, भट्ठा परिसर में खेल रहे थे मासूम



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर देहात में सट्टी थाना के गिरधरपुर ईंट भट्ठा परिसर में खेल रहे दो मासूमों को रविवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कुचल दिया। इससे दोनों मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हमीरपुर के जलालपुर निवासी मूलचंद्र व जालौन के कदौरा निवासी माहेश्वरीदीन गिरधरपुर ईंट भट्टे पर ईंट पाथने का काम करते हैं। दोनों परिसर में ही झोपड़ी रखकर परिवार के साथ रहते हैं। रविवार सुबह आठ बजे के करीब माहेश्वरीदीन का बेटा राजदीप (1) व मूलचंद्र का बेटा कृष्णा (2) भट्ठा परिसर में खेल रहे थे।

तभी वहां से गुजर रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनको कुचल दिया। हादसे में दोनों मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी पर परिजन दोनों बच्चों को सीएचसी पुखरायां ले आए। यहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को मय ट्रैक्टर के पकड़ लिया।

# भूमिगत मेट्रो चलते ही बढ़े पांच गुना यात्री, 25 हजार ने किया सफर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर मेट्रो के भूमिगत सेक्शन से ट्रेनों के चलते ही एकदम से यात्रियों की संख्या बढ़ गई। पहले दिन 25 हजार लोगों ने इसमें सफर कर रोमांच का अनुभव किया। यह संख्या आम दिनों के मुकाबले पांच गुना अधिक है। आम दिनों में साढ़े चार से पांच हजार यात्री सफर करते हैं। यूपीएमआरसी के अधिकारियों ने यात्रियों को फूल और कुकीज देकर स्वागत किया। टिकट काउंटर पर पहली बार टिकट के लिए लाइन नजर आई। सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों ने भी यात्रा की।

शनिवार को सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक आईआईटी से सेंट्रल स्टेशन के बीच सात मेट्रो चलाई गईं। सेंट्रल स्टेशन तक 27 मिनट में मेट्रो पहुंची। दोनों स्टेशनों के बीच मेट्रो ने 123 फेरे लगाए। टर्मिनल स्टेशन कानपुर सेंट्रल और आईआईटी में स्टॉपेज दो-दो मिनट के रहे जबकि बीच के स्टेशनों में 20 से 30 सेकेंड के रहे। शाम चार से आठ बजे के बीच मेट्रो में सर्वाधिक भीड़ रही। शनिवार को कानपुर सेंट्रल सहित कई स्टेशनों पर सुबह छह बजे से पहले ही यात्री पहुंच गए।

### मोतीझील से सेंट्रल स्टेशन के बीच सर्वाधिक यात्रियों की भीड़



भूमिगत स्टेशन का नजारा देखकर यात्री रोमांचित हुए। यात्रियों के लिए सुरंग में पहली यात्रा का अनुभव काफी रोमांचकारी भरा था। आईआईटी, कल्याणपुर, विश्वविद्यालय के अलावा लोग मोतीझील, चुन्नीगंज, परेड स्टेशन से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक गए। इसी तरह सेंट्रल स्टेशन, नयागंज और अन्य स्टेशन से लोगों ने मोतीझील और आईआईटी तक का सफर किया। बाहर तेज धूप, उमस के बाद भूमिगत स्टेशन में एसी की ठंडक ने उन्हें जहां राहत दी, वहीं मेट्रो का सफर उनके लिए सुविधाजनक रहा। मोतीझील से सेंट्रल स्टेशन के बीच सर्वाधिक यात्रियों की भीड़ रही।

सांसद, विधायक ने की मेट्रो से यात्रा सांसद रमेश अवस्थी और विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भाजपा उत्तर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, पूनम शंखवार आदि के साथ चुन्नीगंज स्टेशन से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा की। सांसद ने कहा कि आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक की यात्रा अब मेट्रो की वजह से आधे घंटे से भी कम समय में तय हो रही है। मेट्रो स्टेशनों में यहां संस्कृति और विरासत की झलक देखी जा सकती है।

### पिंक ई-रिक्शा, ई-ऑटो सेवा हुई शुरू

यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन में पिंक फीडर सेवा (ई-रिक्शा और ई-आटो सेवा) का शुभारंभ किया। बताया कि सभी मेट्रो स्टेशनों पर पिंक फीडर सेवा उपलब्ध रहेगी।

यह सेवाएं अजीगो राइड शेयरिंग एप के सहयोग से मिलेगी। महिला यात्री मेट्रो स्टेशन से गंतव्य तक सुरक्षित तरीके से पहुंच सकेंगी। ई-रिक्शा और ई-ऑटो की चालक महिलाएं ही रहेंगी।

# पूर्व मंत्री का बेटा धोखाधड़ी में गिरफ्तार, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में सपा के दिवंगत पूर्व राज्यमंत्री के बेटे को शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसकी दो साल से तलाश थी। उसे बड़े चौराहे के पास से पकड़ा है। यशोदा नगर एस ब्लॉक निवासी अमित सिंह ने किदवई नगर जी ब्लॉक निवासी दिवंगत पूर्व राज्यमंत्री जगदेव सिंह के बेटे यशवेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

यशवेंद्र हिंदुस्तान एरोनाटिक्स कर्मचारी आवास सहकारी समिति लिमिटेड का तत्कालीन सचिव था। मामले में परमियापुरवा निवासी कमल कुमार सिंह, अरविंद कुमार गुप्ता, सुंदर लाल, बृजकिशोर, केसा कालोनी निवासी संतोषी मिश्रा, गनेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, प्रिया गुप्ता, नवाबगंज निवासी मनीषा श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव भी आरोपी थे।

अमित के अनुसार उनके पिता ने फरवरी 1988 को समिति के तत्कालीन सचिव जगदेव सिंह से ख्योरा कछार में 223 वर्गमीटर का एक प्लॉट खरीदा था। जनवरी 1989 में रजिस्ट्री कराकर बाउंड्री और कमरे का निर्माण कराया। यशवेंद्र ने षडयंत्र के तहत प्लॉट नंबर में बदलाव कर वर्ष 2014 में कमल कुमार सिंह व अरविंद कुमार गुप्ता को रजिस्ट्री कर दी। मामले में सुंदरलाल, बृजकिशोर गवाह हैं।

इसी प्लॉट को कमल ने दो भाग कर संतोषी मिश्रा पत्नी मनोज कुमार मिश्रा को बेच दिया। इस बार गनेश कुमार और मनोज गवाह थे। आरोपियों ने 2016 में गनेश और मनोज की गवाही में प्रिया गुप्ता को बेचा, जिसे उन्होंने मनीषा पत्नी आनंद श्रीवास्तव को बेचा। कोतवाली इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपियों पर धोखाधड़ी, षडयंत्र रचने, कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग करने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि दो साल से यशवेंद्र प्रताप सिंह वांछित था, जिससे पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है।

## मैं अपनी कल्पनाओं की दुनिया में वापस जा रहा हूं...कहकर फंदे से लटका युवक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** मुझे माफ कर देना, सारी गलती मेरी है, मैं अपनी कल्पनाओं की दुनियां में वापस जा रहा हूं...। यह बात सुसाइड नोट में लिखकर शुक्रवार देर रात एक चित्रकार ने फंदे से लटककर जान दे दी। शनिवार सुबह मां ने फंदे से लटकते शव को देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को एक पन्ने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। विजयनगर निवासी अभिषेक गुप्ता (24) चित्रकार थे। उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय से फाइन आर्ट्स से स्नातक किया था। पेंटिंग बनाने में काफी नाम कमाया था। इस कारण वह पिछले कुछ महीनों से चौबेपुर में स्थित एक कंपनी का लोगो बनाने के साथ अन्य डिजाइन पर काम कर रहे थे। मां माया और छोटे भाई अनुराग ने बताया कि शुक्रवार रात खाना खाने के बाद पूरा परिवार अंदर के कमरे में सोने चला गया। देर रात अभिषेक ने आगे के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। शनिवार सुबह 5:30 बजे मां सोकर उठी और बाहर के कमरे में पहुंची तो फंदे पर बेटे का शव लटका देख उनकी चीख निकल गई। परिजनों ने बताया कि शनिवार को घर में सन्यनारायण की पूजा थी। दिल्ली में रहने वाले मृतक के जीजा दिव्यांशु ने बताया कि अभिषेक कुछ समय से किसी बात को लेकर परेशान था। कभी किसी को कुछ नहीं बताता था। उसकी काउंसिलिंग भी कराई थी। कुछ समय पहले उनके पास दिल्ली भी आया था, जिस पर उसे काफी समझाया था। बताया कि सोचा था पूजा में शामिल होने पर उसे दोबारा समझाएंगे लेकिन उससे पहले ही उसने गलत कदम उठा लिया। जीजा के अनुसार ससुर राजेश का आठ वर्ष पहले निधन हो चुका है। इंस्पेक्टर काकादेव मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि कमरे से एक पन्ने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। घटना के पीछे के क्या कारण हैं, इसका पता लगाया जा रहा है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सीमा से परे सोच : एक भारत, एक कमान, एक मिशन

**2019 में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति के साथ शुरू हुई यह ऐतिहासिक यात्रा अब एक अटल कानूनी ढांचे के साथ और भी सशक्त हो चुकी है। सीडीएस की स्थापना ने थिएटर कमांड की दूरदर्शी परिकल्पना को जन्म दिया था, और यह अधिनियम उस सपने को साकार करने वाला निर्णायक कदम है। निकट भविष्य में, भारत उत्तरी सीमाओं, पश्चिमी मोर्चे, समुद्री क्षेत्रों और हवाई रक्षा जैसे विविध भौगोलिक व सामरिक क्षेत्रों के लिए अलग-अलग थिएटर कमांड स्थापित करेगा। ये कमांडर एकीकृत नेतृत्व में सैन्य अभियानों को दिशा देंगे।**

*जब कोई राष्ट्र अपनी नियति को पुनर्परिभाषित करने का संकल्प लेता है, तो उसके कदम न केवल धरती को कंपाते हैं, बल्कि इतिहास के पन्नों पर अमर छाप छोड़ते हैं। 27 मई 2025 को भारत ने ऐसा ही एक युगांतकारी कदम उठाया, जिसने उसकी सैन्य शक्ति को नया आयाम देकर विश्व मंच पर उसकी सामरिक ताकत को अजेय बनाया। 'अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम 2023' के नियमों को लागू करने वाली अधिसूचना ने थल सेना, नौसेना और वायुसेना को एक सशक्त साझा कमान के तहत एकजुट कर एक अभूतपूर्व रणनीतिक क्रांति की नींव रखी। यह महज प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में एक दूरदर्शी और साहसिक छलांग है, जो भारत को आधुनिक युद्ध की जटिल चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार करता है। भारत की सैन्य रणनीति में यह क्रांतिकारी बदलाव ऐसे निर्णायक मोड़ पर आया है, जब क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियाँ अपनी चरम सीमा पर हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव और चीन की उग्र सैन्य महत्वाकांक्षाएँ एक ऐसी रक्षा प्रणाली की माँग करती हैं, जो न केवल शक्तिशाली, बल्कि चुस्त, समन्वित और त्वरित जवाबी कार्रवाई में अजेय हो। इस अधिसूचना के माध्यम से केंद्र सरकार ने दृढ़ संदेश दिया है कि भारत अब अपनी सैन्य शक्ति को खंडित इकाइयों के रूप में नहीं, बल्कि एक एकीकृत और अजेय ताकत के रूप में स्थापित करता है। यह नवीन ढांचा थल, जल और वायु सेनाओं के बीच अभूतपूर्व तालमेल को बढ़ावा देगा, युद्धक्षेत्र में निर्णय प्रक्रिया को तीव्र करेगा और रणनीतिक जवाबी कार्रवाइयों को पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली बनाएगा। नए नियमों का सबसे क्रांतिकारी पहलू यह है कि अब एक कमांडर-इन-चीफ या ऑफिसर-इन-कमांड को थल, जल और वायु सेनाओं के जवानों व अधिकारियों पर पूर्ण कानूनी नियंत्रण और अनुशासन का अधिकार प्राप्त होगा। यह प्रावधान न केवल कमांड संरचना को एकरूप करता है, बल्कि ऑपरेशनल दक्षता को अभूतपूर्व ऊँचाइयों तक ले जाता है। पहले, अलग-अलग सेनाओं के नियमों से उपजी जटिलताएँ अनुशासनात्मक और प्रशासनिक कार्यवाहियों में बाधा बनती थीं, जिससे समय और संसाधनों की हानि होती थी। अब, केंद्रीकृत कमान के तहत ये प्रक्रियाएँ सरल, त्वरित और प्रभावी होंगी, जिससे सैन्य अभियानों में दोहराव और देरी का अंत होगा। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि चाहे सीमा पर तनाव हो, साइबर युद्ध का खतरा हो, या कोई अन्य चुनौती, भारत की सेनाएँ एकजुट होकर तत्काल और निर्णायक प्रहार करने में सक्षम होंगी। इस अधिनियम का दायरा विशाल और दूरगामी है, जो सेना अधिनियम 1950, नौसेना अधिनियम 1957, और वायुसेना अधिनियम 1955 के तहत आने वाले प्रत्येक सैन्यकर्मी को एकजुट करता है। इसका लक्ष्य केवल कमांड और नियंत्रण को अटल करना नहीं, बल्कि तीनों सेनाओं के बीच एक साझा कार्य संस्कृति और अनुशासित एकता का निर्माण करना भी है। यह प्रणाली अंडमान निकोबार कमांड और स्ट्रैटेजिक फोर्स कमांड जैसी मौजूदा एकीकृत संरचनाओं को और सशक्त बनाएगी, जहाँ तीनों सेनाओं के जवान पहले से ही कंधे से कंधा मिलाकर कार्यरत हैं। साथ ही, यह साइबर डिफेंस और स्पेशल फोर्स ऑपरेशंस जैसे आधुनिक युद्ध के क्षेत्रों में भारत की क्षमताओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी, जिससे देश वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए और भी तैयार होगा।*

### एक्सप्रेस आलेख

**केंद्रीय बलों के अधिकारियों का मानना है कि मौजूदा सरकार ने उनके लिए मुफीद माहौल मुहैया कराया है। छत्तीसगढ़ में जब भूपेश बघेल की सरकार की हार के बाद सुरक्षा बलों के कुछ अधिकारियों का मानना था कि नई सरकार की नीति बदलेगी। इसकी वजह से स्थानीय पुलिस और प्रशासन माओवादी हिंसा के खिलाफ उनके कदमों के प्रति सहयोगी रूख रखेगा। नक्सलवाद पर नकेल के उपायों का असर ही कहा जाएगा कि साल 2014 में जहां नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 70 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है। नक्सलवाद खन्म हो, विकास की गाड़ी दौड़ती रहे और जनजातीय समूह के लोगों को भी विकास में भागीदार बनाया जाए, इससे शायद ही किसी को इनकार होगा।**

# नक्सलवाद पर लगाम की ओर बढ़ते कदम



**उमेश चतुर्वेदी**

**मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके एक साल पहले ही 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बना दिया था।**

नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के संघर्ष में बीती 21 मई को नया इतिहास रचा गया। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया। उसके साथ 26 और नक्सली मारे गए। इसके कुछ दिन बाद झारखंड में भी तीन नक्सली मारे गए। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 के अंत तक नक्सलवाद के देश से सफाये का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के लगातार कसते शिकंजे का संकेत भी कुछ ऐसा ही है। नक्सलवाद के उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब कोई सर्वोच्च नक्सली कमांडर और महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे अपने बयान में रेखांकित भी किया। इस घटना के तुरंत बाद एक बयान में अमित शाह ने इस मुठभेड़ को नक्सलवाद खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि बताने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ तीन दशकों की लड़ाई में महासचिव स्तर के नेता को हमारे सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। केशव राव उर्फ बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस औ छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक फैले जंगलों में जारी इस ऑपरेशन के तहत जहां 54 नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके हैं, वहीं 84 नक्सलियों ने समर्पण किया है। जिस तरह धड़ाधड़ सफल मुठभेड़ हो रही है, नक्सली समर्पण कर रहे हैं या फिर गिरफ्तार किए जा रहे हैं, उससे अमित शाह का उम्मीद रखना बेमानी भी नहीं है। मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके एक साल पहले ही 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बना दिया था। उससे उपजा क्षोभ ताजा था। वैसे भी सैद्धांतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी माओवादी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की हमेशा से पक्षधर रही है। कह सकते हैं कि इसी वजह से साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को पार्टी ने अपना प्रमुख कार्यक्रम घोषित कर रखा था। गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि नक्सलवाद का प्रभाव उन इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ा, जहां जंगल थे, जहां आदिवासी समुदाय का निवास ज्यादा था, जहां शिक्षा का प्रसार कम था। यह सच है कि आधुनिक सभ्यता की सहयोगी आधुनिक व्यवस्था की निगाह जल-जंगल आदि प्राकृतिक संसाधनों के जरिए मुनाफाखोरी पर रही है। इस वैचारिकी का स्थानीय लोगों में प्रचार के जरिए नक्सलवाद ने अपनी गहरी पैठ बनाई। नक्सलवाद बुनियादी रूप से आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की विचारधारा से प्रेरित है। जिनकी मान्यता थी कि सत्ता बारूद से निकलती है। नक्सलवाद या माओवादी सोच के मूल में हिंसा की अवधारणा है। जिसके अनुसार बदलाव भी हिंसा के जरिए ही आता है। वैचारिकी तक अगर माओवाद सीमित रहता तो गनीमत थी। लेकिन माओवादी कमांडरों ने बाद में अपने प्रभाव वाले इलाकों में अपनी ताकत का इस्तेमाल वसूली और मोटी कमाई के लिए करना शुरू कर दिया। तब से उनके प्रति समर्थन घटने लगा। नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों मसलन रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे। धीरे-धीरे उनके इस कृत्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे। जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की यह समझ बढ़ी, नक्सलियों का समर्थक आधार कमजोर होता गया। उनके समर्थक आधार को कमजोर करने में उनके द्वारा व्यापक स्तर पर किए गए नरसंहारों ने भी बड़ी भूमिका निभाई। झीरम घाटी के नक्सली हमले में जहां तीस से ज्यादा लोग मारे गए थे, 6 अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के ताड़मेटला के जंगलों में नक्सलियों ने घात लगाकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 75 और जिला बल के एक जवान को बारूदी सुरंग में उड़ा दिया था। इन हत्याओं के बाद नक्सली हिंसा को लेकर सवाल उठने लगा। नक्सलियों के समर्थक बौद्धिक तबके के लिए उनके बचाव में बोलना आसान नहीं रह गया। ताड़मेटला कांड के बाद तो उनके खिलाफ वायुसेना की कार्रवाई की मांग उठी थी, तब नक्सलियों के बौद्धिक समर्थकों ने इसका विरोध किया था। इस विरोध के चलते तत्कालीन मनमोहन सरकार ने नक्सली हिंसा को काबू करने के लिए सैनिक कार्रवाई को टाल दिया था। मोदी सरकार की नजर में माओवादी हिंसा आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा थी। वैसे मोदी सरकार को पता था कि नक्सलियों पर ऐसी कार्रवाई का एक बड़ा बौद्धिक वर्ग विरोध करेगा। इसलिए नक्सली हिंसा पर लगाम के लिए दोतरफा कार्रवाई शुरू की। एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाने और नक्सल विरोधी खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ समावेशी विकास का पहिया तेजी से दौड़ाने की कोशिश की गई। इसमें सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया गया। इस रणनीति के जरिए माओवादी आंदोलन को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने में कामयाबी मिली। इससे माओवादियों के हाथों होने वाली हिंसा में कमी आई। लोगों में भय का माहौल कम हुआ। इसके साथ ही माओवादी उग्रवाद से प्रभावित कई जिलों को मुख्यधारा में शामिल करने में तेजी आई। इसकी वजह से स्थानीय निवासी नक्सलवाद दूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखने लगे। उन्हें यह भरोसा होने लगा कि माओवादी हिंसा और सोच शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, बैंकिंग और डाक सेवाओं को उनके गांवों तक पहुंचने से रोकती है। नक्सलियों के समर्पण और उसके बाद उनके पुनर्वास पर जोर दिया गया। उन्हें हिंसा छोड़ने के बाद मुख्यधारा में शामिल होने और सामान्य जिंदगी बिताने के लिए सरकारी स्तर पर मदद दी जाने लगी। इसके साथ ही भारत सरकार की ओर से बुनियादी ढांचे की कमी दूर करने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष योजना के तहत विशेष केन्द्रीय सहायता दी जा रही है। इसके तहत नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित और चिंतित करने वाले जिलों को 30 और 10 करोड़ रुपये की मदद दी जा रही है। इसके अलावा, जरूरत के मुताबिक, इन जिलों के लिए विशेष परियोजनाएं भी दी जा रही हैं। इसकी वजह से पिछले 10 वर्षों के दौरान, 8,000 से अधिक नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है। इसका असर यह होगा कि माओवादियों के खिलाफ उनकी कार्रवाई कहीं ज्यादा सटीक होगी। इसका असर भी अब दिखने लगा है। अब जहां खूंखार नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या फिर समर्पण कर रहे हैं, वहीं जनजातीय इलाकों में नई सड़कें और रेल लाइनें बनाई जा रही हैं। छत्तीसगढ़ खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा मार्ग से बलौदा बाजार जैसे नए क्षेत्रों को सीधा रेल संपर्क मिलने जा रहा है। इस इलाके में 278 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई जा रही है।



**नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों मसलन रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे। धीरे-धीरे उनके इस कृन्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे। जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की यह समझ बढ़ी, नक्सलियों का समर्थक आधार कमजोर होता गया।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 20:35 तक |
| नक्षत्रः | मघा 22:55 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | सोमवार |
| योगः | व्याघात, 08:20 |
| सूर्योदयः | 05:25 |
| सूर्यास्तः | 19:13 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 10:35-12:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:55-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## गर्मियों में दूध में मिलाकर पिएं सौंफ, सेहत को मिलेंगे कई फायदे

**बच्चा** हो य बड़ा दूध पीना हर किसी के लिए जरूरी होता है। इसमें कैल्शियम और प्रोटीन होने के साथ सभी जरूरी मिनरल्स मौजूद होते हैं। इसलिए दूध को कंप्लीट मील भी माना जाता है। अगर आप रोज नाश्ते में दूध पीते हैं, तो इससे काफी देर तक भूख नहीं लगती है। अगर इसमें प्राकृतिक मसाले मिलाए जाएं, तो इसका स्वाद और फायदे दोनों बढ़ जाते हैं। अधिकतर घरों में दूध में हल्दी, दालचीनी और इलायची जैसे खड़े मसाले मिलाकर पीना फायदेमंद माना जाता है। इसी तरह दूध में सौंफ मिलाकर पीना भी फायदेमंद होता है। इसमें प्राकृतिक गुण होते हैं जो संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी होते हैं। इसका सेवन करना डाइजेन और इम्यूनिटी दोनों के लिए फायदेमंद होता है। गर्मियों में अगर इसका सेवन रोज किया जाए, तो इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं।

**शरीर को ठंडक मिलती है:** गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजों का सेवन करना चाहिए। ऐसे में सौंफ का दूध एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। सौंफ की तासीर ठंडी होती है। अगर दूध में मिलाकर इसका सेवन किया जाए, तो इससे शरीर को ठंडा रखने में मदद मिलती है। अगर आपको गर्म दूध में इसका सेवन नहीं करना है, तो आप सौंफ का ठंडा शरबत बनाकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।



**डाइजेशन इंप्रूव होता है:** गर्मियों में पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने के लिए आप सौंफ का दूध पी सकते हैं। यह डाइजेशन के लिए नेचुरल लैक्सेटिव की तरह काम करता है। इसके सेवन से गट हेल्थ इंप्रूव होती है और डाइजेशन इंप्रूव होता है। रोज सौंफ का दूध पीने से पाचन क्रिया ठीक से काम करती है और पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है।

**पेट ठीक से साफ होता है:** रोज सौंफ का दूध पीने से पेट भी ठीक से साफ हो पाता है। गर्मियों में कुछ लोगों को कब्ज और ब्लोटिंग जैसी समस्याएं ज्यादा रहती हैं। ऐसे में सौंफ का दूध पीना बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन से पाचन क्रिया ठीक से काम करती है और पेट ठीक से साफ होता है। अगर आप रोज रात में सौंफ का दूध पीकर सोते हैं, तो इससे अगले दिन मलत्याग करना आसान हो जाता है।

**ब्लोटिंग और एसिडिटी कम होती है:** ब्लोटिंग और एसिडिटी से राहत पाने के लिए भी आप सौंफ का दूध पी सकते हैं। इसके सेवन से पेट ठीक से साफ होता है। रोज रात को पीकर सोने से पाचन क्रिया ठीक रहती है। इससे ब्लोटिंग और एसिडिटी और अपच जैसी समस्याएं भी ठीक होती हैं।

**मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है:** अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सौंफ का दूध आपके लिए बेहतरीन ऑप्शन है। इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और वेट लॉस में मदद मिलती है। इसे आप एक मील की तरह डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके सेवन से काफी देर तक भूख नहीं लगती है और कैलोरी इनटेक कम होता है।

**निष्कर्ष:** गर्मियों में सौंफ का दूध पीने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। इसके सेवन से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। रोज इसका सेवन करने से एसिडिटी, ब्लोटिंग या अपच जैसी समस्याएं ठीक होती हैं। सौंफ की तासीर ठंडी होती है और इससे शरीर को ठंडक भी मिलती है। इसके सेवन से त्वचा संबंधित समस्याओं से भी राहत मिलती है। अगर आप किसी स्वास्थ्य समस्या के लिए रोज दवा लेते हैं, तो आपको किसी आयुर्वेदिक डॉक्टर की सलाह पर ही इसका सेवन करना चाहिए।

### एक्सप्रेस विशेष

# अहिल्या बाई का अद्भुत अध्याय



**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**कलकत्ता से बनारस तक की सड़क, बनारस में अन्नपूर्णा का मन्दिर,गया में विष्णु मन्दिर बनवाये। बड़ी संख्या मे घाट कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया मार्ग बनवाए। गरीबों की लिए सदाब्रत अन्नक्षेत्र स्थापित किए। पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था कराई।**

**महिलाओं और किसानों के लिए जो काम हुए उनकी लंबी सूची है। व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत कुछ किया। बड़े बड़े राजाओं की भी अहिल्या बाई के साथ तुलना नहीं हो सकती है। कुशल सैन्य प्रबंधन के कारण एक भी युद्ध में अहिल्याबाई कभी नहीं हारी, वह अजेय महिला और अजेय रानी रही। आज काशी विश्वनाथ मंदिर देखने को मिलता है वह अहिल्या बाई के बिना संभव नहीं था।**

**भारत** राजनीतिक रूप से परतंत्र रहा, लेकिन सांस्कृतिक रूप में इसे पराधीन बनाने में आक्रांताओं को कभी सफलता नहीं मिली। इस दौरान विदेशी सत्ता के विरुद्ध लगातार संघर्ष भी चलते रहे। राष्ट्र रक्षा हम सबका मूल धर्म है। इस धर्म का पालन करके हम न केवल वर्तमान को बल्कि आने वाले भविष्य को सुरक्षित रख सकते हैं। परतंत्रता के दौर में रानी अहिल्या बाई ने स्वतन्त्र और स्वाभिमानी शासन संचालन की मिसाल कायम की थी। उनका जीवन सुशासन और सनातन के प्रति समर्पित था। इसमें परिवारवाद के प्रति मोह नहीं था। मलवा की जनता को अहिल्या बाई ने अपना परिवार माना। उनकी सेवा करती रहीं। इसलिए लोकमाता की रुप में उन्हें प्रतिष्ठा मिली। गरीब कल्याण ओर नारी सशक्तिकरण की उनकी योजनाएं आधुनिक लोककल्याणकारी शासन के लिए मार्गदर्शन की भांति हैं। उनका जन्म इकतीस मई सत्रह सौ पच्चीस को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में हुआ था. उनका विवाह मराठा साम्राज्य के सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खंडेराव होलकर के साथ हुआ था. उन्होंने अट्ठाइस वर्ष शासन किया। ओंकारेश्वर नर्मदा किनारे उन्होंने महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया था। सनातन आस्था के अनुरूप मंदिरों में विद्वानों की नियुक्ति की। काशी,गया, सोमनाथ, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारिका, बद्रीनारायण, रामेश्वर, जगन्नाथ पुरी इत्यादि प्रसिद्ध तीर्थस्थानों पर मंदिर बनवाए। कलकत्ता से बनारस तक की सड़क, बनारस में अन्नपूर्णा का मन्दिर,गया में विष्णु मन्दिर बनवाये। बड़ी संख्या मे घाट कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया मार्ग बनवाए। गरीबों की लिए सदाब्रत अन्नक्षेत्र स्थापित किए। पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था कराई। उन्होंने कई युद्धों में अपनी सेना का नेतृत्व किया। अंग्रेजों को अपने राज्य में पांव पसारने नहीं दिए। अहिल्या बाई ने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया। इन्होंने विदेशी आक्रांताओं की चुनौती स्वीकार की। उन्हें जवाब दिया। अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटीं। इन सभी लोगों ने राष्ट्र को सर्वोच्च माना। सहज रूप से राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहीं। इस ध्येय मार्ग से विचलित नहीं हुई। अहिल्याबाई होलकर सभी युद्धों में विजयी रहीं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने सनातन धर्म और भारतीय विरासत की जो मजबूत नींव रखी। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'विकास और विरासत' के अभियान का आधार बन चुकी है। देश स्वतन्त्र है। अब देश को शक्तिशाली बनाना आवश्यक है। इस कार्य में भी देशभक्ति का वैसा ही जज्बा होना चाहिए। भारतीय इतिहास की शौर्य गाथाओं से राष्ट्रीय स्वाभिमान के जागरण का सन्देश देते है। विदेशी दासता से मुक्ति हेतु महान सेनानियों के बलिदान से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोच्च माना। भारत माता को स्वतन्त्र कराने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। अहिल्या बाई जैसी अनेक विभूतियां से प्रेरणा लेकर वर्तमान समय में सशक्त और सामर्थ्यशाली भारत विकास के एक आयाम का आकार धारण कर रहा है। शिवाजी, महाराणा प्रताप और अहिल्याबाई होल्कर जैसे नायकों को स्कूली पाठ्यक्रम से दूर रखा गया। तीन सौ वर्ष पहले जब महिला सशक्तीकरण की कोई परिकल्पना भी नहीं थी, तब अहिल्याबाई ने शासन, सेवा और धर्म की मिसाल कायम की।वे कभी युद्ध में पराजित नहीं हुईं। उनका योगदान काशी, हरिद्वार, अयोध्या, सोमनाथ जैसे तीर्थों के निर्माण और पुनरुद्धार में आज भी जीवंत है। उनके सिद्धांत, कार्यशैली और धार्मिक दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक हैं।जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, तब विदेशी शासकों की गुलामी के शिकार उन सत्तालोलुप लोगों ने ऐसे नामों को आगे नहीं आने दिया, जो प्रेरणादायी बनकर आगामी पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त कर सकें।विरासत बनेगी, सुशासन की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए निष्पक्ष न्याय की कसौटी पर खड़ा उतरकर सबको सुरक्षा प्रदान करने की वचनबद्धता को आगे बढ़ाना पड़ेगा। सबके प्रति सुरक्षा का भाव पैदा हो, जब विरासत और विकास का अभियान आगे बढ़ता है। अहिल्या बाई ने जीवन में कोई आनंद की घटना नहीं देखी। उनके परिवार का कोई सदस्य साथ नहीं बचा। सभी की युद्ध में मृत्यु हो गई थी। लेकिन उन्होंने खुद को संभाला। महिलाओं और किसानों के लिए जो काम हुए उनकी लंबी सूची है। व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत कुछ किया। बड़े बड़े राजाओं की भी अहिल्या बाई के साथ तुलना नहीं हो सकती है। कुशल सैन्य प्रबंधन के कारण एक भी युद्ध में अहिल्याबाई कभी नहीं हारी, वह अजेय महिला और अजेय रानी रही। धर्म और संस्कृति के उत्थान के लिए उन्हें बहुत कुछ काम किया। आज काशी विश्वनाथ मंदिर देखने को मिलता है वह अहिल्या बाई के बिना संभव नहीं था।

# सिद्ध बाबा मेले में जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में पलटी, दस घायल

■ डीएम ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य संभाला, बरखेड़ा विधायक पहुंचे जिला अस्पताल घायलों का जाना हाल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





जनपद पीलीभीत के माधोटांडा राजमार्ग पर रविवार की सुबह एक बड़ा हादसा उस समय हो गया, जब सिद्ध बाबा मेले में जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में लगभग 10 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने पुलिस व प्रशासन को सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरेली जनपद की तहसील बहेड़ी के खुटिया व करनपुर गांवों से लगभग 50 श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से पीलीभीत जिले के गजरौला थाना क्षेत्र स्थित माला जंगल में सिद्ध बाबा स्थल पर भंडारे में भाग लेने जा रहे थे। जब ट्रॉली गजरौला क्षेत्र के गुर्जगौटिया गांव के पास पहुंची, तभी ट्रैक्टर का पिछला टायर अचानक फट गया। इससे ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही गजरौला थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।इसी दौरान घटना स्थल से गुजर रहे जिलाधिकारी ने दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस पहुंचने से पूर्व ही उपजिलाधिकारी सदर के शासकीय वाहन की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया। उन्होंने मौके पर रुककर स्वयं राहत कार्य की निगरानी की और सभी घायलों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। सिद्ध बाबा मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं, जिससे पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों की आवाजाही अत्यधिक बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा मेले के दौरान यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा विभिन्न राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें कलीनगर व सदर तहसील के नायब तहसीलदार अक्षय यादव व पवन यादव, राजस्व निरीक्षक काशीराम व राकेश कुमार, और लेखपाल अमित गंगवार, जयशंकर, नरेन्द्र कुमार, दीपक सागर एवं दीपिका को नियुक्त किया गया है। इन सभी अधिकारियों को मेले में आने-जाने वाले वाहनों के सुरक्षित संचालन व पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त, मेला क्षेत्र में गर्मी के चलते खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देशन में खाद्य निरीक्षक तेजबहादुर और प्रेम कुमार यादव को खाद्य वस्तुओं की जांच व आवश्यक कार्रवाई के लिए तैनात किया गया है। प्रशासन द्वारा किए गए इन त्वरित प्रयासों और राहत कार्यों के चलते एक बड़ी जनहानि होने से टल गई। फिलहाल सभी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है, जिनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।




### महामंडलेश्वर एवं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

सिद्धबाबा मंदिर जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें लगभग 20 लोग घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना पर विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिलकर हालचाल जाना। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं को हर संभव चिकिन्सा सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिज्मेदारी है। मैंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कुछ घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस दुर्घटना की जांच में जुटी है। वहीं बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही नहीं हनी चाहिए।

# जिला अधिकारी पीलीभीत का होगा घेराव: भाकियू (भानु) का बड़ा ऐलान

■ 9 जून को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन, मांगे न मानी गईं तो होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने किसानों की समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। आज रविवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित मासिक पंचायत में संगठन के पदाधिकारियों ने 9 जून को जिला अधिकारी पीलीभीत का घेराव करने की घोषणा की। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन को बाध्य होंगे।

### किसानों की समस्याओं पर प्रशासन मौन- भजन लाल क्रोधी

पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू (भानु) के जिला अध्यक्ष भजन लाल क्रोधी ने कहा कि पहले भी कई बार ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन प्रशासन की ओर से किसानों की समस्याओं को लेकर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। समस्याओं के समाधान न होने से यूनियन में भारी रोष व्याप्त है और अब मजबूरीवश उन्हें जिला अधिकारी का घेराव करना पड़ रहा है।

### रिश्वतखोरी और राजस्व विभाग की लापरवाही पर नाराज़गी

तहसील अध्यक्ष नंद किशोर राठौर ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि तहसील पीलीभीत में भ्रष्टाचार चरम पर है। किसानों को अंश निर्धारण जैसी छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी रिश्वत देनी पड़ रही है। क्षेत्रीय लेखपाल और निरीक्षकों की लापरवाही के चलते किसान परेशान हैं और राजस्व विभाग के कर्मचारी मोटी रकम लेकर मस्त हैं।

### बीसलपुर आंदोलन के वादों पर नहीं हुई कार्रवाई

जिला महामंत्री अशोक राठौर ने कहा कि हाल ही में बीसलपुर तहसील में हुए किसान आंदोलन के दौरान उपजिलाधिकारी नागेन्द्र पांडेय ने सात दिन में समस्याएं हल करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक सप्ताह बीतने को है और कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### ब्याजमुक्त ऋण और आवारा पशुओं की समस्या प्रमुख मुद्दे

पत्रकार मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिओम बाजपेई ने मांग की कि किसानों को ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा दी जाए, जिससे वे कर्ज के बोझ से उबर सकें। वहीं, अल्पसंख्यक अध्यक्ष निसार शाह ने पीलीभीत जिले में आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक पर चिंता जताते हुए कहा कि इन्हें तत्काल प्रभाव से पकड़वाकर गौशालाओं में भेजा जाए।

### बिना रिश्वत के नहीं मिलती सुविधा- बाबूराम वर्मा

पंचायत में वक्तव्य देते हुए किसान नेता बाबूराम वर्मा ने कहा कि राजस्व प्रशासन की मिलीभगत से किसानों में आपसी झगड़े बढ़ रहे हैं। चकबंदी, मेडबंदी, चकरोड, विरासत, आय प्रमाण पत्र जैसे कामों के लिए भी बिना रिश्वत सुविधा नहीं मिल रही। अमरिया तहसील की स्थिति बेहद खराब हैध्प्रशासन मस्त है और किसान त्रस्त।

बड़ी संख्या में पदाधिकारी रहे मौजूद पंचायत में वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष लालू मिश्रा, जिला अल्पसंख्यक सभा महामंत्री डॉ. इसरार अहमद, तहसील मीडिया प्रभारी सबलू खान, ब्लॉक अध्यक्ष सुखदेव सिंह, अखिलेश यादव, विजेंद्र सिंह, रामचंद्र, शोभित यादव, डालचंद मौर्य, रघुवर सिंह, ओम प्रकाश राजपूत, शिवचरण लाल वर्मा, प्रहलाद प्रसाद, बाल मुकुंद प्रजापति, रामगोपाल प्रजापति, महेंद्र पाल सिंह, राम प्रसाद, सुखलाल गंगवार सहित सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

### संगठन का स्पष्ट संदेश- अब आर-पार की लड़ाई

यूनियन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसानों की समस्याओं को लेकर अब आर-पार की लड़ाई होगी। 9 जून को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी रणनीति पूरी तरह तैयार कर ली गई है।

यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यह आंदोलन अनिश्चितकालीन रूप ले सकता है।

# गायत्री परिवार की नशा मुक्ति बाइक रैली का नगर में हुआ भव्य स्वागत

■ वरिष्ठ सपा नेत्री दिव्या गंगवार के आवास पर किया गया विशेष सत्कार

■ नगरवासियों ने इसमें बढ़-चढ़कर लिया भाग, लोगों ने सपा नेत्री एवं चौधरी प्रदीप सिंह पटेल की प्रशंसा की

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बीसलपुर। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा निकाली गई बाइक रैली का बीसलपुर नगर में भव्य स्वागत किया गया। यह रैली बरखेड़ा से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सिद्ध पीठ परिसर तक पहुंची। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराई के प्रति जन-जागरण करना था। इस संदेश को लेकर निकाली गई रैली में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया।

रैली जब नगर भ्रमण करते हुए समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव एवं 130 विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ सपा नेत्री श्रीमती दिव्या गंगवार, चौज़्प्रदीप सिंह पटेल के आवास पर पहुंची, तो वहां कार्यकर्ताओं द्वारा रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान रैली में सम्मिलित गायत्री परिवार के सभी सदस्यों के लिए जलपान एवं खानपान की विशेष व्यवस्था की गई। सभी आगंतुकों को सम्मानपूर्वक सत्कार प्रदान किया गया।

स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ सपा नेत्री के प्रतिनिधि द्वारा श्रीमती गंगवार के आदेशनुसार कहा कि, गायत्री परिवार का यह अभियान न केवल समाज में जागरूकता लाने वाला है, बल्कि यह युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बाहर निकालने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस प्रकार के जनहितकारी आयोजनों को हर समाजसेवी को सहयोग देना चाहिए।

रैली का नेतृत्व गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक सत्यपाल यादव कर रहे थे। नगर भ्रमण के दौरान कई प्रमुख चौराहों और स्थलों पर लोगों ने स्वागत कर अभियान का समर्थन किया। अंत में रैली सिद्ध पीठ पहुंचकर आगे बेनीपुर के लिए रवाना हुई।

वरिष्ठ सपा नेत्री के आवास पर स्वागत करने वालों में भूदेव गंगवार, मुकेश पाठक, रजनीश पाठक, अभिषेक, पंकज, राजपाल, अवि, अंतरेश, डॉ. रवि एवं सलीम खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में इन सभी का उल्लेखनीय योगदान रहा।

नगर में आयोजित इस प्रकार की रैलियों से आमजन में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। गायत्री परिवार का यह प्रयास समाज को एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध हो रहा है। रैली में सम्मिलित लोगों ने भी कहा कि श्रीमती दिव्या गंगवार,चौज़्प्रदीप सिंह पटेल सदैव सामाजिक कार्यक्रमों में अपेक्षा से अधिक सहयोग करती हैं, जो नगरवासियों के लिए प्रेरणास्पद है।

# समाजवादी महिला सभा की नगर अध्यक्ष व पदाधिकारियों का स्वागत




■ समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने रविवार को अपने पूरनपुर स्थित आवास पर समाजवादी महिला सभा की नगर कार्यकारिणी की नवमनोनीत अध्यक्ष और पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर महिला पदाधिकारियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि समाजवादी पार्टी में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सशक्त व सक्रिय बनाया जा रहा है। उन्होंने महिला सभा की नगर अध्यक्ष सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के कार्यों में निष्ठा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया।इस दौरान उन्होंने भारतीय संस्कृति और संस्कार की प्रतीक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

श्री राजू ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने त्याग, तपस्या और आदर्शों से भारतीय संस्कृति व स्वाभिमान के संरक्षण का जो अनुपम कार्य किया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा और युगों-युगों तक समाज को प्रेरणा देता रहेगा।

उन्होंने कहा कि समाजवाद का उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का पुनर्निर्माण भी है। लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन इसी विचारधारा का सशक्त उदाहरण है।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिला सभा की कई वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहीं।

### 16 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। कोतवाली पुलिस ने अमीर नगर क्षेत्र में 5 महीने पूर्व बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मिलने पर पुलिस ने 16 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में रविवार को सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार करते हुए कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकार अरुण सिंह के निर्देशन में एस आई बाबूराम, हिमांशु आनंद सिंह, संजीत तिवारी समेत 14 आरक्षियों की संयुक्त टीम ने शातिर अपराधी वाहिद, आसिफ, अकरम, बलीउल्ला उर्फ बल्ला, नफीस, अहमद, रहीमतुल्ला, फुरकान, अहमद, सतीश कुमार, अतीक मियां, दानिश फरहान साहिद, हफीज और गुरफान के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत होने पर सभी आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सड़क पर बिखरी मौरंग बनी हादसे का कारण

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। औरंगाबाद क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में एक परिवार बाल-बाल बच गया। औरंगाबाद-फतेपुर रोड पर एक मकान के सामने सड़क पर बिखरी मौरंग की वजह से बाइक फिसल गई।हादसे में बाइक सवार पति-पन्नी घायल हो गए। महिला की गोद में बैठा छोटा बच्चा भी दूर जा गिरा। आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई और घायलों को उठाया।सभी घायलों को पास के डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि सभी को मामूली चोटें आई हैं और वे खतरे से बाहर हैं। इलाज के बाद परिवार अपने घर लौट गया।

### भंसडिया सनमाइका फैक्ट्री की लेबर कॉलोनी में पारिवारिक कलह के बाद लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली क्षेत्र के भंसडिया सनमाइका फैक्ट्री में एक दुखद घटना सामने आई है। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर दीपक कुमार ने शनिवार देर रात लेबर कॉलोनी के अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। दीपक कानपुर नगर के हाथी गांव का रहने वाला था। वह पिछले 8-10 सालों से इस फैक्ट्री में काम कर रहा था। सूत्रों के अनुसार, पारिवारिक कलह के कारण उसने यह कदम उठाया। घटना की जानकारी सुबह लोगों को मिली। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।मृतक के मामा रामनारायण ने दोपहर करीब 1ः30 बजे घटना की पुष्टि की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस द्वारा छिनैती करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद प्रवीर गौतम के नेतृत्व में थाना हैदराबाद खीरी की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 31.05.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 176/2025 धारा 309(6)/352/351(2) बीएनएस थाना हैदराबाद जनपद खीरी से सज्बन्धित 02 नफर अभियुक्तगणो को दिनांक 01.06.2025 को संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग के दौरान बडी नहर पुलिया रोशननगर से अभियुक्त 1.सन्यम श्रीवास्तव पुत्र स्व. सोहन लाल निवासी ग्राम महेशपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी उम्र करीब 22 वर्ष 2.मयंक श्रीवास्तव पुत्र रमेश श्रीवास्तव निवासी ग्राम महेशपुर थाना हैदराबाद जनपद खीरी उम्र 32 वर्ष को मय एक अदद मोबाईल एन्ड्राइड नोट 13 प्रो मॉडल 2312छक्र601 लाल रंग 200 रुपये के गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय लखीमपुर खीरी के समक्ष भेजा गया। वही अभियुक्तो को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक सन्तपाल सिंह राठौर व देवेन्द्र सिंह आकाश यादव, महेश कुमार थाना हैदराबाद जनपद खीरी। प्रमुख रूप से सामिल रहे।

### गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मे खिलाड़ियों ने दिखाया दम

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला कप डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बीती शाम तीसरे मुकाबले में भूडवारा के 14 वर्षीय युवा खिलाड़ी ने अपने कंधों पर कप्तानी का दायित्व लेकर बखूबी निभाया। नोमान ने अपनी टीम को प्रेसर से उस समय उभार दिया जिस समय विपक्षी टीम को 12 गेंदों में मात्र 11 रन की दरकार थी। नोमान ने 9 वां ओवर फेंककर मात्र 1 रन दीया और दो विकेट झटक कर विपक्षी टीम के हौसले पस्त कर दिए। विपक्षी टीम 5 रनो से पराजित हो गई। नोमान को विशाल जलोटा ने अमेजिंग प्लेयर,कमेटी ने मैन ऑफ दी मैच और युवा व्यापारी अभिषेक ने नकद पुरुस्कार से सज्मानित किया।

### सम्राट अशोक ने दुनिया को शांति और अहिंसा की सीख दी

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव मगरेना में महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने को लेकर मौर्य कुशवाहा शाक्य सैनी संस्थान द्वारा भगवान बुद्ध, सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य और सम्राट अशोक जयंती को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया और विशिष्ट अतिथि रामपाल यादव, क्रांति कुमार मौजूद रहे हैं। संचालन बिलाल खां ने किया है।गांव मगरेना में महापुरुषों की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया है। मुख्य अतिथि ने आयोजन में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा भगवान बुद्ध को विष्णु के नौ वां अवतार माना जाता है। उन्होंने ज्ञान प्राप्त कर लोगों के जीवन में प्रकाश की किरण जागृत की है। चंद्रगुप्त मौर्य भारत के प्रथम सम्राट थे। जिन्होंने मौर्य समाज की स्थापना की इतिहासकार उन्हे क्षत्रिय मानते हैं। उन्होंने अपना शासन 24 वर्ष तक किया था। वही सम्राट अशोक अपनी धज्म के तहत दुनिया को शांति और अहिंसा की सीख दी है। जो भारत की आज भी सबसे बड़ी पहचान बताई है। इस मौके पर , नगर अध्यक्ष इकरार खां, लवली मंसूरी, दानिश अब्दुल्ला, रामसागर मौर्य, अबरार मंसूरी जमीर अहमद बृजेश कुमार मौर्य अकरम सिद्दीकी राजन वाल्मीकि ने भी सभा को संबोधित किया है।

# न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

■ क्योंकि रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं होता हैं आपने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज गोला एवं तरूणोदय यूथ क्लब के द्वारा संयुक्त संयोजन में सन साइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर गोला में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अदम्य साहस और शौर्य को नमन करते हुए, हमारे वीर जवानों के सम्मान में राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कुशल चिकित्सकों की देखरेख में किया गया, रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रविन्द्र नाथ वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ लखपति राम वर्मा के द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर रोटरी क्लब गोला के अध्यक्ष अभिषेक राजपूत व क्लब के सदस्य आदर्श सोनी, रोटरेक्ट क्लब के पी डी आर रिशु माहेश्वरी, ठाकुर गौरीश सिंह, कलीमुद्दीन, प्रशांत श्रीवास्तव, अनिल जलोटा, आजाद मेहता सनशाइन हॉस्पिटल के प्रतीक मिश्रा व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा इस कार्यक्रम में आए हुए सभी रक्तदाताओं का आभार न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज के डायरेक्ट पटेल सुशील वर्मा ने किया अपने कहा कि रक्तदान महादान है इससे पता नहीं कितने मरीजों की जान बचाई जा सकती है इस समय रक्त की इतनी कमी है कि हजारों की संख्या में लोगों को समय से रक्त नहीं मिल पाता है जिससे काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए रक्तदान के लिए आगे आना होगा, जिससे जनसाधारण को लाभ मिल सके। तरुणोदय यूथ क्लब के संचालक संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि हमारी संस्था समय समय पर इस प्रकार के प्रोजेक्ट करती रहती हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यकम कराएंगे। क्योंकि रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं होता हैं। आपने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# गन्ना उत्पादकता बढ़ाने की जानकारी के लिए गोला चीनी मिल ने भेजा किसानों का दल

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी




मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी गोला के युनिट हेड नीरज बंसल,वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला आशुतोष मधुकर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किसानों को अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमड़ हेतु रवाना किया। किसानों को रवाना करते समय युनिट हेड व वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना ने किसानों को एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमड़ का उद्देश्य विस्तार से बताया।भ्रमड़ के दौरान अजबापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम शाहपुर जागीर व दुल्हापुर में एक्सपोज़र भ्रमड़ के तहत गोला मिल क्षेत्र से अजबापुर मिल क्षेत्र में प्रगतिशील 60 किसानों ने भ्रमण किया। इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी। गोला मिल क्षेत्र के किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान रामसरन सिंह के फार्म पर पेड़ी प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। अजबापुर मिल के महाप्रबन्धक गन्ना एच के त्रिपाठी व अन्य तमाम मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन, सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण, आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने की सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यवहारिक जानकारी दी।किसानों ने यह कहा कि हमने यहां जो देखा वह अत्यन्त प्रेरणादायक है खेतों में गन्ने की स्थिति बेहद संतोषजनक है, पौधे स्वस्थ हैं, पत्तियां हरी भरी और खेतों की देखभाल अत्यंत वैज्ञानिक तरीके से की गई है।

सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ओ डी शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाएगा। हमारा लक्ष्य किसानों की आय को दो गुना करना है। इस मौके पर गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्द अकरम, प्रबन्धक गन्ना संजीव चौधरी, अपर प्रबन्धक गन्ना धीरज मिश्र सहित सभी ब्लॉक इंचार्ज सहित प्रगतिशील किसान भेख राम वर्मा, अवधेश कुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, गयादीन वर्मा, सुखवंत सिंह, सुरेश वर्मा, भिखारी लाल वर्मा व क्षेत्रीय कामदार मौजूद रहे।

### महामंडलेश्वर बनने पर विधायक का ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा से किया भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नधा में उस समय उन्सव जैसा माहौल बन गया जब क्षेत्रीय विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के प्रथम आगमन पर ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। हाल ही में महामंडलेश्वर की उपाधि प्राप्त करने पर ग्रामीणों ने उन्हें पुष्पवर्षा कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गांव के मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन के तहत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक ने भी उपस्थित रहकर प्रभु के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विकास, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द के लिए प्रभु से प्रार्थना की। ग्राम पंचायत नधा में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्रामीणों ने रामचरितमानस का अखंड पाठ भी किया, जिससे सज्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। विधायक का स्वागत करते हुए ग्रामवासियों ने उन्साहपूर्वक जयकारे लगाए और शंखध्वनि के साथ उनका स्वागत किया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने ग्रामवासियों के स्नेह और सज्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र का चहुँमुखी विकास हो और हर गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, महिला मंडल एवं युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन भंडारे में श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण कर हुआ।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, कदौरा (जालौन)

पत्रांक: 253 निविदा/15वां0-पंचम वित्त/2025-26 दिनांक: 30/05/025

## निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से 15 वां वित योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए निम्नलिखित निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदायें पजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 13/06/25 को 2:00 बजे अपरान्ह तक आंमत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/06/25 को ही 3.00 बजे अपरान्ह खण्ड विकास अधिकारी कदौरा के कार्यालय में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को धरोहर धनराशि के रुप मे राष्ट्रीय बचत पत्र/डाकघर पासबुक / एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी कदौरा (जालौन) के पद नाम बन्धक हो जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02/06/25 से दिनांक 12/06/25 तक तक किसी भी कार्यदिवस में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, कदौरा (जालौन) से क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | **15वां वित्त (टाइड ग्रान्ट)** | | | | |
| 1. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम खुटमिली में सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 2. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम इमिलिया बुजुर्ग में सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 3. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम नजीरपुर मे तालाब के पास सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 4. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम बड़ागांव (डालेकापुरवा) मे सोलर वाटर टकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 5. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम रोगी (मटोटा) में सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 6. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम अकोडी मे सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 7. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम मबई अहीर में अशोक के मकान के पास सोलर बाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 8. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम इटौरा गुरू में राहुल परिहार के मकान के पास सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 9. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम गर्रेही में सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 10. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम कठपुरवा में सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 11. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम उकुरूवा में सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 12. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम मरगाया में सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 13. | विकास खण्ड कदौरा के ग्राम लमसर मे सोलर वाटर टंकी का निर्माण कार्य। | 7.080 | 14200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| | **15वां वित्त (अनटाइड ग्रान्ट)** | | | | |
| 14. | ग्राम अकोडी (तगारेपुर) में यूनिस के मकान से मेवालाल के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 8.410 | 16850.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 15. | ग्राम अकोडी में पक्के रोड से लाला बाबा के मकान तक इटरलॉकिग निर्माण कार्य। | 9.710 | 19450.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 16. | ग्राम सुन्हेटा में आशाराम के मकान से जयचन्द्र यादव के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 3.230 | 6500.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 17. | ग्राम गर्रेही में मैंन रोड से सालिगराम के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 5.470 | 10950.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 18. | ग्राम अकबरपुर इटौरा मे पप्पू अहि0 के मकान से रामबाबू अहि0 के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 2.070 | 4150.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 19. | ग्राम अकबरपुर इटौरा मे विद्याप्रसाद के मकान से तारा चन्द्र के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.120 | 4500.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 20. | ग्राम बड़ागांव मे लखन के मकान से अन्नू के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 3.480 | 4500.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 21. | **पंचम वित्त** | | | | |
| 22. | ग्राम नाका में महेश्वरीदीन के मकान से अनुरूद के मकान तक इंटरलॉकिंग एवं साइडवाल निर्माण। | 9.890 | 19800.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 23. | ग्राम मवई अहीर में रोड से पवन के बाडा तक इंटरलॉकिंग एवं साइडवाल। | 3.800 | 7600.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 24. | ग्राम रियाजनगर में दद्दा के घेरा से शिवराम के मकान तक सी0सी0 निर्माण। | 5.176 | 10400.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 25. | ग्राम बड़ागांव में रामबाबू के मकान से मुन्ना के मकान की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 5.800 | 11600.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 26. | ग्राम रैला में प्रा0 स्कूल से गौशाला की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.410 | 18850.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 27. | ग्राम तिरही में अमरसिंह के मकान से मुकुट के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 7.420 | 14850.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 28. | ग्राम तिरही में बलराम यादव के बाड़ा से मरघट की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 8.380 | 16800.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 29. | ग्राम जमरेही में कुआ से मोहरसिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 5.330 | 10700.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 30. | ग्राम रामपुर में सूरज के मकान से शिशुपाल के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.570 | 9150.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 31. | ग्राम रामपुर में बलवीर के मकान से रामदीन के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.260 | 8550.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 32. | ग्राम रामपुर में प्रमोद के मकान से पुलिया की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.470 | 8950.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 33. | ग्राम धमना में जूनियर स्कूल में इण्टरलॉकिंग निर्माण। | 9.309 | 18650.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 34. | ग्राम बड़ागांव में जगदीश के मकान से स्कूल की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.100 | 18200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 35. | ग्राम चन्दरसी में जगमोहन के मकान से प्रा0 स्कूल की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.820 | 19650.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 36. | इटौरा बाबनी में राजू यादव के मकान से कालीचरन के मकान के तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.280 | 12600.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 37. | ग्राम निस्वापुर में तुलसीराम के मकान से सर्वेश के मकान तक इण्टरलॉकिंग एव नाली निर्माण कार्य। | 6.900 | 13800.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 38. | ग्राम मरगाया में पवन के मकान से खेरापति मन्दिर की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.010 | 8050.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 39. | ग्राम मरगाया में धर्मेन्द्र के मकान से बुल्ला श्रीवास के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 4.560 | 9150.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 40. | ग्राम बबीना में सन्तोष के मकान से करिया के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.730 | 13500.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |

अगले पृष्ठ पर जारी.....

# बीडीओ कदौरा के कथित षड़यंत्र का अनेकों प्रधानों ने खोल दिया चिट्ठा

## पालतू सिंडीकेट को लाभ पहुंचाने की मंशा से मनरेगा में किया खेला

- गलत कृत्यों में ग्राम प्रधानों को मोहरा बनाने का खेल नहीं होगा सफल

जन एक्सप्रेस। उरई/जालौन

एक ओर जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था को सफलता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कदौरा विकासखंड के बीडीओ अर्थ प्रधान व्यवस्था को अपनाकर अपने पालतू सिंडीकेट के माध्यम से मनरेगा योजना में कागजी कार्य कराने में लगे हुये थे जब समाचार पत्र में बीडीओ के कृत्यों का खुलासा हुआ तो वह बुरी तरह से बौखला गये और फिर उन्होंने क्षेत्र के कुछ ग्राम प्रधानों को मोहरा बनाकर अनेकों प्रधानों के कथित तरीके से फर्जी हस्ताक्षर कर जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने का फंडा अपनाया लेकिन जैसे ही उक्त जानकारी विकासखंड के प्रधानों को पता चली तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उन्होंने इस तरह के किसी भी ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किये थे। अब सवाल यह उठता है कि क्या बीडीओ ने अपने पालतू सिंडीकेट के साथ मिलकर कथित तरीके से जो षड़यंत्र रूपी गुब्बारा फुलाया था उसकी हवा निकल गयी। हालांकि अनेकों प्रधानों ने साफ तौर पर कहा कि वह बीडीओ के किसी भी प्रकार के गलत कृत्यों में सहभागी नहीं बनेंगे और यदि व गलत कार्य कराने का दबाब बनायेंगे तो वह हर स्तर पर इसका विरोध करने में पीछे नहीं हटेंगे। गौरतलब हो कि पिछले काफी समय से कदौरा विकासखंड में बीडीओ ने अपने सिंडीकेट को मैदान में उतारकर मनरेगा योजना में ऐसे मजदूरों की फर्जी फोटो मनरेगा साइड पर अपलोड कराने का फंडा अपनाया था जो फोटो पुरानी थी। ऐसा कई गांवों के मनरेगा मजदूरों ने भी नाम न छापने की शर्त पर बताते हुये सत्यता उजागर कर दी थी। इसके बाद जब बीडीओ के कृत्यों को लेकर खबरों का सिलसिलेवार तरीके से प्रकाशित की गयी तो उन्होंने अपने चहेते सिंडीकेट के साथ बंद कमरे में मंत्रणा कर ऐसा कुचक्र रच डाला कि अनेक प्रधानों के एक कथित ज्ञापन पर फर्जी हस्ताक्षर कर आनन फानन में उसे जनप्रतिनिधि को सौंप दिया गया। उक्त संबंध में जब कुछ प्रधानों से जानकारी करने का प्रयास किया तो उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और यदि उसमें मेरे हस्ताक्षर है तो वह फर्जी है उससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। इस तरह से बीडीओ के द्वारा जो कथित तरीके से षड़यंत्र का गुब्बारा फुलाकर उसे आसमान में उड़ाने में प्रयास किया गया था उसकी थोड़ी ही देर में हवा निकल गयी और वह जमीन पर आकर गिरा तो बीडीओ का पालतू सिंडीकेट सकते में आ गया। अभी यह प्रक्रिया चर्चा का विषय बनी हुयी थी तभी विकासखंड के कई प्रधानों ने दूरभाष पर बातचीत करते हुये कहा कि वह बीडीओ के किसी भी प्रकार के झांसे में आने वाले नहीं हैं और यदि उनके द्वारा गलत कृत्य करने का दबाब बनाया जायेगा तो वह उसका उचित मंच पर विरोध करने से नहीं चूकेंगे। वहीं कदौरा विकासखंड में इस बात की चर्चायें तेजी से चल रही हैं कि बीडीओ के सिंडीकेट में कौन-कौन चेहरे शामिल हैं उनके नाम तो जल्द उजागर होंगे। साथ ही उनके काले कारनामे का पुलिंदा भी खुलकर सामने आ जायेगा ताकि ऐसे सिंडीकेट के बारे में जनपद के अधिकारियों को भी जानकारी हो सके।

### कौन है महेबा ब्लाक का टीए जो उसरगांव के कार्यों की एमबी खुद बनाता

उरई। कदौरा विकासखंड में ग्राम पंचायत उसरगांव में कराये गये कार्यों की एमबी बनाने में चल रहा गोलमाल क्षेत्र पंचायत कार्यालय में चर्चा का विषय बनी हुयी हैं। सूत्रों की मानें तो महेबा विकासखंड में संविदा पर बतौर टीए जिनकी पन्नी उसरगांव की प्रधान निर्वाचित हुयी थी। तभी से ग्राम पंचायत में जो भी विकास कार्य कराये जाते हैं उनकी एमबी महेबा विकासखंड का टीए तैयार करता है। यदि अब तक विभिन्न वर्षों में जितनी एमबी तैयार की गयी और उनका भुगतान उसकी हैंडराइटिंग की विशेषज्ञों से जांच करा ली जाये तो पूरा मामला उजागर हो जायेगा। हालांकि कहने के लिये उसरगांव में दूसरे टीए की तैनाती है। लेकिन वहां महेबा विकासखंड में तैनात टीए अपनी मनमर्जी चलाने से नहीं चूकते हैं।

# पुलिस को चोरी की सात घटनाओं का खुलासा करने में मिली कामयाबी

### नगदी जेवर व चोरी का सामान किया बरामद, एसपी ने किया खुलासा



जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें संयुक्त टीम ने सोने-चांदी के जेवरात व नकदी सहित शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि रविवार को एसओजी, सर्विलांस और कोतवाली उरई की संयुक्त टीम अपराध व अपराधियों को समेटने के लिए विशेष अभियान चलाने में लगी हुई थी। तभी मुखबिर द्वारा संदिग्ध व्यक्ति इखलासपुरा चौराहे से चुर्खी बाइपास जाने वाली सड़क पर खड़े संदिग्ध की भनक लगी। भनक लगते ही संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दविश दी और घेराबंदी कर यशपाल उर्फ छिल्लू पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम रूरा अड्डू, कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 17 लाख के सोने चांदी के जेवरात व 44,700 की नकदी और अवैध असलहा मिला। पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर एक एलईडी टीवी भी बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उसने कई स्थानों पर बंद घरों को निशाना बनाया है। जिसमें वघौरा मुहल्ले में एक घर से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी, अप्रैल माह में ग्राम पिया निरंजनपुर के पंचायत कार्यालय से जियो फाइबर का डिब्बा, सीसीटीवी कैमरा और साउंड सिस्टम, 5 मई को पटेल नगर स्थित सीएमओ ऑफिस के पास एक डॉक्टर के घर से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी चोरी की है। अप्रैल माह में मोहल्ला सुशील नगर ऑफिसर्स कॉलोनी में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। यशपाल ने पुलिस को बताया कि चोरी का माल वह अपने साथी शैलेन्द्र पुत्र शिवराज, निवासी रूरा अड्डू के माध्यम से ट्विकल पाल निवासी राजपुर कानपुर देहात को बेचता था। पुलिस अब इस नेटवर्क की भी जांच कर रही है और अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# डकोर पुलिस के संरक्षण में चल रहा मिट्टी खनन का अवैध धंधा

जन एक्सप्रेस। उरई




जिला मुख्यालय की तहसील उरई क्षेत्र के अंर्तगत पड़ने वाले थाना व कस्बा डकोर में मिट्टी खनन माफिया तेजी के साथ सक्रिय दिखाई दे रहे है जो डकोर थाना पुलिस के संरक्षण में रात्रि के समय जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन करते हुए देखे जा सकते है।उधर मिट्टी खनन माफिया के मिट्टी भरे ट्रैक्टरों की आवाजाही से कस्बे के लोग भी परेशान नजर आ रहे है। सूत्रों की अगर मानें तो मिट्टी माफियाओं द्वारा डकोर थाना पुलिस को हर सप्ताह तयशुदा नजराना पहुंचता है यहीं कारण है अवैध मिट्टी खनन माफियाओं के हौसलें बुलंद है जिनको थाना पुलिस का कोई डरभय नजर नही आता है।सूत्र यहां तक बताते है कि माफियाओं द्वारा अवैध मिट्टी खनन करके रात्रि के अंधेरे में ट्रैक्टरों में मिट्टी भर उरई शहर के अजनारी रोड़ पर जमा हो जाते है जिन्हें मिट्टी माफियाओं के दलालों द्वारा बिक्री की जाती है।

# दतिया एयरपोर्ट से खजुराहो के लिए भरी पहली उड़ान

जन एक्सप्रेस। झांसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दतिया एयरपोर्ट का भोपाल से वर्चुअल लोकार्पण किया। एयरपोर्ट से यात्रियों को लेकर पहली उड़ान खजुराहो के लिए रवाना हुई। फ्लाइट में पायलट और सात महिला यात्री सवार रहीं। यहां से छोटे विमान अब भोपाल एवं खजुराहो के लिए उड़ान भरेंगे। दो जून से इनकी नियमित उड़ान सेवा आरंभ होगी। दतिया एयरपोर्ट शुरू होने से झांसीवासियों को भी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। लोकार्पण समारोह के लिए एयरपोर्ट को सुंदर फूलों से सजाया गया। केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू खास तौर से यहां पहुंचे थे। उड़ान शुरू होने से अब दतिया भी भोपाल एवं खजुराहो से हवाई मार्ग से जुड़ गया। इस दौरान पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पहली फ्लाइट का नाम सिंदूर रखने की मांग की। सांसद संध्या राय ने भविष्य में इस एयरपोर्ट का विस्तार कराने की बात कही। लोकार्पण समारोह में प्रभारी मंत्री एदल सिंह कंसाना, सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल समेत जिला प्रशासन एवं एयरपोर्ट प्राधिकरण के अफसरों ने हिस्सा लिया। महाप्रबंधक साजिद हाकिम ने आभार जताया।

# बीएड प्रवेश परीक्षा की पहली पाली में शामिल हुए 89 फीसदी परीक्षार्थी

जन एक्सप्रेस। झांसी



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनय कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार सुबह की पाली में 751 परीक्षा केंद्रों की ओर से भेजी गई सूचना के मुताबिक कुल 344546 अभ्यार्थियों में से 305265 अभ्यर्थी शामिल हुए।

बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को प्रदेश के 69 जनपदों के 751 केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा में 89 फीसदी छात्रों ने हिस्सा लिया। कुछ जगहों पर गड़बड़ी की शिकायत भी सामने आई। अयोध्या स्थित एक परीक्षा केंद्र में छोटे भाई की जगह परीक्षा देते हुए बड़ा भाई पकड़ा गया। वहीं, बलिया में एक महिला अपनी रिश्तेदार की जगह परीक्षा देकर चलती बनी। परीक्षा के बाद छानबीन में यह मामला पकड़ा गया। दोनों ही मामलों की सूचना पुलिस को भी दी गई है। हालांकि इसके अलावा अन्य किसी गड़बड़ी की सूचना अभी तक नहीं मिली है।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनय कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार सुबह की पाली में 751 परीक्षा केंद्रों की ओर से भेजी गई सूचना के मुताबिक कुल 344546 अभ्यार्थियों में से 305265 अभ्यर्थी शामिल हुए। कौशांबी स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल कॉलेज के कमरा नंबर 15 में गड़बड़ी की आशंका पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बने कंट्रोल रूम से ऑब्जर्वर डॉ .धीरेंद्र शर्मा को वहां भेजा गया। डॉ. धीरेंद्र के पहुंचने पर इस कमरे में परीक्षार्थी बेहद करीब-करीब बैठे पाए गए। इस पर ऑब्जर्वर ने कार्रवाई करते हुए कक्ष निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया। इसके अतिरिक्त प्रथम पाली की परीक्षा सभी केंद्रों में सकुशल तरीके से पूरी हुई।

दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगी। झांसी में बीयू कैंपस में बने सात केंद्रों पर 3476 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। इसमें झांसी, ललितपुर के अलावा आसपास के जिलों के परीक्षार्थी शामिल होने पहुंचे हैं। इस दौरान सुरक्षा के भी चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। बीयू स्थित परीक्षा केंद्र के आसपास पुलिस बल तैनात रहा। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह, नवाबाद थाना प्रभारी संतोष अवस्थी भी पुलिस फोर्स के साथ गश्त करती रही।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, रेल पटरी पर पड़ा मिला शव

जन एक्सप्रेस। झांसी

गुरसराय के अड़जरा गांव निवासी अमर (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार को उसका शव सीपरी बाजार के आईटीआई रेलवे ओवर ब्रिज के पास रेल पटरी पर पड़ा मिला। शरीर में चोट के निशान भी मिले है। परिवार के लोग उसकी मौत की वजह नहीं बता पा रहे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है हालांकि ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। थाना गुरसराय के अड़जरा निवासी अमर पुत्र रामप्रकाश हिसार (हरियाणा) स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता था। परिजनों ने पुलिस को बताया 23 मई को अमर की चाची की मौत हो गई। 28 मई को अमर गांव आने के लिए ट्रेन में बैठा। इसके बाद से उसका पता नहीं चला। फोन भी स्विच ऑफ हो गया। 30 मई (शुक्रवार) को उसका शव आईटीआई रेलवे ओवरब्रिज के पास रेल पटरी पर मिला। परिजनों का कहना है ट्रेन में बैठने के बाद दो दिन तक लापता रहा। अमर आईटीआई के पास कैसे पहुंचा, यह भी समझ नहीं आ रहा। हालांकि शव के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन बरामद किया। उसके पास मिले आधार कार्ड से शिनाख्त करके पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

# रामेश्वर चौराहा प्रदर्शनी में झूले से गिरकर युवक की मौत, संचालक फरार

जन एक्सप्रेस। उरई

मेला महोत्सव के दौरान प्रदर्शनी में लगे एक झूले से गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद प्रदर्शनी संचालक मौके से भागने में सफल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मेला बंद करवाया और शव को कब्जे में लेकर संचालक की तलाश शुरू कर दी है। शहर में स्थित रामेश्वर चौराहे पर आयोजित उरई महोत्सव और मेले के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सूत्रों के अनुसार 30 मई की रात प्रदर्शनी में लगे झूले से एक युवक अचानक नीचे गिर गया और इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को छुपाने के लिए प्रदर्शनी संचालकों ने मृतक के शव को पास में स्थित शराब के ठेके के बाहर रख दिया। हालांकि, उनकी यह चाल कामयाब नहीं हो सकी, क्योंकि शराब ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई थी। इसके बाद ठेकेदार ने तुरंत इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक प्रदर्शनी संचालक फरार हो चुके थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रदर्शनी को बंद करवा दिया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने इस मामले में कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और फरार संचालकों की तलाश में जुट गई है। वही घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के मेलों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता, जिसके कारण ऐसी दुर्घटनाएं होती हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज को आधार बनाकर संचालकों की तलाश कर रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने से अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

एट थाना क्षेत्र के पिरौना में हालत बिगड़ने से अधेड़ की मौत हो गई। परिजनों द्वारा अधिक शराब पीने के कारण घटना होने की आशंका जताई जा रही है।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना निवासी अजय कुमार 43 वर्ष अहिरवार गांव में सिलाई की दुकान कर कपड़े बनाने का कार्य करता था। शनिवार की रात उसकी तबियत अचानक खराब हुई और परिवार के लोग उसे उपचार के लिए कोंच सीएचसी ले जा रहे थे कि उसकी रास्ते में मौत हो गई। सीएचसी पर जब परिजन पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया और सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक शराब का आदि था, आशंका है कि अधिक शराब पीने के कारण उसकी मृत्यु हुई है। थाने के उपनिरीक्षक चेतराम बुंदेला ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

पृष्ठ 8 से आगे.....

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 41. | ग्राम बबीना में मैन रोड से रवि धानुक के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 2.440 | 4900.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 42. | ग्राम जमरेही (गोहना) में विजयपाल के मकान से मलखान के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.320 | 12650.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 43. | ग्राम जमरेही (गोहना) में शिवशंकर के मकान से प्रा0 स्कूल की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.870 | 13750.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 44. | ग्राम ग्राम जमरेही (लोधीपुर) मे हरदौल के मकान से रामबाबू के मकान की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 6.080 | 12200.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 45. | ग्राम बरही में चौकी की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य। | 9.110 | 18250.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 46. | ग्राम बबीना में मन्दिर परिसर एवं अवशेष भाग में इण्टरलॉकिंग एवं साइडवाल निर्माण कार्य। | 2.630 | 5300.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 47. | ग्राम मरगाया में रोहित पनामी के मकान से राजेश की चक्की तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 3.330 | 6700.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 48. | ग्राम निस्वापुर में रामजीवन के मकान से बृजभान के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 7.380 | 14800.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |
| 49. | ग्राम बड़ागांव में बब्लू के मकान से खेरापति की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 9.980 | 20000.00 | 500.00+GST+ 500.00 Stationery | 2 माह |

1. निविदा प्रपत्र खण्ड विकास अधिकारी कदौरा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग जिला पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारी को ही निर्गत की जायेगी।
2. बिका हुआ टेण्डर फार्म वापस न होगा। किसी भी कार्य की मात्रा/मद बढ़ाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
3. निविदा में दरे आइटमवार भरी जानी चाहिये। सही प्रकार से दरें न भरे जाने पर निविदा निरस्त की जा सकती है।
4. निविदादाता को निविदा के साथ 10000 का स्टाज्य एवं 100 रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर करना होगा। इसके साथ नियमानुसार T4,T5,T6 भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदा स्वीकार होने पर अनुबन्ध के साथ ठेकेदार को जमानत धनराशि के रुप में कुल मिलाकर 10 प्रतिशत धनराशि राष्ट्रीय बचतपत्र डाकघर पासबुक एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी कदौरा (जालौन) के नाम बन्धक हो, जमा करनी होगी। अन्य कोई जमानत धनराशि मान्य न होगी।
6. निविदा स्वीकार किये जाने की दशा में निविदादाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदानुसार स्टाज्य शुल्क भी देय होगा।
7. निविदा को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
8. अनुबन्ध के बीजक में से नियमानुसार जी0एस0टी0, आयकर, रायल्टी एवं अन्य अनुमन्य कटौतिया की जायेगी।
9. एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
10. किसी कार्य पर धन उपलब्ध न होने की दशा मे कार्यादेश धन उपलब्ध होने के बाद ही निर्गत किया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**क्षेत्र पंचायत, कदौरा (जालौन)**

**अध्यक्ष**
**क्षेत्र पंचायत, कदौरा (जालौन)**

# रामपुर विकास खंड में विशेष सचिव ने किया औचक निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




आकांक्षात्मक विकास खंडों में धरातलीय बदलावों की पड़ताल के क्रम में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं विशेष सचिव, आयुष विभाग श्री हरिकेश चौरसिया ने आज विकासखंड रामपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत पचवल में निर्माणाधीन पंचायत भवन का औचक निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया।

विशेष सचिव ने निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप व संतोषजनक बताया, साथ ही निर्देश दिए कि भवन में सीढ़ी के साथ-साथ रैंप का निर्माण भी अनिवार्य रूप से किया जाए, जिससे वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि मुख्य चिकित्साधिकारी से समन्वय कर भवन परिसर की रिक्त भूमि पर स्थायी एनम केंद्र की स्थापना पर कार्यवाही करें, क्योंकि वर्तमान में यह केंद्र किराए के भवन में संचालित हो रहा है। इसके पश्चात श्री चौरसिया ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह के आजीविका संवर्धन केंद्र का निरीक्षण किया और समूह की महिलाओं से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की।

विशेष सचिव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामपुर का भी औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था आदि का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक से मुलाकात कर टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोज, ग्राम प्रधान, अन्य विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे।

# रालोद के क्षेत्रीय समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

- अपने बूते पंचायत चुनाव में उतरेगी रालोद- रामाशीष राय, संगठन की मजबूती से हासिल होंगे लक्ष्य: त्रिलोक त्यागी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




रविवार को राष्ट्रीय लोकदल की क्षेत्रीय समीक्षा बैठक और सदस्यता अभियान पर प्रेस क्लब सभागार में विचार विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि रालोद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पद चिन्हों पर चलते हुये किसानों, कमेरा वर्ग के हितों के लिये राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जयन्ती चौधरी के मार्ग दर्शन में निरन्तर गतिशील है। उन्होने क्षेत्रीय पदाधिकारियों से सांगठनिक स्थिति पर जानकारी प्राप्त करते हुये कहा कि मजबूत संगठन से ही राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक लक्ष्य पूरे होंगे, इसके लिये हम सबको मिलकर 2027 के विधानसभा चुनाव से पूर्व मजबूत संगठन बनाना होगा।

मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि पंचायत चुनावों की तैयारियां शुरू हो गई है। कार्यकर्ता अभी से बूथ स्तर की समीक्षा कर ले, पार्टी पूरी ताकत से चुनाव मैंदान में उतरेगी। राष्ट्रीय सचिव सुधाकर पाण्डेय और अनुपम मिश्र ने सदस्यता अभियान तेज करने पर जोर दिया। संतकबीर क्षेत्र के सदस्यता प्रभारी रजनीकान्त मिश्र ने कहा कि नियमित रूप से सदस्यता अभियान चलाने का क्रम जारी है।

प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल ने कहा कि पूर्वान्चल में रालोद किसानों, नौजवानों, समाज के सभी वर्गो से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा रही है। इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। उपाध्यक्ष सुड्डु मिश्र, अम्बुज पटेल ने कहा कि मजबूत संगठन से ही लक्ष्य प्राप्त होंगे।

समीक्षा बैठक और सदस्यता अभियान कार्यकम की अध्यक्षता करते हुये विवेक चौधरी ने कहा कि जो विचार और सुझाव सामने आये हैं उसे पूरी तत्परता से पूरा किया जायेगा। संचालन करते हुये महिपाल पटेल ने रालोद के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बैठक से पहले राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष विवेक चौधरी, ऐश्वर्यराज सिंह ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुये कहा कि रालोद मजबूती से जनता का भरोसा जीत रहा है और पार्टी को पूर्वान्चल में मजबूत करने के लिये निरन्तर प्रयास जारी है। इसी क्रममें औरंगजेब के साथ अनेक लोगों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण किया।

क्षेत्रीय समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से सर्वेश वर्मा, विपिन श्रीवास्तव, अशोक सिंह, चन्द्र प्रकाश दूबे, भगवानदास विश्वकर्मा, कुलदीप, सतीश दूबे, पी.के. पाठक, विपिन सिंह, शोभनाथ चौधरी, रमाशकर चौहान, विनोद कुंवर, सुग्रीव भारती, राम सिंह पटेल, राधेश्याम चौधरी, अरूण चौधरी, इरफान अहमद, गीता वर्मा, अभय पटेल, राम कृपाल चौहान, प्रदीप चौधरी, ओंकारनाथ चौधरी, परवेज अहमद, मुन्नीलाल मास्टर, त्रिपुरेश प्रताप पाठक, चन्द्रिका प्रसाद, शिव कुमार गौतम, श्रीराम मौर्य, सामईन फारूकी, कुलदीप प्रसाद, अरविन्द त्रिपाठी, शम्भू गोपाल चौधरी, गोरखनाथ चौधरी, नागेन्द्र कुमार, शेर सिंह के साथ ही संतकबीर क्षेत्र के बस्ती, गोरखपुर मण्डल और अम्बेडकर नगर जनपद के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# 10 जून को आयोजित विजय उत्सव बैठक के लिए सुभासपा ने बनाई रणनीति

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेंगे कार्यक्रम में हिस्सा- विनोद कुमार राजभर

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज कुमार राजभर की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 10 जून को चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव के विजय दिवस पर बहराइच जनपद के चित्तौडा झील नानपारा के मैंदान में आयोजित कार्यक्रम की रूप रेखा, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति पर विचार किया गया।

सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार राजभर ने बैठक में बताया कि विजय उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर स्वयं कार्यक्रम की सफलता के लिये निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। कहा कि यह विजय उत्सव ऐतिहासिक होगा और चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव के योगदान पर विस्तार से चर्चा होगी जिससे देश प्रदेश की जनता को ऐसे राष्ट्रवीर के बारे में विस्तार से जानकारी मिले। पूर्व मंत्री रामललित चौधरी, वृजभूषण मिश्र, चर्तुभुजी पाण्डेय, डा. तुलसीराम, अमन राजभर, उमेश राजभर, राजेश राजभर आदि ने बैठक को सम्बोधित करते हुये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। मुख्य रूप से लक्ष्मी देवी राजभर, अर्जुन राजभर, सत्येन्द्र शुक्ल, रामकिशुन राजभर, विजय कुमार राजभर, अजय राजभर, राजन राजभर, बब्लू यादव, दीपक यादव, टिम्मल राजभर, राजकुमार राजभर, जितेन्द्र राजभर, उमेश चन्द यादव, परशुराम चौधरी, लालमन पासवान, दिनेश राजभर, नन्दलाल राजभर, शिव प्रताप सिंह, अर्जुन राजभर के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिस दवा से सुधरेंगे अपराधी दिया जायेगा वही डोज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** थाना परिसर में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने कहा कि अपराधियों के सुधार के लिए पुलिस हर प्रयास करेगी। यदि वे समझाने से,उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने से या फिर जेल जाने से सुधर गए तो ठीक है। अन्यथा वे जिस दवा से सुधरेंगे वही डोज पुलिस के द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि खुटहन थाना क्षेत्र के लगभग 160 गांवो में दो सौ से अधिक संज्ञेय अपराधों के वांछित निवास करते हैं। उन्होंने ग्राम प्रधानों से आग्रह किया कि ऐसे अपराधियों की सूचना पुलिस को अवश्य दें। उनका नाम गोपनीय रखा जायेगा। आगे कहा कि जौनपुर जिला बुद्धिमत्ता को लेकर बहुत आगे है। यहां से तमाम लोग आईएस और आईपीएस बनकर देश की सेवा कर रहे हैं। कुछ लोग यहां से हजारों किमी दूर शहरों में जाकर बड़े ब्यवसायी व उद्योगपति बने हुए हैं। वहीं कुछ लोग अपनी बुद्धि और विवेक का दुर्पयोग कर अपराध या पड़ोसियों के विवाद में घर पर ही पड़े रहकर मुकदमा लड़ रहे हैं। वे खुद के विकास को पीछे की तरफ जाता देख परेशान भी है। लेकिन एक ग़लत इगो पालकर अपना नुकसान कर रहे हैं।

# किराने की दुकान में चोरी, परशुरामपुर पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल ?

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



सिकंदरपुर क्षेत्र में किराने की दुकान में चोरी ने परशुरामपुर पुलिस के गश्त की पोल खोल दी है।

परशुरामपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बाजार में शनिवार की रात चोरो ने एक किराना स्टोर की दुकान को निशाना बनाया। छत पर बने गिमटी की दीवाल को तोड़कर चोर घर के अंदर प्रवेश हुए।

जानकारी के मुताबिक प्रदीप गुप्ता की सिकंदरपुर बाजार में प्रेम किराना स्टोर के नाम से दुकान है। प्रदीप गुप्ता का कहना है कि बीती रात भोजन करने के बाद परिवार के लोग दुकान के पीछे आवासीय भाग में एक कमरे में सो रहे थे। रात में चोर छत की गुमटी की दीवाल तोड़कर अंदर प्रवेश हुए और जिस कमरे में प्रदीप गुप्ता परिवार के सदस्यों के साथ सो रहे थे। उसमें बाहर से कुंडी लगा दिए। उसके बाद चोरों ने दुकान के अंदर प्रवेश करके चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें कुछ खाने पीने की चीजों के साथ गल्ले में रखा करीब 20 हजार रूपये नगदी लेकर कर चोर फरार हो गए। रविवार को सुबह 4 बजे के करीब जब प्रदीप की नींद खुली तो कमरे का दरवाजा खोलना चाहे तो दरवाजा बाहर से बंद था प्रदीप ने शोर मचाना शुरू किया। आसपास के लोगों मौके पर पहुचे और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान में लगे ताले को तुड़वाकर अंदर प्रवेश किया। क्योंकि दुकान में लगे ताले की चाबी प्रदीप के ही पास थी।

पीड़ित प्रदीप ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## स्तन की सर्जरी कर चिकित्सक ने निकाला तीन सौ ग्राम का ट्यूमर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला।** क्षेत्र का पट्टीनरेंद्रपुर निवासी एक पशुपालक की रॉटविलर प्रजाति की मादा स्तन ट्यूमर से प्रभावित थी। रविवार को उसकी सर्जरी कर चिकिन्सक ने लगभग तीन सौ ग्राम का ट्यूमर निकाला। फिलहाल पालतू मादा की हालत अब स्थिर है। बताया जा रहा है कि उक्त गांव निवासी सोनू गुप्ता की पालतू उक्त मादा लब्बे समय से स्तन ट्यूमर से पीड़ित थी,जो उसकी सेहत के लिए घातक बनता जा रहा था। बहरहाल रविवार को उक्त मादा को पशु चिकिन्सा के क्षेत्र में ख्यातिप्राप्त सर्जन डॉ. आलोक सिंह पालीवाल के शाहगंज स्थित आवास पर ले जाया गया, जहां डाक्टर पालीवाल द्वारा बड़ी ही कुशलता से सर्जरी कर ट्यूमर निकाला गया। डॉ. आलोक सिंह ने बताया कि मादा के स्तन में लगभग तीन सौ ग्राम वजन का ट्यूमर विकसित हो चुका था। यदि समय से इसकी सर्जरी नहीं की जाती तो यह वीभन्स रूप पकड़ लेता।

# आयुष्मान केंद्र में नहीं आयुष्मान जैसी व्यवस्था

- बरसठी के बरेठी गांव में बदहाल मिनी स्वास्थ्य केंद्र, मरीज कर रहे दूरी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जहाँ एक ओर केंद्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को गाँव-गाँव तक पहुँचाने के लिए 'आयुष्मान भारत योजना' के अंतर्गत मिनी स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

बरसठी ब्लॉक के बरेठी गांव में बने आयुष्मान मिनी स्वास्थ्य केंद्र की हालत इतनी बदतर है कि मरीज वहां इलाज कराने की बजाय दूर स्थित शहरों और निजी क्लीनिकों का रुख करने को मजबूर हैं।

### शिकायतकर्ता बोले - यह कैसा आयुष्मान?

गांव के ही निवासी चंद्र शेखर सिंह ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर बताया कि ‟ हमारे गांव में मिनी स्वास्थ्य केंद्र तो है, लेकिन वहां न पंखा है, न शौचालय, न दवाइयाँ, न ही कोई आधारभूत सुविधा। गर्मी में तो बैठकर इलाज कराना तक मुमकिन नहीं है।

जिम्मेदार क्या कहते हैं?

जब इस विषय में उप-स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी से सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि ‟ सभी सुविधाओं के लिए बजट आवंटित किया जा चुका है, और जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।

लेकिन जब इसी केंद्र पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों से बात की गई, तो उनके पास इस दुर्दशा का कोई ठोस जवाब नहीं था ‟ जिससे साफ झलकता है कि या तो बजट का सही उपयोग नहीं हो रहा, या फिर कहीं न कहीं सरकारी धन की बंदरबांट हो रही है।

### स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलती तस्वीर

- सरकारी दावों की हवा निकलती नज़र आ रही है
- आमजन को मिलनी थी नि:शुल्क और सुगम स्वास्थ्य सेवा
- **हकीकत**- बिना पंखा, बिना दवा, बिना सुविधाओं के 'मिनी' केंद्र

**प्रश्न उठ रहे हैं —**

- सरकार की महन्वाकांक्षी योजना को क्यों लापरवाही की भेंट चढ़ाया जा रहा है?
- आवंटित बजट का हिसाब कौन देगा?
- ज़िम्मेदार अधिकारी मौन क्यों हैं?

### अब जनता पूछ रही है - क्या आयुष्मान का मतलब सिर्फ पोस्टर और उद्घाटन तक ही सीमित है?

स्वास्थ्य विभाग को जल्द संज्ञान लेना होगा, वरना जनता का भरोसा सिर्फ योजनाओं पर नहीं, सरकार पर से भी उठने लगेगा।

# राजनीति से क्रिकेट तक: अब रिश्ते की डोर में बंधेंगे प्रिया सरोज और रिंकू सिंह

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



सियासत की गलियों से लेकर क्रिकेट के मैदान तक अब एक नया रिश्ता बंधने जा रहा है ‟ और वो भी ऐसा, जो चर्चाओं से परे अब खबरों की सुर्खी बन चुका है!

मछलीशहर से समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद प्रिया सरोज और टीम इंडिया के उभरते क्रिकेट सितारे रिंकू सिंह 18 नवंबर 2025 को विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी वाराणसी के प्रतिष्ठित होटल ताज में होगी, जहां देश भर की राजनीतिक, फिल्मी और खेल जगत की हस्तियों का जमावड़ा लगेगा।

### 8 जून को लखनऊ में रिंग सेरेमनी

इस हाई-प्रोफाइल शादी का पहला पड़ाव 8 जून को लखनऊ में होगा, जहां प्रिया और रिंकू एक-दूसरे को अंगूठी पहनाएंगे। पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ होने वाली इस रिंग सेरेमनी में भी कई दिग्गज नेताओं और क्रिकेटर्स के शामिल होने की संभावना है।

### क्रिकेटर और सांसद - दो अलग दुनिया, एक खास रिश्ता

रिंकू सिंह ‟ वो नाम जिसने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलते हुए एक ही ओवर में पांच छक्के जड़कर इतिहास रच दिया। अलीगढ़ के एक साधारण परिवार से निकलकर टीम इंडिया तक पहुंचे रिंकू अब देश की संसद में पहुंची एक प्रखर अधिवक्ता और सांसद प्रिया सरोज के जीवनसाथी बनने जा रहे हैं।

### कौन हैं प्रिया सरोज?

जौनपुर की केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज की पुत्री प्रिया सरोज इस बार मछलीशहर से सांसद बनीं। पेशे से अधिवक्ता और विचारों से प्रगतिशील प्रिया की जीत ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंका दिया था। अब उनकी शादी का ऐलान राजनीतिक गलियारों में भी हलचल मचा रहा है।

तूफानी सरोज ने की पुष्टि

### सपा विधायक तूफानी सरोज ने खुद इस रिश्ते की पुष्टि की है उथ्होंने बताया,

हमने अलीगढ़ जाकर रिंकू के परिजनों से मुलाकात की थी। सभी ने इस रिश्ते को सहर्ष स्वीकार किया है। दोनों परिवारों की रजामंदी और बच्चों की पसंद के बाद यह निर्णय लिया गया।

### परिवारों की सहमति से, सादगी और शान का संगम

शादी पूरी तरह पारंपरिक और रीति-रिवाजों के अनुसार होगी, लेकिन मेहमानों की सूची देखकर यह साफ है कि यह विवाह उत्तर भारत की सबसे चर्चित शादियों में शामिल हो सकता है। फिल्म स्टार्स, बड़े उद्योगपति, क्रिकेट जगत के सितारे और दिग्गज राजनेता - सबके आमंत्रण भेजे जा चुके हैं।

सूत्रों के मुताबिक, प्रिया और रिंकू एक-दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों ने समय लिया, एक-दूसरे को समझा और फिर रिश्ते को नाम देने का निर्णय लिया। यह रिश्ता केवल परिवारों की सहमति से नहीं, बल्कि आपसी समझ और सम्मान पर भी आधारित है।

### राजनीति + क्रिकेट = पावर कपल

यह जोड़ी निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में एक पावर कपल के रूप में देखी जाएगी।

जहां एक ओर संसद में प्रिया की दमदार आवाज गूंजेगी, वहीं दूसरी ओर क्रिकेट के मैदान पर रिंकू सिंह अपने बल्ले से देश का नाम रोशन करेंगे।

### अब सबकी निगाहें नवंबर पर

अब निगाहें 18 नवंबर पर टिकी हैं, जब वाराणसी की शाम ताज होटल में राजसी अंदाज में रोशन होगी - और प्रिया-रिंकू, साथ-साथ जीवन की नई पारी की शुरुआत करेंगे।

# राजस्व वाद के निस्तारण में जौनपुर प्रदेश में रहा अव्वल

मासिक रिपोर्ट : मई 2025

निर्धारित मानक निस्तारण न्यायालय वार रिपोर्ट

| क्रमांक | जनपद | न्यायालय | निस्तारण का कुल मानक | निस्तारित वाद | मानक के सापेक्ष प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जौनपुर | अपर जिलाधिकारी, भू-राजस्व | 50 | 208 | 416.00% |
| 2 | सुल्तानपुर | उपजिलाधिकारी, राजस्व | 60 | 220 | 366.67% |
| 3 | जौनपुर | अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व | 50 | 146 | 292.00% |
| 4 | बाराबंकी | अपर जिलाधिकारी,वित्त एवं राजस्व | 50 | 138 | 276.00% |
| 5 | देवरिया | उपजिलाधिकारी (जनपद स्तर),अतिरिक्त | 60 | 152 | 253.33% |
| 6 | अयोध्या | जिलाधिकारी | 30 | 69 | 230.00% |
| 7 | हरदोई | अपर जिलाधिकारी,वित्त एवं राजस्व | 50 | 114 | 228.00% |
| 8 | जौनपुर | जिलाधिकारी | 30 | 66 | 220.00% |

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

राजस्व वादों के निस्तारण में मई महीनें में जारी जनपद वार लिस्ट में जनपद जौनपुर को शीर्ष स्थान मिला है। सूची जारी होने पर जनपद के टाप पोजीशन होने पर जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने राजस्व कर्मियों की सराहना भी की। डीएम डॉ दिनेश चंद्र ने कहा कि मई 2025 में राजस्व की अधिकारिक वेबसाइट पर जारी निस्तारण प्रतिशत में जौनपुर मानक के सापेक्ष 225 प्रतिशत के साथ वादों का निस्तारण करते हुए प्रदेश भर में शीर्ष स्थान पर रहा। राजस्व मामले के सर्वाधिक निस्तारण करने वाले मे एडीएम भू एवं राजस्व अजय कुमार अम्बष्ठ प्रथम रहे, एडीएम भू राजस्व ने मई माह में अकेले ही मई माह में 208 वादों का निस्तारण किया जो मानक का 416 प्रतिशत है। वादो का निस्तारण किया। एडीएम् भू राजस्व अजय कुमार अम्बष्ठ ने बताया ने बताया कि वर्षो से लम्बित वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा

## सड़क दुघर्टना में मैजिक व पिकअप की भिड़ंत में तीन घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग अलग स्थानों पर सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकिन्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के बड़ागांव में रविवार की दोपहर पिकअप व मैजिक की भिड़ंत में मैजिक चालक वाराणसी के सभाइपुर निवासी 40 वर्षीय इबरान पुत्र मुर्तजा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकिन्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकिन्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं क्षेत्र के सुरिस गांव निवासी 35 वर्षीय गिरीश पुत्र रामबली रविवार को खुटहन मार्ग स्थित लक्ष्मी टावर के समीप बाइक से घर आ रहें थे lकि सड़क दुघर्टना में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं खुटहन थाना क्षेत्र के तिसौली गांव निवासी 59 वर्षीय रामलवट यादव पुत्र स्व पुनवासी अपने बाइक से किसी काम शाहगंज आ रहें थे।

# रामकृपाल की संदिग्ध मौत से हतप्रभ हैं गांव वाले

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

गभिरन मैरवां गांव निवासी व अवकाश प्राप्त क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी 65 वर्षीय रामकृपाल यादव का शव जिले के वाजिदपुर तिराहे के पास पाये जाने की खबर से सिर्फ उनका परिवार ही नहीं पूरे गांव के लोग हतप्रभ हैं। वह सीधे सरल और मिलनसार स्वभाव के थे। स्वजनों का कहना है कि उनका गांव में किसी से कोई पुरानी रंजिश भी नहीं है। घटना के पीछे क्या कारण है,यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। गांव निवासी व खानदान के ही रिस्ते में उनके चचेरे भाई रायसाहब यादव ने बताया कि शनिवार को लगभग 11 बजे वह रामकृपाल के घर उनके साथ खाना खाया था। उसके बाद हम अपने घर चले गए। लगभग दो घंटे बाद जब फिर से राय साहब उनसे मिलने गए तो पता चला कि वे अपनी स्कूटी से कहीं चले गए। सुबह उनकी संदिग्ध मौत होने की सूचना मिलते ही लोग एक बार तो विश्वास ही नहीं कर सके। मौत की पुष्टि होने के बाद सभी की आंखें नम हो गईं।

### मृतक की पत्नी,दो बेटे और बहुएं हैं अध्यापक

खुटहन - आर्थिक दृष्टि से भी मृतक रामकृपाल यादव का परिवार संपन्न माना जाता है। वह खुद समाज कल्याण विभाग से लगभग चार वर्ष पूर्व कार्यमुक्त हुए थे। इनकी पत्नी विद्या देवी परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर हैं। बड़ा पुत्र मनीष यादव घर पर रहकर खेतीबाड़ी करते हैं। दूसरे नंबर के अवनीश इंटर कालेज में तथा इनकी पत्नी सरिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। तीसरे पुत्र सौरभ यादव और इनकी पत्नी दोनों प्राइमरी में शिक्षक हैं। घर पर मृतक की पत्नी विद्या देवी तथा बड़ा पुत्र व बहू रहते हैं। तीसरे पुत्र सौरभ जौनपुर शहर में बने आवास में रह रहे हैं। मृतक रामकृपाल कभी गांव तो कभी शहर के आवास पर निवास करते थे।

# बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

बदलापुर विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं कर्मठ भारतीय जनता पार्टी से लगातार दो बार से विधायक रमेश चंद्र मिश्र को पुनः एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ है। उन्हें अमेरिका के बोस्टन, मैसाचुसेट्स में 4 अगस्त से 6 अगस्त, 2025 तक आयोजित होने वाले ÷नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ स्टेट लेजिस्लेचर्स समिट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यह आमंत्रण नेशनल लेजिस्लेटर्स कॉन्फ्रेंस भारत की ओर से भेजा गया है, जो भारतीय जनप्रतिनिधियों को वैश्विक मंच पर ले जाकर लोकतांत्रिक संवाद और नीति-निर्माण में भागीदारी का अवसर देता है।

गौरतलब है कि नेशनल लेजिस्लेटर्स कान्फ्रेंस समिट विश्व का सबसे बड़ा विधायी सम्मेलन माना जाता है, जहां विभिन्न देशों के सांसद, विधायक और नीति निर्माता आपसी विचार-विमर्श कर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करते हैं। बदलापुर की धरती से उठी आवाज अब अमेरिका के लोकतांत्रिक मंच तक पहुंचेगी ‟ यह क्षण बदलापुर और जौनपुर के लिए गर्व का प्रतीक है।

### इस अवसर पर विधायक श्री मिश्र ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा,

यह मेरे लिए अन्यंत गौरव का विषय है कि मुझे इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधिन्व करने का अवसर मिला है। मैं इस विशेष आमंत्रण के लिए नेशनल लेजिस्लेटर्स कान्फ्रेंस भारत और उनकी संपूर्ण टीम का हृदय से आभार प्रकट करता हूं। यह सम्मान न केवल मेरा है, बल्कि पूरे बदलापुर क्षेत्र की सवा लाख जनता का है, जिन्होंने सदैव मुझे स्नेह और समर्थन दिया।

# सपा का युवा सम्मेलन, स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार को घेरा, युवाओं से की संगठन मजबूत करने की अपील

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



समाजवादी पार्टी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने रविवार को पार्टी कार्यालय पहुंचकर आयोजित युवा सम्मेलन व प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत कर उनके अंदर जमकर जोश भरा। उन्होंने युवाओं से 2027 विधानसभा चुनाव में पीडीए फार्मूला जन जन तक पहुंचाने की बात कही। जिससे एक बार फिर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बन सके। युवजन सभा के युवा सम्मलेन व प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम को सम्बोधित करने पहुंचे मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी को जिलाध्यक्ष युवजन सभा अमन अंजुन ने 51 किलो की माला व अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी पदाधिकारियों के साथ किया भव्य स्वागत कार्यक्रम कराने का मुख्य उद्देश्य बताते हुए जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए 2027 में पीडीए की सरकार बनाने का किया आवाहन। कार्यक्रम में जनपद के युवजन सभा के पदाधिकारी व तमाम कार्यकर्तागण सहित अन्य कई बड़े नेता युवा सम्मलेन में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी ने सत्ता में काबिज बीजेपी पर निशाना साधते हुए जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के 100 साल और आजादी के 75 वर्षों में समाजवादियों ने सामाजिक जीवन को समृद्ध एवं सशक्त बनाने हेतु कुछ जीवन मूल्य, आदर्श और सिद्धांत स्थापित किए. बीजेपी की सरकार और सहयोगी संगठन लगातार उन समाजवादी मूल्यों को मिटाने का षड्यंत्र कर रहे हैं। इनकी घर वापसी करते हुए हम सबको एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करते हुए 2027 में पीडीए फार्मूले से सरकार बनानी हैं। वहीं युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अमन अंजुम ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है,महंगाई से जनता त्रस्त हो चुकी है। सरकार के पास न तो सरकारी नौकरी देने को है और न ही किसी तरह का कोई रोजगार, केवल और केवल जुमलेबाजी कर राजनैतिक रोटी सेकने का काम भारतीय जनता पार्टी लगातार करती आई हैं। 2027 में इसको सत्ता से हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है। इस मौके पर फ्रंटल संगठन मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड से अध्यक्ष अंकित यादव, छात्र सभा से लकी यादव व लोहिया वाहिनी से राहुल अग्निहोत्री मौजूद रहे। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अमन अंजुन के नेतृत्व में अलग अलग विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता साथियो ने मौजूद होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने में अहम भूमिका निभाई। श्री अंजुम ने अपने सम्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी एवं समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश यादव का विशेष आभार प्रकट करते हुए भरोसा दिलाया की स्मृतिशेष लोहिया जी व मुलायम सिंह यादव के विचारों पर चलकर 2027 में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को हम सब पुनः मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमंत पाल ने किया। इस मौके पर कानपुर महानगर से आए युवजन सभा के अध्यक्ष अर्पित यादव, जिला उपाध्यक्ष हाजी सैय्यद इरफान, शिवशंकर गौतम, युवजन सभा के पदाधिकारी वरूण पांडेय, जुनैद मिर्जा, सतीश यादव, आसिफ खान, सर्वेश पाल सहित अन्य कई समाजवादी कार्यकर्ता व पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तिर्वा मेडिकल कॉलेज में पीने के पानी की भारी किल्लत

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिले के तिर्वा मेडिकल कॉलेज में इन दिनों मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कारण है अस्पताल परिसर में शुद्ध पेयजल की अनुपलब्धता। अस्पताल में लगे सभी आरओ सिस्टम लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पीने के लिए पानी तक नसीब नहीं हो रहा। मेडिकल कॉलेज के पूरे परिसर में आधा दर्जन से अधिक आरो लगे हैं, लेकिन सभी मशीनें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। न कोई नल चालू है और न ही अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के चलते मरीजों को अस्पताल से करीब 500 मीटर दूर जाकर पानी खरीदकर लाना पड़ रहा है। जिन मरीजों को इलाज के लिए बिस्तर पर रहना चाहिए, उनके परिजनों को पानी की तलाश में अस्पताल परिसर से बाहर भटकना पड़ रहा है। तीमारदारों का कहना है कि इतनी बड़ी स्वास्थ्य सुविधा होने के बावजूद पीने तक का पानी न होना बेहद शर्मनाक है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सी.पी. पाल ने मामले में सफाई देते हुए कहा कि, आरओ मशीनें खराब होने की सूचना संबंधित विभाग को दी जा चुकी है।

# राकेश कर्रा के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा तांता

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा ने अपने समर्थकों के साथ लखपेड़ाबाग स्थित आवास पर केक काटकर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया। सैकड़ों समर्थकों ने गुलदस्ता भेंट कर, गले मिलकर, एसएमएस, व्हाट्सअप, फेसबुक, इन्स्टा ग्राम व ट्विटर के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, डॉ विवेक सिंह वर्मा, पूर्व प्रत्याशी डॉ रामकुमारी मौर्य समेत कई भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बधाइयां दी। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि राकेश वर्मा बेहद ही सौम्य और सुलझे हुए राजनेता हैं। वे दीर्घायु हों और हमेशा सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों में तत्पर रहें, यही ईष्वर से कामना करता हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने अपने सभी समर्थकों और पार्टी के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने जो काम किया है, उससे प्रदेश और देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत का मान बढ़ा है। आने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। हमें पूरी तन्मयता से सरकार की योजनाओं और भाजपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ शिव स्वामी वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवा अरविंद वर्मा बब्लू, पंकज वर्मा, भूपेंद्र वर्मा गिरीश, सुशील वर्मा, वेद प्रकाश, अज्जू भाई, हफीज भारती, तरुण कुशवाहा, छोटे पप्पू, मानू वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पसमान्दा मुसलमान अपनी राजनीतिक अनदेखी को लेकर चुप नहीं रहेगा: वसीम राईन

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

ऑल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज की राष्ट्रीय कमेटी और विभिन्न प्रान्त के प्रदेश अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक जूम एप के माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें बिहार राज्य में आगामी 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीतिक चर्चा की गई। इस बैठक में विशेष रूप से इस बात पर ज़ोर दिया गया कि पसमान्दा मुसलमानों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता। बैठक में वक्ताओं ने यह स्पष्ट किया कि पसमान्दा समाज अब केवल समर्थन देने वाली शक्ति नहीं रहेगा, बल्कि वह अपनी हिस्सेदारी के अनुसार टिकट वितरण पर भी सक्रिय निगरानी रखेगा। महाज के नेताओं ने कहा कि यदि राजनीतिक दल वाकई सामाजिक न्याय की बात करते हैं, तो उन्हें पसमान्दा समुदाय के योग्य प्रतिनिधियों को उचित संख्या में चुनावी टिकट देने होंगे। महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, अब वह समय आ गया है जब पसमान्दा मुसलमान अपनी राजनीतिक अनदेखी को लेकर चुप नहीं रहेगा। हमें हमारे अधिकार चाहिए और हर स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष पद पर एक बार फिर अशराफ वर्ग से व्यक्ति को नियुक्त किए जाने पर भी नाराजगी जताई गई। वक्ताओं ने इसे सामाजिक संतुलन के सिद्धांतों के खिलाफ बताया और मांग की कि आयोग में भी विविधता को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया जाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, राष्ट्रीय महासचिव वक़ार हवारी, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव तारिक़ क़ुरैशी, तेलंगाना के प्रदेश अध्यक्ष शकील अंसारी, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दानिश क़ुरैशी, बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तार बिन अहमद, बिहार प्रान्त से राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट जुबेर अंसारी, छत्तीसगण प्रान्त से राष्ट्रीय सचिव सम्सतबरेज अंसारी, राजू हवारी आदि संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# जिला अधिकारी गौरांग राठी ने हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता को जिला बदर किया

- उन्नाव की जनता पुलिस प्रशासन की सराहना करते नहीं थक रही है,
- हिस्ट्रीशीटर के करीबियों में अकूत बेनामी संपत्ति बचाने के प्रयास तेज

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



उन्नाव जनपद के बहुचर्चित हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता को जिला मजिस्ट्रेट न्यायलय में पुलिस द्वारा पूर्व में की गई गुंडा एक्ट की कार्रवाई पर सुनवाई करने के बाद आदेश सुरक्षित कर दिया था जो शनिवार को जारी कर अंशू गुप्ता को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया । जिला बदर का आदेश जेल से रिहा होने के बाद प्रभावी रहेगा अब जिस दिन अंशू गुप्ता जेल से बाहर आयेगा उसे छह माह के लिए उन्नाव छोड़ना पड़ेगा।जिला प्रशासन की कार्यवाही जहां जनपद में चर्चा का विषय बनी है वहीं राजनैतिक गलियारों में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष की पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला प्रशासन की कार्यवाही को अपने अपने तरीके से देख रहे हैं। राजनैतिक पार्टी के एक कार्यकता ने

### हिस्ट्रीशीटर के प्रकरण में विपक्ष मौन

नाम न छापने की शर्त पर बताया के अंशू गुप्ता के विरुद्ध कार्यवाही होने के पहले किसी की हिम्मत नहीं थी के कोई भी अंशू गुप्ता के विरुद्ध खड़ा हो सके। इसने सत्ता पक्ष और विपक्ष के लोगों को भी नहीं छोड़ा अंशू गुप्ता इतना शातिर था के अपने किसी भी व्यक्ति या महिला को किसी के भी विरुद्ध खड़ा कर फर्जी प्रार्थना पत्र पुलिस को दिला देते था उसके बाद अपने द्वारा गणित आई टी सेल द्वारा सम्बंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पर दबाव बना कर किसी का भी शिकार बड़ी आसानी से कर लेता था।जमीन के मामलों में तो इतना शातिर के किसी भी जमीन को विवादित कर देना इसके लिए पान खाकर थूकने जैसा था। जनपद में अंशू गुप्ता के सिंडिकेट का आंतक का अंदाजा आप इससे लगा सकते हैं के उत्तर प्रदेश में विपक्ष में बैठी पार्टी के किसी भी व्यक्ति ने अंशू गुप्ता के प्रकरण में मुंह नहीं खोला जबकि अंशू गुप्ता को जेल गये लगभग एक महीने हो रहें हैं।

अंशू गुप्ता सिंडिकेट के द्वारा प्रताड़ित की गई एक विकलांग की बुजुर्ग विधवा मां आज भी न्याय के लिए भटक रहीं हैं।

उन्नाव की जनता पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर पुलिस प्रशासन की कार्यवाही की सराहना कर रही हैं ।वहीं अंशू गुप्ता के आंतक पर अंशू के गुर्गों द्वारा बनाई गई अकूत बेनामी संपत्ति अंशू को जेल में और फरार गुर्गों को बाहर सोने नहीं दे रहीं हैं। क्योंकि गुर्गे ये जानते हैं के कैसे हमारे आका अपनी अनैतिक मंशाओं को पुर्ण करने के लिए लोगों पर राजनैतिक सांठगांठ कर पहले एक दो मुकदमें पंजीकृत करायें फिर गैंगस्टर की कार्यवाही करा कर लोगों की संपत्ति सीज करा जनपद में अपना वर्चस्व स्थापित किया था।

# प्राचीन हनुमान मंदिर शुक्लागंज में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

शुक्लागंज के राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन श्री महावीर मंदिर बाबा नीम करौरी भक्ति धाम शुक्लागंज उन्नाव में 1 जून को श्रद्धालुओं के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन पत्रकार सुरक्षा महासमिति के द्वारा किया गया पत्रकार सुरक्षा महासमिति के द्वारा भीषण गर्मी में नौतपा के चलते पत्रकार सुरक्षा महासमिति के प्रदेश उपाध्यक्ष गुड्डू मिश्रा की अगुवाई में शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव के प्राचीन श्री महावीर मंदिर बाबा नीम करौरी भक्ति धाम अशोक वाटिका शुक्लागंज मंदिर प्रांगण में शशि गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्लागंज उन्नाव कानपुर के सभी पत्रकार के द्वारा मंदिर पर उपस्थित होकर बड़े विधि विधान से बाबा का श्रृंगार व पूजा पाठ किया गया साथ ही साथ सुबह 10ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक शरबत वितरण का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में जनपद उन्नाव कानपुर शुक्लागंज के आधा सैकड़ा पत्रकारों ने भाग लिया मंदिर परिसर में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी और सभी ने इस धार्मिक आयोजन का लाभ लिया।

मंदिर प्रांगण में अवध की आवाज संवाददाता शशि गुप्ता की अध्यक्षता में कीर्तन भजन का आयोजन भी बड़ी धूमधाम से किया गया शरबत वितरण कार्यक्रम में जनपद उन्नाव कानपुर के आधा सैकड़ा पत्रकारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और आने-जाने वाले भक्तों को बिधी विधान से पूजा पाठ में शामिल करवा कर प्रसाद ग्रहण करवाया।

## बंकी रेलवे ओवरब्रिज की मिली स्वीकृति

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** रविवार को नगर पंचायत बंकी के नागरिकों ने भाजपा के पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के आवास पर पहुंचकर उनका जोरदार स्वागत किया। नागरिको का कहना था कि बंकी रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनने की स्वीकृति जो रेलवे मंत्रालय द्वारा दी गयी है उसमें आपका अहम रोल था। अपने स्वागत से खुष होकर पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि मैने अपने कार्यकाल में जनता की समस्याओं को सुलझाने के साथ साथ जनपद में विकास कार्यों को कराने में भी कोई कमी नही कर रखी थी। उन्होने कहा कि बंकी नगर पंचायत के नागरिकों की मांग पर बंकी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर मैं कई बार रेल मंत्री के साथ साथ रेलवे विभाग के अधिकारियों को भी पत्र लिखा था। जिसका नतीजा आप लोगों के सामने आ चुका है। उन्होने बताया कि बंकी रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज 87 करोड़ की लागत से बनेगा। स्वागत करने वालों में मुख्य रुप से अनूप यादव, सुनील कुमार मौर्या, देवराज त्रिपाठी, राहुल जायसवाल, सभासद रजी सिद्दीकी, सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# लखनऊ–कानपुर हाईवे पर स्टंटबाजी करते 6 युवक गिरफ्तार




- स्टंटबाज के शौक में पहुंचे लॉकअप, हाईवे को समझा शो ऑफ का मंच

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर स्टंटबाजी करने वाले 6 युवकों को उन्नाव की अजगैन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 4 बाइक भी जब्त की हैं। पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। टोल प्लाजा के पास गश्त कर रहे उपनिरीक्षक मो. कल्लन, उपनिरीक्षक मुकुल कुमार दुबे और कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह को कुछ युवक तेज रफ्तार से खतरनाक अंदाज में बाइक चलाते दिखे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में फतेहपुर के गाजीपुर निवासी निहाल उर्फ शानू (24), कानपुर के जूही पुरनपुरवा निवासी ऋषभ शर्मा (23), चंद्र नगर निवासी अर्जुन कश्यप (20), किदवईनगर निवासी परवेज (20) और वेदांश कुमार तथा आईटीआई गेट निवासी शिवम गौड़ (20) शामिल हैं। पुलिस ने चार बाइकें सीज कीं। सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। बाइकें धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज की गई हैं। अजगैन पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर स्टंटबाजी गैरकानूनी है और यह आम लोगों की जान के लिए खतरा है। ऐसी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घर से रूठकर गया युवक बाग में फांसी पर लटका मिला

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिले के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में रविवार की सुबह एक दुखद खबर मिली। एक 24 वर्षीय युवक संतोष कुमार पुत्र राकेश कुमार का शव गांव के बाहर स्थित बाग में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक का अचानक से यह कदम उठाना परिवार और ग्रामीणों के लिए हैरान करने वाला था। परिजनों ने अभी तक इस मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी है और अंतिम संस्कार कर दिया है।

### अचानक घर से बाहर जाते ही लापता हुआ युवक

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी संतोष कुमार घर से अज्ञात कारणों के चलते नाराज होकर शनिवार की देर रात घर से बाहर चले गए थे। परिजनों ने उनके लौटने का इंतजार किया, लेकिन वे घर नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन रातभर कहीं पता नहीं चला। सोमवार की सुबह खेतों की ओर जाने वाले किसानों ने युवक का शव बाग में फांसी पर लटका देखा। इसकी सूचना तुरंत परिवार और ग्रामीणों को दी गई।

### परिजनों ने शव का किया अंतिम संस्कार

घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन और ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे, शव को नीचे उतारा और फिर अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों का कहना है कि अभी तक उन्होंने पुलिस को सूचित नहीं किया है। उनका मानना है कि यह पारिवारिक मामला है और वे इसे अपनी मर्जी से निपटाना चाहते हैं।

### पुलिस को नही मिली घटना की जानकारी

थाना प्रभारी पारुल चौधरी ने बताया कि अभी तक इस घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी की रिपोर्ट नहीं आई है, न ही पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू नहीं की है। स्थानीय लोग भी इस घटना को लेकर उलझनों में हैं कि आखिरकार युवक ने ऐसा कदम क्यों उठाया।

### कुछ दिनों ने परेशान था युवक

परिजनों का कहना है कि युवक कई दिनों से तनाव में था, लेकिन उन्होंने इसकी
कोई जानकारी नहीं दी। परिजन इस घटना को निजी मामला मानते हुए पुलिस को सूचित नहीं कर रहे हैं। वहीं, क्षेत्र में चर्चा है कि यह आत्महत्या का मामला है, लेकिन अभी भी सटीक कारण सामने नहीं आए हैं।

# एक सीट से प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर सपाध्यक्ष ने दी बगावत को हवा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

समाजवादी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसी बीच सपा जिलाध्यक्ष ने धरना प्रदर्शन के दौरान एक प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया। जिसके बाद से समाजवादी पार्टी दो धड़ों में बंटती नजर आ रही है। टिकट के दूसरे दावेदार के समर्थकों में बगावत की सुगबुगाहट तेज हो गई है।

पूरी घटना ठठिया कस्बे की है। जहां निर्माणाधीन इत्र पार्क में 28 मई को समाजवादी पार्टी ने धरना-प्रदर्शन किया था। इत्र पार्क को चालू कराने की मांग पर किए गए प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी जिलाध्यक्ष कलीम खां ने छिबरामऊ विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी के तौर पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के नाम का ऐलान कर दिया। उधर पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने भी सम्बोधन के दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष को धन्यवाद दिया। जिससे पंडाल में बैठे नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होने लग गईं। प्रदर्शन के बाद से जिले में समाजवादी पार्टी दो धड़ों में बंटती नजर आने लगी। छिबरामऊ सीट से गुरसहायगंज के रहने वाले पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी भी चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। पिछली बार भी वह सपा से टिकट के दावेदार थे लेकिन अंतिम समय पर पार्टी ने ताहिर हुसैन की वजाय पूर्व विधायक अरविंद यादव के नाम की घोषणा कर दी थी हालांकि पिछले चुनाव में भाजपा की अर्चना पांडेय ने सपा के अरविंद यादव को हरा दिया था ऐसे में एक बार फिर ताहिर हुसैन सिद्दीकी खुद को समाजवादी पार्टी से टिकट का दावेदार समझ रहे थे लेकिन 3 दिन पहले एक बार फिर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने 2027 के चुनाव में अरविंद यादव के प्रत्याशी होने का ऐलान मंच से कर दिया। जिसके बाद से ताहिर हुसैन सिद्दीकी के समर्थकों में खलबली और नाराजगी देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर भी लोग नाराजगी व्यक्त करने लग गए।

बहुजन समाज पार्टी से फर्रुखाबाद जिले की कमालगंज विधानसभा सीट से विधायक रहे गुरसहायगंज निवासी ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने वर्ष 2018 में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी में शामिल किया था। जिसके बाद माना जा रहा था कि 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें छिबरामऊ विधानसभा सीट से टिकट देकर मुस्लिम और यादव वोटरों का गठजोड़ तैयार किया जाएगा। पार्टी की ओर से ताहिर हुसैन को टिकट का लॉलीपॉप दिया जाता रहा लेकिन 27 जनवरी 2022 को पार्टी हाईकमान ने पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव को छिबरामऊ सीट से टिकट की घोषणा कर दी थी। जिससे ताहिर समर्थकों में रोष पनप गया और भारी भीड़ ताहिर के घर पहुंच गई। जहां गुस्साए समर्थकों ने अखिलेश यादव का पुतला फूंक दिया और बगावत का ऐलान करते हुए विरोध में नारेबाजी भी की। जिस वजह से सपा प्रत्याशी अरविंद यादव को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। वह लगातार दो बार से चुनाव हारते आ रहे हैं।

2022 के विधानसभा चुनाव में टिकट कटने के बाद पार्टी से बगावत करने वाले पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने पार्टी की गतिविधियों से खुद को दूर कर लिया। पार्टी नेताओं से भी उनकी दूरियां बन गईं हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान कन्नौज संसदीय सीट पर जब अखिलेश यादव ने खुद चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया, तो पार्टी नेताओं ने नाराज लोगों को मनाना शुरू कर दिया। अखिलेश यादव जब खुद का नामांकन करने कन्नौज पहुंचे तो यहां उनके और ताहिर हुसैन के बीच बातचीत हुई।

जिसके बाद पार्टी कार्यालय से अखिलेश यादव के साथ वह बाहर निकलते हुए नजर आए थे। माना जा रहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में ताहिर की नाराजगी दूर करने के लिए उन्हें पार्टी छिबरामऊ से टिकट दे सकती है। लेकिन इस बात पर भी अटकलों का दौर तब शुरू हो गया, जब सपा जिलाध्यक्ष ने मंच से अरविंद यादव के नाम की घोषणा कर दी।

# खुलेआम ठेकों पर बेची जा रही मिलावटी देसी शराब, वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जनपद के छिबरामऊ क्षेत्र स्थित अकबरपुर गांव के देशी शराब के ठेके पर मिलावट का बड़ा मामला सामने आया है। यहां खुलेआम शराब में मिलावट की जा रही है। यह पूरी प्रक्रिया एक वायरल वीडियो के माध्यम से उजागर हुई है। वीडियो में ठेके का सेल्समैन खुली बोतलों में शराब मिलाता दिखाई दे रहा है।



### 75 रुपये का पौवा 54 में बेच रहे

मिली जानकारी के अनुसार, 75 रुपये में बिकने वाली देशी शराब का पौवा ठेके पर महज 54 रुपये में बेचा जा रहा है। लेकिन यह छूट असली शराब के लिए नहीं, बल्कि आधी मिलावटी शराब के लिए दी जा रही है। इसमें पानी या अन्य सस्ता रसायन मिलाकर शराब की गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिससे लोगों की जान पर सीधा खतरा मंडरा रहा है।

### चंद पैसों के लालच में जानलेवा खेल

महज कुछ पैसों के मुनाफे के लिए शराब विक्रेता और कर्मचारी खुलेआम नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। इस तरह की मिलावटी शराब पीने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं या जान जाने तक का खतरा हो सकता है। इससे पहले भी कई जिलों में मिलावटी शराब पीने से मौतें हो चुकी हैं, ऐसे में यह लापरवाही एक बड़ी घटना को न्योता दे सकती है।

### वायरल वीडियो ने खोली पोल

जिस वीडियो के जरिए यह मिलावट उजागर हुई है, उसमें साफ देखा जा सकता है कि दो खुले ट्रेरा पैकों में किसी तरह की तरल सामग्री मिलाकर शराब को दोबारा पैक किया जा रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। अब प्रशासन पर दबाव है कि वह इस मामले में तत्काल कार्रवाई करे।

## रुचि गुप्ता मामले में डॉक्टर को क्लीन चिट

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज। छिबरामऊ।** कन्नौज से लेकर लखनऊ तक को हिला डालने वाली रुचि गुप्ता उर्फ लाडो की मौत के बाद चल रहे घटनाक्रम ने अब अचानक एक नाटकीय मोड़ ले लिया है। अब रुचि के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को तीन अलग अलग हलफनामे देकर अस्पताल और चिकिन्सक दोनों को क्लीन चिट दे दी है। इस नाटकीय मोड़ से उन लोगो की आशाओं पर तुषारपात हो गया लगता है जो इसी बहाने स्थानीय विधायक अर्चना पांडेय को कमजोर करने की रणनीति पर काम कर रहे थे। बीते घटनाक्रम के मुताबिक बीती 18 मई को बेहटा निवासी रुचि गुप्ता उर्फ लाडो उम्र 15 बर्ष पुत्री राजेश गुप्ता को बुखार आने पर छिबरामऊ की कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान छात्रा की मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल संचालक डॉक्टर व स्टाफ पर इलाज में लापरवाही से मौत का आरोप लगाकर हंगामा किया था अगले दिन व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की और फिर कोतवाली का घेराव कर दिया। उपद्रवियों ने कृष्णा असप्ताल में भी भारी तोड़फोड़ की थी। मामले में पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। इसके बाद व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। घटना वाली रात को हॉस्पिटल को सील कर दिया गया था जबकि डॉक्टर समेत अन्य दो लोगों को अगले दिन गिरफ्तार किया गया था। मामले में प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नन्दी ने सीधा हस्तक्षेप किया तो ताबड़तोड़ कार्रवाई हो गई।

# तीन वर्षों में रूस का सबसे बड़ा हमला, 472 ड्रोन दागे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कीव



यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ-साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं।

### 12 यूक्रेनी सैनिक मारे गए

उधर, यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूसी मिसाइल हमले में उसकी एक प्रशिक्षण इकाई को निशाना बनाया गया है, जिसमें 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए। यह हमला दोपहर 12.50 बजे हुआ। बयान में गया कि हमले के समय वहां किसी प्रकार की सैन्य परेड नहीं हो रही थी या कोई समूह एकत्र नहीं था।

### यूक्रेनी सेना ने बयान में क्या कहा

बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रूस का दावा- उत्तरी ससुमी क्षेत्र में गांव पर किया कब्जा

वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रदावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में स्थित ओलेक्सीवका गांव पर नियंत्रण पा लिया है। यूक्रेनी प्रशासन ने शनिवार को सुमी के 11 और इलाकों से अनिवार्य रूप से लोगों को निकालने का आदेश जारी किया, क्योंकि इस क्षेत्र में रूसी सेना लगातार आगे बढ़ रही है। यूक्रेन के शीर्ष सैन्य प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने शनिवार को कहा कि रूसी सेना ने अपने मुख्य हमले डोनेन्स्क क्षेत्र के पोक्रोव्स्क, तोरेन्स्क और लाइमन के साथ-साथ सुमी बॉर्डर पर केंद्रित किए हैं।

### इस्तांबुल प्रतिनिधिमंडल भेजेगा यूक्रेन: जेलेंस्की

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उनका देश सोमवार को इस्तांबुल में रूस के साथ होने वाली नई सीधी शांति वार्ता के लिए अपना प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। जेलेंस्की ने यह जानकारी टेलीग्राम पर एक बयान में दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूक्रेन के रक्षा मंत्री रूस्तम उमेरोव करेंगे। जेलेंस्की ने कहा, हम अपनी स्वतंत्रता, अपने देश और अपने लोगों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

## हिमाचल के मंडी में ओवर लोड पिकअप पुल की रेलिंग से टकराई, पांच की मौत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आईआईटी मंडी के साथ लगते कंमाद में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि एक जख्मी हो गया। तीन मृतकों की पहचान हो गई है जबकि दो का पता पुलिस लगा रही है। मृतकों की पहचान सुखविंदर सिंह पुत्र हरवंस सिंह निवासी लुधियाना, उमेश कुमार पुत्र राजा राम जीटी रोड प्रतापनगर अमृतसर और सागर पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी गांव व डाकघर फिरोजपुर जिला अमृतसर के रूप में हुई है। गाड़ी चालक गुरजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह गांव मलिया जिला तरनतारण हादसे में जख्मी है। हादसा कंमाद पुल पर सुबह पौने नौ बजे हुआ। उक्त लोग पंजाब के अमृतसर से टेंट का सामान लेकर कंमाद आईटीआइ मंडी आ रहे थे। उन्हें किसी स्थानीय ठेकेदार ने कार्यक्रम को लेकर बुलाया था। सभी रविवार शाम को पिकअप गाड़ी में सामान लेकर निकले थे और रात को सुंदरनगर रुके थे। सुबह सात बजे सामान लेकर निकले थे। चार लोग पिकअप के ऊपर बैठे थे जबकि एक व्यक्ति चालक के साथ बैठा था। कंमाद में उतराई के बाद चालक गाड़ी पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप पुल की रेलिंग से टकरा गई।

### गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर बढ़ाने के विरोध में

# महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



नगर निगम द्वारा आवासीय एवं व्यवसायिक कर टैक्स में 3 से 5 गुना तक वृद्धि करते हुए बिल एवं नोटिस दिया जा रहा है। किसी क्षेत्र में व्यवसायिक कर 10 गुना तक भी बढ़ाकर दिया गया है। यह गाजियाबाद के नागरिकों और व्यापारियों के साथ अन्याय है। व्यापारियों द्वारा डीएम सर्किल रेट के आधार पर टैक्स नहीं लगाया जाने और अन्य बिंदुओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और जनपद के नेता नरेंद्र कश्यप को ज्ञापन सौंपा और अपना विरोध प्रकट कर राहत दिलाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया । ज्ञापन में जिन बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया गया है , उनमें नगर निगम अधिनियम की धारा 174 (ख) के अनुसार प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार ही संपत्ति करो टैक्स में वृद्धि की जा सकती है , लेकिन गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वर्ष 2023- 2024 में संपत्ति कर में टैक्स की वर्तमान दरों में 10प्रतिशत की वृद्धि की जा चुकी है। जो वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत 31.3.2025 तक लागू है। इसपर रोक लगे। दूसरा गाजियाबाद नगर निगम में वर्तमान में जिन किराया की दरों पर संपत्ति करो की दरें लागू है। उन्हें 3 से 5 गुना तक एक साथ बढ़ाना किसी भी तरह से उचित प्रतीत नहीं होता है। इससे गाजियाबाद की जनता में असंतोष एवं गुस्सा है और सरकार की बदनामी भी हो रही है। इसके निराकरण को लेकर ज्ञापन में प्रस्ताव रखा गया है। व्यापारी नेताओं ने कहा कि गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी अपनी संपत्तियों जैसे रामतेराम रोड शॉपिंग कंपलेक्स और नेहरू नगर में बनाए गए ऑडिटोरियम को कई वर्ष बीतने के बाद भी अपनी इन संपत्तियों को डीएम सर्किल रेट आधारित किराए पर नहीं उठा पाए हैं तो आम नागरिकों पर 3 से 5 गुना तक वृद्धि करना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने मांग किया है कि गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों को उपरोक्त के संबंध में न्याय संगत कार्रवाई करने के लिए जनहित में आदेशित करने की कृपया करें तथा तब तक पूर्व से लागू संपत्ति करो को ही जारी रखा जाए। ज्ञापन देने वाले में चेयरमैन बृजमोहन सिंगल, अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान, महामंत्री अशोक चावला, कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजदेव त्यागी, उपाध्यक्ष मोनू गोयल, युवा जिला महामंत्री डॉक्टर रघुराज, महामंत्री वसीम अली, संजय नगर व्यापार मंडल के चैयरमेन प्रदीप गर्ग,अध्यक्ष विपिन गोयल, महामंत्री हरीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी, पूर्व कोषध्यक्ष बबलू सिंह, उपाध्यक्ष एसपी सिंह सिसोदिया, उपाध्यक्ष रितेश अग्रवाल उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष राजू भाई,दीपक त्यागी, रोहित चौधरी , शंकर इलेक्ट्रिकल,नरेंद्र चौधरी, राजेंद्र त्यागी, शास्त्री नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन कुंवर पाल अध्यक्ष सुधीर चौधरी और समस्त व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# पूर्वोत्तर में बारिश से हालात बदतर

## शाह ने स्थिति की ली जानकारी, कहा, मदद के लिए मोदी सरकार चट्टान की तरह खड़ी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्वोत्तर भारत में बारिश से हाल बेहाल है। यहां चरम मौसमी स्थितियों से उपजे हालातों में 14 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। जहां बाढ़ के कारण असम में ही करीब 78 हजार लोग प्रभावित हुए हैं वहीं, अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्वोत्तर के चार राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से बात कर हालात की जानकारी ली है।

### गृहमंत्री ने ली हालात की जानकारी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर बताया है कि असम, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों और मणिपुर के राज्यपाल से उनके राज्यों में जारी भारी बारिश के मद्देनजर बात की। साथ ही उन्हें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूर्वोत्तर के लोगों के समर्थन में चट्टान की तरह खड़ी है।

### उफनती नदी में फंसे 14 लोगों को वायुसेना ने बचाया

इस बीच, असम-अरुणाचल सीमा पर उफनती बोमजीर नदी में फंसे 14 लोगों को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के जवानों ने बचाया। तिनसुकिया के जिला आयुक्त स्वप्निल पॉल ने राहत अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनके अनुरोध पर सुबह के समय बचाव अभियान चलाया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी 14 लोगों को वापस घर भेज दिया गया है।

### त्रिपुरा में 1300 परिवारों ने ली राहत शिविर में शरण

पिछले दो दिनों से लगातार बारिश के कारण त्रिपुरा में भी हाल बेहाल हैं। राज्य में भारी बारिश के कारण लगभग 1300 परिवारों ने पश्चिमी त्रिपुरा जिले में सरकारी राहत शिविरों में शरण ली है। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण पश्चिमी त्रिपुरा जिले के विभिन्न हिस्सों में भयंकर बाढ़ आ गई है। इसके कारण लगभग 1300 परिवारों को सुरक्षा के लिए सरकारी आश्रय गृहों में स्थानांतरित कर दिया गया है। राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रख रही है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 1 जून से 5 जून, 2025 के बीच त्रिपुरा में भारी से बहुत भारी वर्षा और आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने अलग-अलग इलाकों, खास तौर पर धलाई और पश्चिमी त्रिपुरा जिलों में, बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। कुछ इलाकों में बिजली चमकने और तेज़ हवाएँ (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) चलने के साथ गरज के साथ बारिश होने की भी संभावना है।

### असम सबसे ज्यादा प्रभावित

गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण पूर्वोत्तर राज्यों के कई हिस्से बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं। बाढ़ के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित असम है, जहां 15 से अधिक जिलों में 78,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। पिछले कुछ दिनों में राज्य भर में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के कारण सड़क परिवहन और ट्रेन और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। वहीं, पिछले दो दिनों में अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गई है। इसी तरह सिक्किम में भी लगातार हो रही बारिश से हालत खराब हैं। यहां भूस्खलन के कारण शनिवार को उत्तरी सिक्किम के विभिन्न हिस्सों में लगभग 1,500 पर्यटक फंस गए। सिक्किम के मंगन जिले में गुरुवार रात को एक वाहन के तीस्ता नदी में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, दो घायल हो गए और आठ अन्य लापता हो गए। वाहन में 11 पर्यटक सवार थे।

# नासिक में अगले वर्ष 31 अक्तूबर से शुरू होगा कुंभ

## अखाड़ों के साथ बैठक के बाद सीएम फडणवीस का एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



सिंहस्थ कुंभ मेला अगले वर्ष 31 अक्तूबर को नासिक के त्र्यंबकेश्वर के साथ-साथ रामकुंड और पंचवटी में ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा और 24 जुलाई, 2028 तक चलेगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को 13 प्रमुख अखाड़ों के महंतों और पुरोहित संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद मेले की तारीखों का एलान किया। तय कार्यक्रम के मुताबिक, सिंहस्थ की शुरुआत के बाद 29 जुलाई 2027 को नासिक में नगर प्रदक्षिणा होगी। पहला अमृत स्नान दो अगस्त 2027 को होगा, जबकि दूसरा अमृत स्नान 31 अगस्त को होगा और तीसरा और अंतिम स्नान 11 सितंबर को नासिक में और 12 सितंबर को त्र्यंबकेश्वर में होगा। 24 जुलाई 2028 को ध्वज को उतार दिया जाएगा। इसी के साथ 12 वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभ मेले का समापन हो जाएगा।

### 4000 करोड़ की लागत वाले कार्यों के लिए निविदाएं जारी

इस मौके पर फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, बैठक में शामिल लोगों को आयोजन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों का ब्योरा दिया गया। उन्होंने कहा, 4,000 करोड़ रुपये की लागत वाले कार्यों के लिए निविदाएं जारी की गई हैं। 2,000 करोड़ रुपये की लागत वाले अन्य कार्यों के लिए भी जल्द ही निविदाएं जारी की जाएंगी। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), गोदावरी नदी की सफाई और साधुग्राम के लिए भूमि अधिग्रहण का काम भी प्रगति पर है।

### संरक्षक मंत्री के चयन पर सस्पेंस बरकरार

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने इस दौरान यह साफ नहीं किया कि 2026-27 में सिंहस्थ कुंभ मेले की मेजबानी करने वाले नासिक जिले का संरक्षक मंत्री कौन होगा। उन्होंने यह संकेत दिया कि इस पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे महायुति के तीन सहयोगियों के बीच मतभेद अभी भी अनसुलझे हैं। उन्होंने कहा कि कुंभ मंत्री गिरीश महाजन (भाजपा) मंत्रियों दादा भुसे (शिवसेना), छगन भुजबल और नरहरि जिरवाल (दोनों राकांपा) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संरक्षक मंत्री के न होने से प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं हुआ है। प्रेस वार्ता के दौरान जब उनसे संभावित जिला संरक्षक मंत्री के चयन को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि संरक्षक मंत्री आते जाते रहते हैं। इस मुद्दे पर राजनीति न करें, कुंभ मेला एक धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व है।

## बीएड प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न,18 केंद्रों पर हुई परीक्षा

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित बीएड प्रवेश परीक्षा रविवार को जनपद के 18 केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई। यह दूसरी बार है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को लगातार दूसरी बार प्रवेश परीक्षा की कमान सौंपी गई थी। परीक्षा कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमला सख्त रहा। परीक्षा केंद्र के आस पास की सभी दुकानों सहित मोबाइल, कंप्यूटर और फोटोस्टेट की दुकानों को बंद कराया गया । प्रशासन द्वारा 3 जोनल और 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती परीक्षा हेतु किया गया था। दो पालियों में आयोजित परीक्षा सुबह 9 से 12 और दूसरी पाली में 2 से 5 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा में विद्यार्थियों को कड़े पहरे और सुरक्षा जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिया जा रहा था।

## आश्रम में महिला के साथ रेप, आश्रम संचालिका समेत 2 महिला गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

पहले से ही चर्चित आश्रम में एकबार फिर रेप की घटना के आरोप लगने के बाद चर्चा में आ गया है। दिल्ली से सटे आश्रम में महिला के साथ दरिंदगी की बात सामने आई है। पीड़ित महिला ने कौशांबी थाने में तहरीर दिया जिसके बाद संबंधित थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आश्रम संचालिका सहित दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। घटना के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना के अनुसार गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन जोन के कौशांबी थानाक्षेत्र में एक आश्रम संचालित है। जिसकी प्रमुख गोकुल दिव्या योग माया सरस्वती नामक महिला हैं। घटना में संबंध में पीड़िता ने बताया कि उसकी उम्र लगभग 29 वर्ष है और सितंबर 2024 में वह आश्रम में शरणागत हुई । जिसके बाद उसको देखभाल के एवज में लगभग 20 हजार रुपए देने की बात कही गई । जिसके बाद वह सेवा और कार्य में लग गई। कुछ दिन बाद एक अल्पसंख्यक समुदाय की एक महिला को संचालिका द्वारा रखा गया । जिसके बाद मुझे भी साध्वी जैसे पद प्रतिष्ठा का लालच देकर कार्य कराया जाने लगा। दिनों दिन समय बीतता गया और आश्रम संचालिका और उसके द्वारा रखी गई गैर धार्मिक महिला से मिलने बाहरी लोग आने जाने लगे । धीरे धीरे समय बीता और एक दिन इन्होंने मेरे कोलड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया जिसके बाद नशे में होने के बाद रेप की घटना को अंजाम दिया गया । पीड़ित ने होश में आने के बाद घटना की शिकायत पुलिस में करने की बात कही तो आश्रम संचालिका और अन्य महिला द्वारा जमकर धमकाया गया और जब से मारने की बात भी कही गई । घटना को अंजाम देने वाला रेप आरोपी गोकुल आश्रम संचालिका का सौतेला भाई है। जो अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आश्रम संचालिका और अन्य महिला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# कोरोना की आहट से नागरिकों की बढ़ी परेशानी

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

- स्वास्थ्य विभाग जुटा तैयारियों में निजी अस्पतालों में भी सतर्कता बढ़ी

दिल्ली एनसीआर में लगातार बढ़ते करोना के मरीजों ने एकबार फिर नागरिकों के मन दहशत पैदा कर दिया है। जबकि प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जरूरी कार्यवाही में जुट गया है। जिसके प्रथम चरण में गाजियाबाद के सरकारी सहित अन्य अस्पतालों के जीवन रक्षक प्रणाली सहित ऑक्सीजन प्लांटों की जांच की गया। गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग लगे नौ प्लांटों की जांच किया गया जिसमें एमएमजी में लगे एक प्लांट बंद पाया गया। जिसके पीछे फंड की अनुपलब्धता की बात कही जा रही है। जनपद के लोनी क्षेत्र में मॉकड्रिल के दौरान बिजली आपूर्ति की व्यवस्था फेल साबित हुई। जिसको लेकर निर्देश दिए गए। जबकि जनरेटर खराब होने के कारण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही सामने आई । डॉक्टर पंकज राजेश ने इसको गंभीरता से लेते हुए आवश्यक निर्देश जारी किया। मोदीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जांच की जिम्मेदारी एडिशन सीएमओ डॉ राजेश तेवतिया के जिम्मे थी। जिनके जांच में केंद्र प्रभारी पर बुरी बिफर पड़े और ऑक्सीजन प्लांट और जनरेटर नहीं चलने पर देखरेख करने वाली फर्म को नोटिस भेजने तक का निर्देश दिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अखिलेश मोहन मिश्रा ने कहा कि जिन केंद्र पर ऑक्सीजन प्लांट से लेकर जनरेटर अथवा आकस्मिक जांच में कमी पाई गई है उसको दुरुस्तीकरण के आदेश और निर्देश दे दिए गए हैं। आगामी समय में स्वास्थ्य विभाग ऐसे जांच करेगा।

### फिर मिले 2 मरीज एक्टिव केसों की संख्या पहुंची 27

जनपद गाजियाबाद में 31 मई तक कुल मरीजों की संख्या 27 तक पहुंच गई है। जिसमें सक्रिय मरीजों की संख्या 20 तक पहुंच गई है। इसमें से तीन मरीज निजी चिकित्सालय में भर्ती हैं जबकि शेष 17 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो सभी मरीजों पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## नगालैंड में विधायकों के पार्टी छोड़ने पर अजित पवार की पहली प्रतिक्रिया, उनकी बात नहीं सुनी जा रही थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने रविवार को बताया कि नगालैंड में नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सात विधायकों ने वहां की सत्तारूढ़ पार्टी नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) में इसलिए शामिल होने का फैसला किया क्योंकि उन्हें काम नहीं हो पाने की वजह से असंतोष था। शनिवार को नगालैंड की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ जब एनसीपी के सभी सात विधायक मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की अगुवाई वाली एनडीपीपी में शामिल हो गए।

# ‘साधु वेश में जनसेवा का संकल्प’



बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद का महामंडलेश्वर के रूप में प्रतिष्ठित होना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उनका धार्मिक एवं आध्यान्मिक दायिन्वों के साथ जनसेवा की भावना को लेकर सक्रिय रहना यह दर्शाता है कि वे राजनीति को सेवा का माध्यम मानते हैं, न कि सत्ता का साधन। ग्राम पंचायत नधा में ग्रामवासियों द्वारा किया गया स्वागत केवल सामाजिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उस विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक है जो जनमानस विधायक में देखता है। रामचरितमानस का पाठ और भंडारे का आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का प्रेरणादायक प्रयास है, जो आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हो चला है। जहाँ एक ओर अधिकांश नेता चुनाव के बाद जनता से दूर हो जाते हैं, वहीं स्वामी प्रवक्तानंद ने अपने पहले ही दौरे में आन्मीय जुड़ाव का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका प्रभु दर्शन कर क्षेत्र की उन्नति के लिए प्रार्थना करना इस बात का संकेत है कि वे आध्यान्मिक जिज्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायिन्वों को भी गंभीरता से निभा रहे हैं। आशा की जानी चाहिए कि महामंडलेश्वर की यह धार्मिक प्रतिष्ठा अब क्षेत्र के विकास की दिशा में एक नई ऊर्जा लेकर आएगी और जनता के विश्वास को मजबूती प्रदान करेगी। जनसेवा और धर्म का यह समन्वय अगर ईमानदारी से बना रहा, तो बरखेड़ा विधानसभा आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शुमार हो सकता है।



रिपोर्ट मुकेश कुमार

# हाउस टैक्स बढ़ोतरी को लेकर नागरिकों की शुरू हुई चौपाल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



रविवार 1 जून 2025, कविनगर सी ब्लॉक में गाजियाबाद के प्रबुद्ध नागरिकों ने हाउस टैक्स को लेकर अपना विरोध जताया। इसमें सभी वर्ग से लोग थे, पूर्व पार्षद, वर्तमान पार्षद, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, पूर्व आरआरडब्ल्यूए अध्यक्ष, व्यापार मंडल अध्यक्ष, पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष और भी कई सम्मानित लोगों ने अपने विचार रखे। सभी ने हाउस टैक्स में बेतहाशा बढ़ोतरी का विरोध किया। प्रबुद्ध वर्ग की प्रमुख चिंता थी कि अगर यह लागू हुआ तो नागरिकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। जिसका खामियाजा सरकार को भुगताना पड़ेगा। अवधेश शर्मा ने कहा कि बढ़े हुए हाउस टैक्स से सभी वर्ग प्रभावित होंगे। उनका कहना था कि नेता और अधिकारी नूराकुश्ती कर रहे हैं और जनता पिस रही है। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने टैक्स बढ़ोतरी पर निगम के झूठ को सार्वजनिक किया। उन्होंने समझाया कि कैसे पहले ही दर बढ़ाकर उस पर टैक्स लगाया जा रहा है। चार गुना बढ़ाकर दोगुना बताया जा रहा है। जनप्रतिनिधि हिमांशु ने भी बताया कि कैसे सर्विस लाइन को भी जोड़कर लोगों पर टैक्स कई गुना किया जा रहा है। वर्तमान पार्षद का कहना था कि कोई भी व्यक्ति बढ़ा हुआ हाउस टैक्स जमा न करे। पूर्व आरआरडब्ल्यूए अध्यक्ष विनीत शर्मा ने कड़े शब्दों में हाउस टैक्स बढ़ोतरी का विरोध किया। उन्होंने जनता की समस्या और पार्टी की छवि को लेकर अपनी चिंता प्रकट की। पेंशनभोगी लोगों के लिए बात रखी कि उनके लिए यह बढ़ोतरी बहुत मुश्किल में डाल देगी। एक नागरिक ने अपना हाउस टैक्स दिखाया जो 700 प्रतिशत बढ़ाकर बनाया गया है और उनसे कहा गया जमा करा दो, बाद में देखा जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता संजीव गुप्ता ने कहा कि चंद लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के चक्कर में जनता को सूली पर चढ़ाने का काम किया है। उनका कहना था कि लोग कोरोना से अभी उबर भी नहीं पाए और दोबारा कोरोना के आहट है और उस पर 300 से 400 प्रतिशत बढ़ोतरी अन्याय है। 10 प्रतिशत के ऊपर जो भी बढ़ोतरी है, वह जनता के साथ अन्याय है। कुछ नागरिकों का कहना था कि बड़े आशा से लोगों ने ट्रिपल इंजन के रूप में भाजपा को नगर निगम में प्रचंड बहुमत देकर विजय दिलाई ,जिसके रूप में महानगर अध्यक्ष को विधायक पद का तोहफ़ा मिला लेकिन शासन और निगम प्रशासन उस विश्वास के नाम पर हमारी जेब काटने में लगी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# चाकू से मुर्गा कटा... बर्ड फ्लू घर-घर बंटा, चॉपिंग बोर्ड और गंदे पानी में मिला संक्रमण, रिपोर्ट से खुलासा

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



गोरखपुर में चार दुकानों पर चाकू, चॉपिंग बोर्ड और गंदे पानी में बर्ड फ्लू संक्रमण मिला है। 20 मई को दुकानों से सैंपल लिया गया था। 30 को रिपोर्ट आई थी।

गोरखपुर। शहर में मुर्गे की चार दुकानों पर बर्ड फ्लू का संक्रमण मिला है। खास बात यह है कि ये संक्रमण मुर्गा काटने वाले चाकू, चॉपिंग बोर्ड (मीट काटने वाला चबूतरा) और उसे धुलने वाले पानी एवं बाल्टी में मिला है। 20 मई को यह सैंपल लिया गया था, जबकि रिपोर्ट 30 को आई है।

इस बीच उन दुकानों से हजारों लोगों ने मीट खरीदा। ऐसे में आशंका है कि उन लोगों ने भी संक्रमित मीट खाया।

चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से बाघिन शक्ति की मौत के बाद पूरे जिले में पोल्ट्री फार्म से रैंडम सैंपल लिए गए थे।

इंडियन वेटनेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईवीआरआई), बरेली से 1300 नमूनों की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। इसी बीच शहर में मीट की दुकानों से मुर्गा, चाकू, चॉपिंग बोर्ड और पानी से सैंपल लिए गए थे।

इन्हें जांच के लिए राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान, भोपाल भेजा गया था। रिपोर्ट आई तो चाकू, चॉपिंग बोर्ड और पानी में संक्रमण की पुष्टि हुई। लेकिन, मुर्गे में नहीं मिला।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि चाकू में संक्रमण मिला है इसका मतलब उससे संक्रमित पक्षी को काटा गया होगा। रिपोर्ट 10 दिन बाद आई है। यानि उसी चॉपिंग बोर्ड पर दुकानदार ने 10 दिनों तक मुर्गा काटकर बेचा है।

मुर्गा कहां से खरीदा इसकी जांच

जिन मीट की दुकानों से सैंपल लिए गए थे, वह फुटकर दुकानदार हैं। शुरुआती जांच में अभी दुकानदार यह नहीं बता पाए हैं कि उन्होंने इन मुर्गों को कहां से खरीदा था। क्योंकि, इन दुकानदारों ने मुर्गों की खरीदारी बिचौलिये के माध्यम से की थी। फिलहाल पशुपालन विभाग इसकी जांच में जुट गया है। वहीं, दूसरी तरफ चिड़ियाघर में मरे हुए कौए का भी सैंपल जांच के लिए भेजा गया था, जहां पर बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इससे पहले भी चिड़ियाघर में दो कौओं में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है।

पशु चिकित्सालय सदर में कंट्रोल रूम एक्टिव मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेंद्र पांडेय न बताया कि पशु चिकित्सालय सदर में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसकी जिम्मेदारी डॉ. मनीष चंद को दी गई है। कंट्रोल रूम का नंबर 8009251906 है। इस नंबर पर कोई भी व्यक्ति कौओं के मरे होने की जानकारी सहित पक्षियों की अधिक संख्या में एक स्थान पर मरने की जानकारी दे सकते हैं।

इसके अलावा अगर कहीं मुर्गे या मुर्गियों के अधिक संख्या में चूजे मरने की सूचना मिलती है तो इसे भी साझा कर सकते हैं। बताया कि तत्काल प्रभाव से जिला स्तरीय रैपिड रिस्पांस टीम को एक्टिव कर दिया गया है।

मीट की चार दुकानों पर चाकू, चॉपिंग बोर्ड और पानी में संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिन इलाकों में बर्ड फ्लू पॉजिटिव मिले हैं, उन इलाकों एक किलोमीटर की परिधि में जीवित पक्षियों के कलिंग, मारने एवं विसंक्रमित करने का काम शुरू कर दिया गया है।

## पत्नी की हत्या में पति, सास-ससुर को कारावास

जन एक्सप्रेस । देवरिया

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मृदांशु कुमार की कोर्ट ने शनिवार को सुनवाई के दौरान पत्नी की हत्या में पति, सास-ससुर को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। सलेमपुर थाना क्षेत्र के धवकरन निवासी दुर्गेश गुप्ता की शादी 31 मई 17 को हरेंद्र प्रसाद की पुत्री से हुई थी। आरोप है कि शादी में कम दहेज मिलने पर पति दुर्गेश गुप्ता, ससुर रामप्यारे गुप्ता और सास शीला देवी ने तीन जुलाई 17 की सुबह 6 बजे रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी थी। गांव वालों की सूचना पर पिता हरेंद्र प्रसाद जब बेटी के ससुराल गए तो दरवाजे पर लाश पड़ी थी। गले में रस्सी का निशान था। हरेंद्र प्रसाद की तहरीर पर सलेमपुर थाने में दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर हत्या करने का के दर्ज हुआ। विवेचक ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध दहेज हत्या में आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। दोनों पक्षों के तर्कों और साक्ष्यों के अवलोकन के कोर्ट ने पाया कि मृतका की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। ऐसे में आरोपियों को हत्या के आरोप का दोषी पाया।

## सरकारी अस्पताल में महिला की मौत, परिजनों ने लगाया गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के सरकारी अस्पताल में रविवार को इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि जिम्मेदार लोगों ने इलाज के दौरान गलत इंजेक्शन लगा दिया। इससे महिला की मौत हो गई।

पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौड़िया चौकी अंतर्गत मेहदरिया गांव की 32 वर्षीय अंजू की गोरखपुर शहर के एक सरकारी अस्पताल में रविवार सुबह मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने चिकित्सकों पर गलत इंजेक्शन लगाने और वेंटिलेटर की सुविधा न होने का आरोप लगाया। वह कई वर्षों से हृदय रोग से पीड़ित थी।

रविवार सुबह 6 बजे उसे अस्पताल लाया गया, जहां 7:30 बजे इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी मौत हो गई। जंगल कौड़िया चौकी प्रभारी विकास मिश्रा ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

## विदेशियों ने भारत के इतिहास को मिटाने का किया प्रयास

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

विदेशी शासकों ने भारतीय इतिहास से भारतीयता को मिटाने का प्रयास किया था। आजादी के बाद तत्कालीन सरकारों ने भी भारत के महापुरुषों को उपेक्षित कर मुगलों को ही महिमा मंडित किया, लेकिन भारतीयता की जड़ें गहरी हैं।

इसे मिटाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार भारतीय संस्कृति, मूल्यों, और पहचान को बनाए रखने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

ये बातें राज्य सभा सांसद आरपीएन सिंह ने कही। वे शनिवार को रविंद्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीन सौ वर्ष पहले लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने महिला सशक्तिकरण के साथ बाजार व व्यापार को प्रोत्साहन देने का कार्य किया था। भाजपा की डबल इंजन की सरकार सशक्त नारी और समृद्ध समाज के निर्माण का काम कर रही है।

# 10 दिन तक लखनऊ इंटरसिटी से नहीं जा पाएंगे



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोंडा-बाराबंकी खंड की तीसरी लाइन पर तकनीकी काम की वजह से 24 जून से 4 जुलाई तक लखनऊ इंटरसिटी ट्रेन नहीं चलेगी। लखनऊ जाने वाले यात्रियों को ट्रेन की जगह दूसरी गाड़ी का सहारा लेना पड़ेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी खंड पर तीसरी लाइन की कमीशनिंग के लिए 24 जून से चार जुलाई तक ब्लॉक लिया है। इसके चलते लखनऊ इंटरसिटी समेत आठ ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। साथ ही कई पैसेंजर ट्रेनें भी नहीं चलेंगी।

आईआरसीटीसी ने इन ट्रेनों की बुकिंग रद्द कर दी है। साथ ही खातों में रुपये लौटाना शुरू कर दिया है। पूर्वोत्तर रेलवे ने जो ट्रेन रद्द की है, उन्हें आईआरसीटीसी ने वेबसाइट से हटा दिया है। गोरखपुर से अधिकांश ट्रेनें गोरखपुर होते हुए जाती हैं। इस कारण इन दिनों ट्रेनों का लेट होना भी तय है। इससे पहले भी बस्ती-बभनान के पास ब्लॉक के कारण ट्रेनों का कई दिनों तक लेट आना जारी रहा है। अभी भी कई ट्रेनें गोरखपुर लेट आ रही हैं।

## बेटी का यौन उत्पीड़न...दो दिन बाद थी गवाही- सरेराह मां को मारी गोली, घायल

जन एक्सप्रेस । देवरिया

एक साल पहले एकौना थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती से यौन शोषण के मामले में एक युवक पर केस दर्ज हुआ। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी भी हुई। बेटी से यौन शोषण के केस मां और पिता गवाह हैं। रविवार की दोपहर यौन शोषण पीड़िता की 50 वर्षीय मां, पचलडी डीह चौराहे से दवा कराकर पैदल घर जा रही थी। एकौना थाना क्षेत्र के पचलड़ी पलिया बांध पर रविवार की दोपहर सरेराह एक महिला को बाइक सवार दो युवकों ने गोली मार दी। बताया जा रहा है कि महिला अपनी बेटी के यौन शोषण मामले में गवाह है, जिसे 3 जून को कोर्ट में गवाही देना था। बताया जाता है कि आरोपी युवकों ने गोली मारने से पहले महिला को गवाही देने से मना किया। महिला के विरोध करने पर उसके सीने में दाहिने तरफ गोली मार दी।

# गुजरात की महिला... बैंकॉक के कारोबारी से कनेक्शन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



बातचीत करता बेटा - फोटो = संवाद न्यूज एजेंसी

पाकिस्तान को सूचना देने के बदले लेनदेन के शक में एनआईए की टीम ने गोरखपुर में छापा मारा। बैंकॉक के कारोबारी के बेटे ने महिला के खाते में रुपये भेजे थे। टीम ने खजनी और शहर में जांच की।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं देने की आरोपी महिला के खाते में रुपये भेजे जाने के मामले में शनिवार को खजनी और शहर के तारामंडल इलाके में छापा मारा।

जांच के दौरान पता चला कि महिला अनीता सिंह के खाते में तारामंडल निवासी और बैंकॉक में कारोबारी पन्ना यादव के बेटे अमन यादव और बेटी ने रुपये भेजे थे। एजेंसी यह खंगालने में जुटी है कि यह लेनदेन पाकिस्तान को सूचनाएं देने के बदले हुआ है या नहीं।

जांच एजेंसी के सूत्रों की मानें तो पन्ना यादव के बेटे अमन यादव के बैंक खाते से 10 हजार रुपये और बेटी के खाते से पांच हजार रुपये अनीता सिंह के गूगल नंबर पर भेजे गए थे। इसी के बाद गोरखपुर का यह परिवार जांच एजेंसी के रडार पर आया।

एनआईए की टीम पहले खजनी थाना क्षेत्र के रावतदाढ़ी गांव पहुंची। यहां पन्ना यादव के मकान में टीम ने जांच शुरू की। इस दौरान पता चला कि घर पर तीन महिलाओं के अलावा एक बुजुर्ग रहते हैं।

पूछताछ में पता चला कि बुजुर्ग, पन्ना यादव के भाई हैं। टीम ने उनसे पूछताछ की और उन्हें साथ लेकर सुबह तारामंडल, बुद्ध विहार पार्ट ए स्थित घर पहुंची। टीम ने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में एनआईए की टीम ने अनीता सिंह के नंबर पर भेजे गए रुपयों का स्क्रीनशॉट दिखाया और अनीता से संबंध के बारे में जानकारी ली।

विज्ञापन

जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि बेटे और परिजनों ने अनभिज्ञता जताते हुए उसे जानने से इंकार किया। सख्ती से पूछने पर बेटे के मोबाइल की गूगल हिस्ट्री की जांच में चार जनवरी को अनीता सिंह के नाम पर एक नंबर से रुपये भेजे गए मिले। बेटे ने टीम को बताया कि एक रेस्टोरेंट में उसे किसी ने नकद देकर एक मोबाइल नंबर पर इसे ऑनलाइन भेजने के लिए अनुरोध करने लगा।

जांच के बीच फोन पर किसी से उसने अपने नंबर से 10 हजार और उसके कहने पर बहन ने भी पांच हजार रुपये अनीता के खाते में भेज दिए। उसका कहना है कि उसे न तो अनीता के बारे में जानकारी है और न ही जिसने उनसे रुपये भेजने के लिए कहा था, उसके बारे में ही कोई जानकारी है। हालांकि, एनआईए इस बयान को संदिग्ध मान रही है। एजेंसी का मानना है कि पिता बैंकॉक से हुंडी का काम करते हैं। ऐसे में अचानक से ऐसा क्या हो गया कि इस परिवार के संपर्क में ही वह अज्ञात व्यक्ति आया और उसके कहने पर इन लोगों ने अनीता सिंह के खाते में रुपये भेज दिए।

एनआईए के डिप्टी एसपी आरके पांडेय ने पूछताछ के दौरान ही बीएनएस की धारा 179 के तहत बेटे अमन यादव को नोटिस दिया है। नोटिस में अमन को चार जून को अपने सभी रिकॉर्ड के साथ लखनऊ एनआईए के मुख्यालय में मौजूद होना है।

# गोरखपुर में आठ घंटे से अधिक हुई पूछताछ, पाकिस्तान को सूचना देने के बदले लेनदेन का शक

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

पूछताछ में एनआईए की टीम ने अनीता सिंह के नंबर पर भेजे गए रुपयों का स्क्रीनशॉट दिखाया और अनीता से संबंध के बारे में जानकारी ली। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि बेटे और परिजनों ने अनभिज्ञता जताते हुए उसे जानने से इंकार किया। सख्ती से पूछने पर बेटे के मोबाइल की गूगल हिस्ट्री की जांच में चार जनवरी को अनीता सिंह के नाम पर एक नंबर से रुपये भेजे गए मिले।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने पाकिस्तान को गोपनीय सूचनाएं देने की आरोपी महिला के खाते में रुपये भेजे जाने के मामले में शनिवार को खजनी और शहर के तारामंडल इलाके में छापा मारा। जांच के दौरान पता चला कि महिला अनीता सिंह के खाते में तारामंडल निवासी और बैंकॉक में कारोबारी पन्ना यादव के बेटे अमन यादव और बेटी ने रुपये भेजे थे।

एजेंसी यह खंगालने में जुटी है कि यह लेनदेन पाकिस्तान को सूचनाएं देने के बदले हुआ है या नहीं। जांच एजेंसी के सूत्रों की मानें तो पन्ना यादव के बेटे अमन यादव के बैंक खाते से 10 हजार रुपये और बेटी के खाते से पांच हजार रुपये अनीता सिंह के गूगल नंबर पर भेजे गए थे। इसी के बाद गोरखपुर का यह परिवार जांच एजेंसी के रडार पर आया।

एनआईए की टीम पहले खजनी थाना क्षेत्र के रावतदाढ़ी गांव पहुंची। यहां पन्ना यादव के मकान में टीम ने जांच शुरू की। इस दौरान पता चला कि घर पर तीन महिलाओं के अलावा एक बुजुर्ग रहते हैं। पूछताछ में पता चला कि बुजुर्ग, पन्ना यादव के भाई हैं। टीम ने उनसे पूछताछ की और उन्हें साथ लेकर सुबह तारामंडल, बुद्ध विहार पार्ट ए स्थित घर पहुंची। टीम ने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में एनआईए की टीम ने अनीता सिंह के नंबर पर भेजे गए रुपयों का स्क्रीनशॉट दिखाया और अनीता से संबंध के बारे में जानकारी ली। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि बेटे और परिजनों ने अनभिज्ञता जताते हुए उसे जानने से इंकार किया। सख्ती से पूछने पर बेटे के मोबाइल की गूगल हिस्ट्री की जांच में चार जनवरी को अनीता सिंह के नाम पर एक नंबर से रुपये भेजे गए मिले।

बेटे ने टीम को बताया कि एक रेस्टोरेंट में उसे किसी ने नकद देकर एक मोबाइल नंबर पर इसे ऑनलाइन भेजने के लिए अनुरोध करने लगा। उसने अपने नंबर से 10 हजार और उसके कहने पर बहन ने भी पांच हजार रुपये अनीता के खाते में भेज दिए। उसका कहना है कि उसे न तो अनीता के बारे में जानकारी है और न ही जिसने उनसे रुपये भेजने के लिए कहा था, उसके बारे में ही कोई जानकारी है।

हालांकि, एनआईए इस बयान को संदिग्ध मान रही है। एजेंसी का मानना है कि पिता बैंकॉक से हुंडी का काम करते हैं। ऐसे में अचानक से ऐसा क्या हो गया कि इस परिवार के संपर्क में ही वह अज्ञात व्यक्ति आया और उसके कहने पर इन लोगों ने अनीता सिंह के खाते में रुपये भेज दिए।

परिवारिक सदस्य ने भी बताया कि किसी अनीता सिंह के खाते में रुपये भेज दिए गए थे। इसका कनेक्शन पाकिस्तान से लेन-देन में सामने आया है। इसी की जांच करने टीम आई थी, मनी लॉड्रिंग या कोई और बात नहीं है।

## 1.20 करोड़ का भुगतान लेकर ठेकेदार भागा, अधूरा रह गया ओवरहेड टैंक

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

ब्लॉक तमकुही के ग्राम पंचायत लछिया-देवरिया में 1.37 करोड़ की लागत से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए बन रहे ओवरहेड टैंक दो साल से अधूरा छोड़कर ठेकेदार लापता हो गया है। ग्रामीणों व प्रधान का आरोप है कि ठेकेदार ने विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से 1.20 करोड़ रुपये का भुगतान भी करा लिया है। पाइपलाइन बिछाने के लिए गांव की सड़क पर गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। इससे ग्रामीणों में रोष है।

बताया जाता है कि शासन के आदेश पर उक्त ग्राम पंचायत में 2018 में शुद्ध पेयजल योजना के तहत 1.37 करोड़ की लागत से ओवरहेड टैंक के स्वीकृति मिली। ओवरहेड टैंक का निर्माण 2019 में संबंधित ठेकेदार ने शुरू कराया।

# न्यायाधीश की मौजूदगी में हुई पोखरी की पैमाइश

जन एक्सप्रेस । देवरिया



तहसील क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव में पोखरी पर अतिक्रमण का मामला अब भी सुलझ नहीं सका। इस मामले में हाईकोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया है।

हाईकोर्ट के आदेश पर डीएम को मौके पर जाकर अतिक्रमण वाले स्थल की पैमाइश कराकर सीमांकन कराने के बाद हाईकोर्ट ने न्यायधीश और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के समक्ष पोखरी की दोबारा पैमाइश कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश के पालन में शनिवार को देवरिया जिला न्यायालय के न्यायधीश विवेक कुमार सिंह के समक्ष राजस्व टीम ने डीजीपीएस माप यंत्र से पोखरी की पैमाइश की।

रामपुर बुजुर्ग गांव में आराजी नंबर 259 पोखरी की 202 एयर जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। गांव की भागमनी देवी पत्नी राधेश्याम सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर पोखरी की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर कुछ दिन पहले तहसील प्रशासन ने तहसीलदार की मौजूदगी में पैमाइश कराया गया। गांव के गोविंद, नथुनी ठाकुर और भरत का पक्का मकान पोखरी की भूमि पर मिली। इसके बाद बुलडोजर से अतिक्रमण हटवा दिया गया।

इसके बावजूद वादी संतुष्ट नहीं हुई और दोबारा हाईकोर्ट में अन्य लोगों द्वारा भी कब्जा किए जाने की बात कही। हाईकोर्ट ने डीएम को स्वयं मौके पर जाकर मामले की जांच करने और फोटो उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

मंगलवार को डीएम दिव्या मित्तल रामपुर बुजुर्ग गांव पहुंची। उन्होंने पोखरी की पैमाइश कराने के बाद चूना गिरवाकर सीमांकन कराया। इसके बाद पुनः वादिनी ने पोखरी पूर्ण रूप से कब्जा मुक्त न होने की शिकायत की थी।

शुक्रवार को न्यायधीश विवेक कुमार सिंह ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार जाटव, एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, तहसीलदार अलका सिंह, नायब तहसीलदार गोपालजी की देखरेख में पैमाइश कराई गई।

# पत्नी की बात पर पुलिस को संदेह, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

### वारदात के वक्त पत्नी और अजीत का दोस्त था मौजूद, जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

जन एक्सप्रेस । देवरिया

किराये के मकान में शुक्रवार को संदिग्ध हालात में युवक की मौत के बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पत्नी का कहना है कि पति ने छत के कुंडे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। जांच के बाद पुलिस पत्नी की बात पर संदेह कर रही है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव निवासी अजीत शाह (35) पुत्र अशोक गौड़ कस्बे के सलाहाबाद में किराये के मकान में रहकर मोबाइल का दुकान चलाता था। अजीत के पड़ोसियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह अजीत ने कुछ दोस्तों के साथ ताड़ी पी, उसके बाद बोतल में ताड़ी भरकर घर लेकर आया। बाजार से मीट भी खरीदकर लाया था। पत्नी मीट बनाने के लिए प्याज काट रही थी। अजीत एक दोस्त के साथ बैठा हुआ था। इसी बीच पड़ोसी से पुलिस को युवक की खुदकुशी की खबर मिली।

जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती, उससे पहले पत्नी और उसका दोस्त, अजीत को सीएचसी लेकर चले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मौके की जांच करने पहुंची पुलिस ने छानबीन की तो संदेह हुआ। सूत्रों की मानें तो अजीत शाह अगर छत की कुंडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया तो उसकी पत्नी और दोस्त ने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी। पुलिस का कहना है कि छत के कुंडे से लटक कर खुदकुशी की बात पर संदेह होने लग रहा। पुलिस ने बताया कि यदि युवक खुदकुशी करने जा रहा था तो पत्नी और दोस्त ने क्यों नहीं बचाया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने कहाकि युवक की मौत के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण का पता चल पाएगा।

## तस्करी के खाद के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज

स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द के समीप एसएसबी रोड पर नेपाली मोटरसाइकिल पर लदी दो बोरी खाद व साईकिल पर लदी दो बोरी यूरिया खाद के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर निचलौल कस्टम को सपुर्द कर दिया गया है। वही दोनों युवकों की पहचान अब्दुल खान (21) पुत्र सुभान खान ग्राम सरावल थाना गोबरहिया जिला नवलपरासी नेपाल व रामानन्द (38) पुत्र चीगूदरी ग्राम लक्ष्मीपुर खुर्द थाना ठूठीबारी के रूप में हुआ। इस दौरान धर्मेन्द्र सिंह, उदयभान कुमार, दीपक कुमार, भीम कुमार मौजूद रहे।

# गोरखपुर में दो बड़ी कंपनियों का डेटा हैक, अपराधियों ने क्रिप्टो करंसी में मांगी फिरौती... धमकी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

साइबर अपराधी ने जिले की दो बड़ी कंपनियों के डेटा को हैक कर लिया है। रामरायका मार्केटिंग और गौरी ट्रेडिंग कंपनी के सर्वर को हैक करने वाले साइबर अपराधियों ने क्रिप्टो करंसी में फिरौती मांगी है। हैकर्स ने सर्वर पर संदेश दिया है कि अगर उन्हें फिरौती नहीं मिली तो डेटा को नष्ट कर देंगे। इससे पहले ही साइबर एक्सपर्ट और कंपनी की आईटी टीम ने पुराने डेटा की पूरी फाइल ही डिलीट करवा दी है। अब नई फाइल तैयार की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, कंपनी के मालिक ने परिवार के सभी आईडी प्रूफ, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पैन, जीएसटी सर्टिफिकेट और कार की आरसी का एक फोल्डर बनाया था। इसके अलावा फर्म के खरीदार, व्यापार के साझेदारों की भी एक फोल्डर फाइल की बनाकर सिस्टम पर रखी थी। हैकर ने सिस्टम से पूरी फाइल का डेटा ही हैक कर लिया है। इसके दुरुपयोग की आशंका जताते हुए दोनों कंपनियों के मालिक कैंट इलाके के हरिओमनगर निवासी संजय रामरायका मरैका ने साइबर थाने में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। साइबर विशेषज्ञ हैकर का पता लगाने में जुट गए हैं। विशेषज्ञ के मुताबिक, गोरखपुर में इस तरह पहला मामला सामने आया है, जिसमे एफआईआर दर्ज की गई है।

सर्वर पर हुआ रैनसमवेयर अटैक

जानकारी के मुताबिक, संजय रामरायका ने बताया कि उनकी दोनों कंपनियां ऑयल व शुगर की खरीद-फरोख्त का काम करती है। सर्वर पर रैनसमवेयर अटैक हुआ है। इसके कारण कंपनी का पूरा डेटा करप्ट हो गया। 29 मई की सुबह कंपनी की आईटी टीम ने आंतरिक सर्वर सिस्टम में हैकर्स की इंट्री का पता लगाया। जांच करने पर पाया गया कि पूरे डेटा को मलेशियर सॉफ्टवेयर की ओर से करप्ट किया गया है। साइबर अपराधियों की ओर से एक फिरौती संदेश सर्वर पर छोड़ा गया है, जिसमें क्रिप्टो करेंसी में भुगतान की मांग की गई है। इसके बदले में वह डिक्रिप्शन कमांड (जिससे डाटा खुल जाएगा) देने को कहे हैं। व्यापारी का कहना है कि इस हमले के कारण कंपनी का आर्थिक से लेकर सभी कामकाज प्रभावित हो गए हैं।

जानिए कैसे काम करता है रैनसमवेयर रैनसमवेयर को साइबर की दुनिया में टॉप लेवल का स्कैम कहा जाता है। इसमें किसी भी कंप्यूटर के सिस्टम में हैकर सीधे इंट्री करते हैं और फाइल के डेटा को इन्क्रिप्ट( किसी फाइल को एक कोड में लॉक कर देना) कर देते हैं। इसे डिक्रिप्ट( अनलॉक) करने के लिए एक की कोड की जरूरत पड़ती है, जो हैकर खुद इसे बनाता है। बिना इस की कोड के इन्क्रिप्ट डाटा डिक्रिप्ट नहीं हो सकता। हैकर ने ऐसे ही व्यापारी के डाटा को भी कोड में बदलकर हैक करते हुए लॉक कर दिया और कोड जेनरेट करने और देने के उसे देने के लिए व्यापारी से फिरौती की मांग कर रहे थे।

# बीएड प्रवेश परीक्षा केंद्रों का जिला अधिकारी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने रविवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के कक्षों का भ्रमण किया तथा कन्ट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे से की जा रही मॉनिटरिंग को भी देखा।
सभी परीक्षा केंद्रों पर निष्पक्ष, पारदर्शी व सुचितापूर्ण ढंग से संचालित पाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने राम अवध जनता इंटर कालेज बरियावान, शास्त्री औद्योगिक इंटर कालेज रुकूमपुर कासिमपुर सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां सीसीटीवी कैमरे से की जा रही निगरानी के व्यवस्थाओं को देखा। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। अवगत कराना है कि परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है। जनपद के निर्धारित 27 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी एड आयोजित हुई। जिसमें कुल 12590 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से दोनों पालियों में कुल 2222 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए (प्रथम पाली में 11478 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 1112 अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में 11480 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 1110 परीक्षार्थी अनुपस्थित) रहे। परीक्षा को सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत 15 सेक्टर और 27 स्टैटिक मजिस्ट्रेटो के साथ ही प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा दो पालियों (प्रथम पाली पूर्वाह्न 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक) आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा को सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत सभी केन्द्रों पर सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे, रिकॉर्ड आदि स्थापित कर ऑनलाइन मॉनिटरिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड में लगाए गए सभी अधिकारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल संपन्न कराया गया।

## शादीशुदा महिला ने प्यार में फंसाया, पास बुलाया, मारा-पीटा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

लखनऊ की शादीशुदा महिला ने अलीगढ़ के युवक को प्यार में फंसाया और अपने पास बुला लिया। वहां पर उसके साथ मारपीट कर दी, मोबाइल-रुपया छीन लिया। उसके ऊपर एफआईआर भी दर्ज करा दी। युवक ने परेशान होकर अपनी जान दे दी। अलीगढ़ के थाना बन्नादेवी अंतर्गत रघुवीर पुरी में रहने वाले मनीष शर्मा ने घर के अंदर कमरे में फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। उसने मरने से पहले एक सुसाइड नोट कमरे में छोड़ा व अपने दोस्त के मोबाइल पर भी भेज दिया। युवक ने सुसाइड नोट में लिखा है कि लखनऊ की किसी शादीशुदा महिला ने अपने प्रेम जाल में उसे फंसा लिया और अपने पास बुला लिया। जहां युवक ने 15 दिन साथ में रहकर उसके काम में हाथ बंटाया। शादीशुदा प्रेमिका के पति ने आकर युवक के साथ मारपीट की और मोबाइल- पैसे छीन लिए। जिसके बाद वह दुखी होकर अलीगढ़ घर वापस आ गया।

# आपसी सुलह-समझौते के आधार पर 05 पारिवारिक विवादों का निस्तारण



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर रविवार को आयोजित परिवार परामर्श केन्द्र की बैठक में 5 पारिवारिक विवादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया।
जानकारी के अनुसार 01 जून को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में पारिवारिक विवाद पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। काउंसलरों के प्रयास से 05 पत्रावलियों का सफल निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया।
परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी एवं अन्य परिजनों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया, कि बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम अपने परिवार के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पक्षों को सलाह दी गयी कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरुआत करें। पारिवारिक विवाद निस्तारण में परामर्शदाता देवता दीन दूबे, वंदना मिश्रा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक विनीता चतुर्वेदी व महिला कांस्टेबल ज्योती का सराहनीय योगदान रहा। बैठक में जिन पत्रावलियों का निस्तारण कराया गया उनमें जाहिदा खातून बनाम नूर अली निवासी थाना पचपेड़वा बलरामपुर, सुमन देवी बनाम अनिल कुमार निवासी थाना कोतवाली देहात बलरामपुर, वाहिदा खातून बनाम कमाल अहमद निवासी थाना पचपेड़वा बलरामपुर, जाहिदा बनाम इमाम निवासी थाना कोतवाली देहात बलरामपुर व शरीफ बनाम रोशनी बेगम निवासी थाना कोतवाली नगर बलरामपुर शामिल हैं।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में शव गृह का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, में आधुनिक शवगृह की शुरुआत रविवार से शुरू हुआ मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार यादव ने बताया शवगृह आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है, जिसमें हाइजैनिक ऑटोप्सी टेबल्स शामिल हैं।
शवों को सुरक्षित रखने और उनके सम्मानजनक व्यवहार के लिए कोल्ड स्टोरेज भी उपलब्ध है।
नए शवगृह की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मेडिकल छात्रों को वास्तविक, व्यावहारिक फॉरेंसिक और पैथोलॉजी प्रशिक्षण देना है। स्नातक और स्नातकोत्तर मेडिकल छात्रों को अब फॉरेंसिक मेडिसिन और ऑटोप्सी की लाइव ट्रेनिंग यहीं कॉलेज में मिलेगी, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों के द्वारा पोस्टमार्टम परीक्षण व अन्य मेडिको-लीगल कार्य किए जाना उनके शिक्षण एंव प्रशिक्षण का हिस्सा है। साथ ही शोध कार्य में भी सुविधा मिलेगी। मेडिकल शिक्षक और विद्यार्थी अब स्थानीय डेटा और केस स्टडीज़ पर रिसर्च कर पाएंगे। मृत्यु दर के पैटर्न, दुर्घटनाओं और असामान्य मामलों का विश्लेषण करके सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति निर्माण में योगदान दिया जा सकेगा।
पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को और बेहतर करने के लिए जनपद के चिकित्साधिकारियों एंव पुलिस अधिकारियों व ज़िला प्रशासन को शव विच्छेधन तथा इस से संबन्धित मेडिको-लीगल कार्य का प्रशिक्षण, फोरेंसिक मेडिसिन विभाग, महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, अंबेडकरनगर द्वारा 3 जून से प्रारम्भ किया जायेगा यह शवगृह केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि एक ऐसा स्थान है जो शिक्षा, सेवा और न्याय - तीनों को जोड़ता है। इस केंद्र को राज्य में फॉरेंसिक और पब्लिक हेल्थ के क्षेत्र में उत्कृष्टता का उदाहरण बनाया जायेगा।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बीएड प्रवेश परीक्षा सम्पन्न 577 परीक्षार्थी उपस्थित, 45 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीएड प्रवेश परीक्षा दो केंद्रों पर संपन्न कराई गई। परीक्षा के लिए नामांकित 622 परीक्षार्थियों में से 577 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 45 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।
जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 जून को एमएलके पीजी कॉलेज में बीएड प्रवेश परीक्षा दो केंद्रों पर संपन्न कराई गई। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश करते समय सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई तथा बायोमेट्रिक करने के उपरांत परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए नामित जिला समन्वयक महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि परीक्षा सुचिता पूर्ण नकल विहीन संपन्न करने के लिए हर संभव प्रयास किए गए। परीक्षा के लिए बनाए गए दोनों केंद्र आर्ट फैकेल्टी तथा कॉमर्स फैकल्टी में उचित प्रबंध किए गए थे।
उन्होंने बताया कि कुल 13 कक्षों में परीक्षा संपन्न कराई गई। आर्ट फैकल्टी के लिए केंद्र अध्यक्ष प्रोफेसर पीके सिंह तथा पर्यवेक्षक डॉ सद्गुरु प्रकाश व प्रोफेसर एके द्विवेदी को बनाया गया था। वहीं कॉमर्स फैकल्टी के लिए केंद्र अधक्ष प्रोफेसर श्रीप्रकाश मिश्रा तथा पर्यवेक्षक प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह व प्रोफेसर रेखा विश्वकर्मा को बनाया गया था। कला संकाय में 384 में से 362 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, 22 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं वाणिज्य संकाय में 238 में 215 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए । दोनों परीक्षा केंद्रों के लिए पंजीकृत 622 परीक्षार्थियों से 577 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 45 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

## शूटर मुनीर-आशुतोष गैंग: कुख्यातों के मुकदमे में एक भी गवाह की नहीं कराई पेशी

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ सीजेएम न्यायालय से गांधीपार्क पुलिस द्वारा दर्ज कराए गए पुलिस से मारपीट के एक मुकदमे में भी गवाहों के न आने के कारण मुकदमा छूटा है। पश्चिमी यूपी के कुख्यात शूटर मुनीर-आशुतोष गैंग के खिलाफ दर्ज मुकदमे में पुलिस एक भी गवाह को पेश नहीं कर पाई। इसी का परिणाम रहा कि मुनीर गैंग के खास शूटर शादाब को सीजेएम न्यायालय से रंगदारी-मारपीट के मुकदमे में बरी कर दिया गया। ये हालात तब हैं, जब अदालत ने कई बार समन और वारंट जारी किए। यह मुकदमा थाना सिविल लाइंस में 10 जनवरी 2014 को निजामुद्दीन खां ने दर्ज कराया था। मुकदमे के अनुसार वह देर शाम सेंटर प्वाइंट से चश्मा लेकर आ रहे थे, रास्ते में नगर निगम के सामने चाय पीने के लिए रुक गए। वहां पहले से मौजूद एएमयू से निष्कासित तीन छात्रों आशुतोष मिश्रा फैजाबाद, शेख शादाब आजमगढ़, कासिफ लॉरी आजमगढ़ के अलावा अतीउल्लाह चंपारण बिहार व मुनीर बिजनौर मिले।

# अलीगढ़ में बड़ा हादसा: बकरों से लदा कैंटर डिवाइडर से टकराया, पिता-पुत्र समेत चार की मौत, छह घायल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



बकरों से लदा एक कैंटर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। उनके साथी ट्रैक्टर-ट्रॉली में थे, उसमें भी अन्य कैंटर ने टक्कर मारी, जिसमें एक की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।
थाना गभाना के अलीगढ़-दिल्ली हाईवे पर 1 जून तड़के 3.30 बजे बकरों से लदा कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। दोनों हादसों में पिता-पुत्र समेत एटा के चार लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हुए हैं।
थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि एटा के कस्बा मारहरा के पशु व्यापारी कुछ लोगों के साथ दो कैंटरों में बकरे-बकरियां, भेड़ लादकर दिल्ली बेचने के लिए जा रहे थे। एक कैंटर पर छह और दूसरे कैंटर पर पांच लोग सवार थे। बकरों से लदा आगे चल रहा एक कैंटर गभाना हाईवे के गांव भुकरावली के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार कैंटर बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गया।
कैंटर के ऊपर बैठे छह लोग झटके से नीचे गिर गए, जिसमें हजारी लाल (65) की मौके पर मौत हो गई, जबकि इनके बेटे अमर सिंह (32) और हरीशचंद्र निवासी मारहरा एटा को मेडिकल कॉलेज में मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में विमल, सतेंद्र और गुड्डू घायल हुए हैं।
दूसरा हादसा दुर्घटनास्थल से तीन किलोमीटर पहले हाईवे पर ही गांव भांकरी के समीप हुआ। पीछे आ रहे कैंटर की गभाना क्षेत्र में ही एक स्थान पर सीएनजी खत्म हो गई थी। वह कैंटर में बैठे थे कि उन्हें जानकारी मिली कि उनका आगे चल रहा कैंटर पलट गया है। इस पर वह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में लिफ्ट लेकर दुर्घटनास्थल पर जा रहे थे कि एक अन्य कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिसमें रूपेंद्र निवासी मारहरा एटा की मौत हो गई। यशवीर, महाराज सिंह और दीपक घायल हो गए। घायलों में दो को जिला अस्पताल और बाकी को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।
थाना गभाना अंतर्गत आज सुबह एक गाड़ी एटा से दिल्ली की ओर जाते समय डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई एवं अन्य घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। उपचार के दौरान दो अन्य लोगों की भी मृत्यु हो गई। इसी के आगे एक और गाड़ी चल रही थी।

## नौवीं की छात्रा की लूटी आबरू..वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

युवक ने छात्रा को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। साथ ही उसकी वीडियो भी बना ली। मामले में परिजनों ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।
फिरोजाबाद में 9वीं कक्षा की छात्रा को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ एटा के रिटायर्ड पुलिसकर्मी के पुत्र ने दुष्कर्म किया। होटल के कमरे में आपत्तिजनक वीडियो बना ली। फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद उसे बहलाकर अपनी बहन के घर एका ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजन को दी। तब उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शनिवार को दक्षिण पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।
थाना दक्षिण क्षेत्र की निवासी किशोरी की ननिहाल एटा में है। जहां वह कुछ दिन रहने के लिए गई थी। वहां उसकी मुलाकात एटा थाना बागवाला के मरजातपुर निवासी सौरभ उर्फ मुलायम से हो गई।

# इंडो-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने बढ़ाई सुरक्षा आने जाने वालों की हो रही सघन चेकिंग

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर वर्तमान स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसएसबी के जवान लगातार पेट्रोलिंग करके सीमा पार से आने व जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति तथा वाहनों की सघन चेकिंग कर रहे हैं।
जानकारी के अनुसार भारत नेपाल की खुली सीमा का लाभ उठाकर राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा की जाने वाली घटनाओं को देखते हुए 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के कार्यक्षेत्र में स्थित जरवा कोयलाबास चेक पोस्ट पर 09 वीं वाहिनी बलरामपुर के कार्मिकों द्वारा सघन जांच पड़ताल की जा रही है । आने जाने वाले नागरिकों की नागरिकता की पुष्टि करते हुए उनके समानों व वाहन की भी जांच की जा रही है, ताकि देश के अंदर कोई राष्ट्र विरोधी तत्व प्रवेश न कर सके। इस कार्य हेतु विशेष रूप से एसएसबी द्वारा अपने प्रशिक्षित स्वान का भी उपयोग किया जा रहा है। सुरक्षा का जायजा लेते हुए सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट, 09 वीं वाहिनी कुमुद रंजन ने कोयलाबास स्थित सशस्त्र सीमा बल कैंप व चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सख्त सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश मौजूद अधिकारी व जवानों को दिए। इसके अलावा, कोयलाबास स्थित कैंप में, कार्यवाहक कमांडेंट की अध्यक्षता में दोनों देश की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक कर सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न पहलुओं पर गहनता पूर्वक चर्चा की गई।

# एएसपी ने किया थाना हरैया का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने रविवार को थाना हरैंय्या का औचक निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
जानकारी के अनुसार 1 जून को 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विशाल पाण्डेय ने थाना हरैंय्या का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना मालखाना, थाना कार्यालय, सीसीटी एनएस कार्यालय, अपराध रजिस्टर व त्योहार रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क व समस्त दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया गया व समस्त दस्तावेजों के निरंतर अद्यतन करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। उन्होंने थाना परिसर, आरक्षी बैरक तथा थाना आवास, मेस भोजनालय की साफ सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना हरैंय्या व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## एलएलबी परीक्षा की तिथि बदली

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि विधि की परीक्षाएं सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक होंगी। पेपर का शीर्षक लॉ ऑफ क्राइम्स (इंडियन पैनल कोड 1860) या भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का होगा। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज के संबद्ध महाविद्यालयों में एलएलबी द्वितीय वर्ष के प्रथम सेमेस्टर और बीएएलएलबी चतुर्थ वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर के पेपर की परीक्षा अब 13 जून को होगी। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने यह जानकारी दी। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि विधि की परीक्षाएं सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक होंगी। पेपर का शीर्षक लॉ ऑफ क्राइम्स (इंडियन पैनल कोड 1860) या भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का होगा।

# जिले के प्रथम ब्लड सेंटर का विधायक ने किया फीता काटकर शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के महादेव मिश्र कालोनी में के के चैरिटेबल ब्लड सेंटर का शुभारंभ रविवार को सदर विधायक पलटू राम ने फीता काट कर किया । इस दौरान लोगों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान किया। इसी के साथ ब्लड की सुविधा लोगों के लिए शुरू हो गई है।
मुख्य अतिथि सदर विधायक पलटू राम तथा भाजपा नेता बृजेंद्र तिवारी का संस्था के डायरेक्टर अभिषेक सिंह एवं सौरभ श्रीवास्तव ने माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि बलरामपुर नगर में पहली बार इस तरह के ब्लड बैंक के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी और खून के लिए अन्य जनपदों में भाग दौड़ लगाने से छुटकारा मिलेगा। ब्लड बैंक की सुविधा लोगों के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करना चाहिए। जिससे जरूरत पड़ने पर मजबूर और असहाय लोगों को मदद मिल सके। संस्था के डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि बल्ड सेंटर में पी आर बी सी, प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, होल ब्लड की सुविधा लोगों को मिलेगी। इस दौरान जगदीश सिंह, आकाश पाण्डेय, सुपरवाइजर सुशील कुमार सिंह, राहुल सिंह, अंकित सिंह, रमेश सिंह, अखिलेश सिंह, राकेश कुमार श्रीवास्तव व राम रूप यादव सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।